सूर्योदय 7:07 सूर्यास्त 5:19

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9 न्यू | 16 अधि |
| धर्मशाला | 11 न्यू | 21 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,712.37 |
| निफ्टी | 26,186.45 |
| सोना 1,28,592 | चांदी 1,78,210 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 7 दिसंबर 2025 | 22 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 340, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पटवारी भर्ती के लिए 16 जनवरी तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर खुला है। लंबे समय से जारी मांग के बाद आखिरकार राज्य सरकार ने पटवारी भर्ती की अधिसूचना जारी कर दी है। इस बार कुल 530 पटवारी पद भरे जाएंगे, जिन पर राज्यभर के योग्य व इच्छुक युवा आवेदन कर सकेंगे। सरकार की ओर से ये युवाओं के लिए बड़ा रोजगार का अवसर है, क्योंकि ग्रामीण और राजस्व ढांचे को मजबूत करने के लिए यह भर्ती लंबे समय से लंबित थी। आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 12 दिसंबर 2025 से शुरू होगी और 16 जनवरी, 2026 तक चलेगी। अभ्यर्थी एचपीआरसीए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

### निलंबित टीएमसी विधायक ने रखी बाबरी मस्जिद की नींव

**एजेंसी, कोलकाता।** मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बनने वाली मस्जिद की आधारशिला रखी। कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की। इस दौरान नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में 2 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी। कार्यक्रम को लेकर बेलडांगा समेत आसपास का इलाका सुबह से हाई अलर्ट पर था। बेलडांगा और उसके आसपास सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की 19 टीमें, रैपिड एक्शन फोर्स, बीएसएफ, स्थानीय पुलिस की कई टीमों समेत 3 हजार से ज्यादा जवान तैनात थे। (अनंत ज्ञान)

### साउथ अफ्रीका: हॉस्टल में गोलीबारी, 11 की मौत

**एजेंसी, जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में प्रिटोरिया के पास एक हॉस्टल में की गई गोलीबारी में 11 लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, कुल 25 लोगों को गोली मारी गई। यह हमला शनिवार तड़के उस वक्त हुआ, जब कुछ लोग हॉस्टल के अंदर मौजूद शराबखाने में शराब पी रहे थे। मरने वालों में 3 साल का बच्चा, एक 12 साल का लड़का और 16 साल की लड़की शामिल हैं। 3 साल का बच्चा उसी अवैध शराबखाने के मालिक का बेटा बताया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता एथलेन्दा मथे ने बताया कि हमले का मकसद फिलहाल साफ नहीं है और अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। (अनंत ज्ञान)

**आवश्यकता है**

हिमाचल प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' को अनुभवी इलेक्ट्रिशियनों की आवश्यकता है।
अनुभव : 3-5 वर्ष
वेतन : योग्यतानुसार
संपर्क नंबर: 8894521207
8679950009, 9817501399
इच्छुक उम्मीदवार शीघ्र संपर्क करें।

**अंदर के पन्नों पर पढ़ें**

- भरेड़ी सड़क निर्माण पर विवाद, ग्रामीणों ने ब्लॉक योजना का किया विरोध -पेज 2
- हिमाचल की देव परंपरा में रचे बसे हैं अनोखे रंग: शिक्षा मंत्री -पेज 3
- पर्यटन विकास निगम यूनिट्स के किचन का होगा फायर ऑडिट -पेज 5
- शहर में बढ़ा 'नो पार्किंग-नो वेंडिंग जोन' का दायरा -पेज 10
- कड़ाके की ठंड ने बढ़ाई दिल के रोगियों की मुश्किलें -पेज 12

# इंडिगो संकट पर एक्शन में सरकार

## रद्द हुई उड़ानों का यात्रियों को करना होगा भुगतान, हवाई किराया भी फिक्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडिगो एयरलाइन संकट मामले में केंद्र सरकार ने चार दिन बाद शनिवार को सख्ती दिखाई। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने इंडिगो को निर्देश दिया है कि वह रविवार रात 8 बजे तक कैंसिल टिकट का पैसा पैसेंजर को वापस करें। पैसेंजर के लगेज भी 48 घंटे में लौटाए। इसके अलावा, सरकार ने दूसरी एयरलाइन से कहा कि वह तय हवाई किराये से ज्यादा न लें। वहीं, इंडिगो का दावा है कि 95 प्रतिशत फ्लाइट्स शुरू हो चुकी हैं।

**इंडिगो का दावा-95 प्रतिशत फ्लाइट्स हो चुकी हैं शुरू**

बता दें कि इंडिगो की फ्लाइट्स में बड़े पैमाने पर कैंसिलेशन और देरी के बाद फ्लाइट्स का किराये में उछाल देखने को मिला था। यात्रियों को ऑप्शनल फ्लाइट्स की तलाश में सामान्य से दस गुनी कीमत पर टिकट खरीदने पड़ रहे थे। बुकिंग साइट MakeMyTrip के अनुसार, 6 दिसंबर को दिल्ली से बेंगलुरु की सबसे सस्ती फ्लाइट की कीमत 40,000 रुपए से ज्यादा है, जबकि कुछ फ्लाइट्स का किराया 80,000 रुपए तक हैं। दिल्ली से मुंबई की फ्लाइट का न्यूनतम किराया 36,107 रुपए और अधिकतम 56,000 रुपए है। वहीं, दिल्ली-चेन्नई की देर रात की फ्लाइट्स का किराया 62,000 से 82,000 रुपए तक पहुंच गया। (अनंत ज्ञान)

### अब 18 हजार से ज्यादा किराया नहीं ले सकेंगी एयरलाइंस




**इंडिगो** संकट के बीच सरकार ने शनिवार को एयरलाइन्स के मनमाने किराए पर रोक लगा दी है। सरकार ने कहा कि सभी एयरलाइन्स फेयर कैप यानी अधिकतम किराया सीमा से ज्यादा कीमत पर टिकट नहीं बेच सकती। सरकार ने बताया कि यह व्यवस्था तब तक लागू रहेगी, जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते। इस कदम का मकसद एयरफेयर में अनियमितता रोकना, बाजार में प्राइसिंग डिसिप्लिन बनाए रखना और संकट में फंसे यात्रियों का शोषण रोकना है। अब कोई भी एयरलाइन 500 किमी की दूरी तक 7500 रुपए, 500-1000 किमी तक 12 हजार रुपए से ज्यादा किराया नहीं ले पाएगी। अधिकतम किराया 18 हजार रुपए तय किया गया है।

**500 किमी तक का किराया 7,500 रुपए**

### इंडिगो को 10 फरवरी तक अस्थायी राहत

**नागरिक** उड्डयन महानिदेशालय ने एयलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है। वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने 1 नवंबर से पायलटों और बाकी क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए थे। इसे फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नाम दिया गया है। इन्हें दो चरणों में लागू किया गया। पहला चरण 1 जुलाई को लागू हुआ। वहीं, 1 नवंबर से दूसरा चरण लागू हुआ। नए नियमों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए पायलटों और क्रू को पर्याप्त आराम देने पर जोर दिया गया है। इस कारण इंडिगो के पास पायलट-क्रू मेंबर्स की कमी हो गई है।

# ग्लोबल इकोनॉमी का भारत बन रहा ग्रोथ ड्राइवर : पीएम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि आज दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है। फिर भी इस दौर में हमारा भारत एक अलग लीग में दिख रहा है। भारत आत्मविश्वास से भरा है। जब दुनिया में स्लोडाउन की बात होती है भारत ग्रोथ की कहानी लिखता है। पीएम मोदी दिल्ली में एक न्यूज चैंनल के लीडरशीप समिट में शामिल हुए हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब दुनिया में ट्रस्ट की क्राइसिस होती है तब भारत पिलर बनता है। पीएम ने कहा कि कुछ दिन पहले भारत के जीडीपी आंकड़े आए जिसमें 8% से ज्यादा ग्रोथ हो रही है। ये सिर्फ नंबर नहीं है ये स्ट्रांग मैक्रो इकोनॉमिकल सिग्नल है। यह संदेश है भारत ग्लोबल इकोनॉमी का ग्रोथ ड्राइवर बन रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी 7 की इकोनॉमी औसतन 1.5% के पास है इन परिस्थितयों में भारत लो इंफ्लेशन मॉडल बना है। एक समय देश में ज्यादा महंगाई को लेकर चिंता जताते थे आज वे कम होने की बात करते हैं। (अनंत ज्ञान)



### कल के ट्रांसफॉर्मेशन का रास्ता बना रही आज की परफॉर्मेंस

**पीएम** ने कहा कि हमें यह समझना होगा कि ट्रांसफॉर्मेशन का विश्वास पैदा हुआ है, उसका आधार वर्तमान में हो रहे कामों की एक मजबूत नींव है। आज की परफॉर्मेंस हमारे कल के ट्रांसफॉर्मेशन का रास्ता बना रही है। भारत के एक सामर्थ्य का बड़ा हिस्सा लंबे समय तक अनटैप रहा है। जब देशकी इस अनटैप पोटेंशियल को ज्यादा अवसर मिलेंगे जब वे देश के विकास में भागीदार बनेंगे तो देश का कायाकल्प होना तय है।

# प्रदेश में अग्निशमन सेवाओं में भी शामिल होंगी महिलाएं : सीएम सुक्खू

## कहा- महिला सशक्तिकरण और सेवा विस्तार पर प्रदेश सरकार का फोकस

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा के 63वें स्थापना दिवस पर शिमला के सरघीण में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विभाग के सभी कर्मियों को बधाई दी और उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता है और इसी दिशा में अग्निशमन सेवाओं में महिलाओं को शामिल करने के लिए भर्ती नियम बदले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अग्निशमन विभाग को सशक्त बनाने के लिए देहा, उबादेश, नेरवा और इंदौरा में चार नई अग्निशमन इकाइयां स्थापित की गई हैं। इस वर्ष 27 अग्निशमन वाहन खरीदे गए हैं और इन इकाइयों के लिए 150 पद स्वीकृत किए गए हैं। अग्निशमन आधुनिकीकरण योजना के तहत 55 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जबकि एसडीआरएफ की क्षमता बढ़ाने के लिए छह करोड़ रुपए के अत्याधुनिक उपकरण खरीदे गए हैं जिनमें हवाई सर्वेक्षण और निगरानी के लिए ड्रोन भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में होम गार्ड की भर्ती शीघ्र की जाएगी। सरकार ने होम गार्ड महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश प्रदान किया है, जिससे न केवल उनके स्वास्थ्य और मातृत्व काल में सहयोग सुनिश्चित हुआ है बल्कि नौकरी की सुरक्षा भी मजबूत हुई है।




मुख्यमंत्री गृह रक्षा स्थापना दिवस पर अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।

### 'मिरेकल ऑफ माइंड' लॉन्च

**मुख्यमंत्री** ने नशा निवारण पर आधारित 'मिरेकल ऑफ माइंड ऐप' को भी लॉन्च किया, जिसे ईशा फाउंडेशन के सहयोग से विकसित किया गया है। गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा द्वारा 'सुरक्षित हिमाचल' थीम पर प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें अग्निशमन, खोज एवं बचाव की मॉकड्रिल विशेष आकर्षण रहीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विभिन्न टीमों और कर्मचारियों को पुरस्कृत किया।

## ईडी ने रिलायंस पावर के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ईडी ने अनिल अंबानी की रिलायंस पावर लिमिटेड और उसके 10 अन्य लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज करते हुए एक चार्जशीट दाखिल की है। 2024 का यह मामला एक फर्जी बैंक गारंटी से जुड़ा है, जिसकी कीमत 68.2 करोड़ रुपए थी। यह गारंटी सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड से एक टेंडर हासिल करने के लिए जमा की गई थी। ईडी का कहना है कि रिलायंस ग्रुप के अधिकारियों ने साजिश और (बुरे इरादे) से सेकी का टेंडर हासिल करने के लिए फर्जी गारंटी जमा की। विदेशी बैंकों से फर्जी गारंटी बनाई गईं और एसबीआई के फर्जी एंडोर्समेंट किए गए। फंड्स को गलत तरीके से रूट किया गया, फर्जी डॉक्यूमेंट्स इस्तेमाल किए गए। रिलायंस पावर ने माला फाइड इंटेंट से बिस्वाल ट्रेडलिंक की सर्विसेज हायर कीं ताकि फर्स्ट रैंड बैंक (फिलपींस) और एसीई इन्वेस्टमेंट बैंक (मलेशिया) से फर्जी गारंटी बने। यह सब मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत अपराध है। (अनंत ज्ञान)

# जन संकल्प रैली से होगा मिशन रिपीट का आगाज : विनय कुमार

## कहा- रैली में 25 हजार लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर मंडी में होने वाली रैली को पार्टी एक बड़े राजनीतिक उत्सव के रूप में मना रही है। इस कार्यक्रम में मिशन रिपीट की औपचारिक शुरुआत की जाएगी। इसमें 25 हजार के करीब लोग हिस्सा लेंगे। यह रैली आपदा प्रभावित क्षेत्रों, विशेषकर मंडी में, सरकार के राहत कार्यों और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी और आने वाले समय में कांग्रेस संगठन की नई ऊर्जा का सार्वजनिक प्रदर्शन भी करेगी।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस विचारधारा से जुड़े कई ऊर्जावान कार्यकर्ताओं की पहचान कर ली गई है, जिन्हें आगामी महीनों में संगठन में महत्वपूर्ण भूमिकाएं दी जाएंगी। उनका कहना था कि यह पुनर्गठन पार्टी की ताक़त को नए सिरे से स्थापित करेगा और पंचायत से प्रदेश स्तर तक नेटवर्क को सक्रिय बनाएगा।

विनय कुमार ने दोहराया कि वर्तमान परिस्थितियों में कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व अब नए चेहरों, महिलाओं, युवाओं और पंचायत स्तर से उभर कर आए प्रतिनिधियों को अधिक अवसर देना चाहता है, ताकि संगठन में ऊर्जा और नयी सोच दोनों का सम्मिलित प्रभाव दिखाई दे सके। उनका कहना था कि यह ढांचा कांग्रेस को आने वाले चुनावी वातावरण के लिए अधिक मजबूत और तैयार बनाएगा।

### तीन महीने में होगा संगठन का विस्तार

**विनय** ने कहा कि संगठन का व्यापक विस्तार अगले तीन माह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा और इसी दिशा में ब्लॉक व जिला स्तर पर नई कमेटियों के गठन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पर्यवेक्षक आठ दिसंबर तक अपनी रिपोर्ट हाईकमान को सौंप देंगे, जिसके बाद योग्य और सक्रिय कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। विनय कुमार ने स्पष्ट किया कि इस समय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है और पार्टी का फोकस केवल संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना है। सबसे पहले ब्लॉक स्तर पर नई कार्यकारिणियां गठित की जाएंगी और उसके तुरंत बाद जिला अध्यक्षों की नियुक्तियां होंगी।

# मंडी के कटौला में गहरी खाई में गिरी कार, दो जवानों की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिले में कटौला के समीप एक भीषण सड़क दुर्घटना में सेना के जवान नितेश और महेंद्र कुमार की मौत हो गई, जब उनकी किया सोनेट (एचपी 33 जी 0204) कार अचानक अनियंत्रित होकर लगभग 600 फुट गहरी खाई में जा गिरी; दोनों दोस्त अमर की शादी में भाग लेने के लिए मंडी से दो वाहनों में निकले थे, और हादसा ब्रेगन गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर पहले शुक्रवार रात करीब 8:15 बजे दरलोग के पास हुआ, जब आगे चल रही गाड़ी में बैठे साथियों को पीछे से आ रही कार दिखाई देना बंद हो गई। कई बार फोन करने पर भी कॉल रिसीव न होने पर एक महिला द्वारा फोन उठाकर गाड़ी के खाई में गिरने की जानकारी देने पर उनके दोस्त वापस मौके पर पहुंचे, जहां खाई में उतरकर उन्होंने दोनों जवानों को मृत अवस्था में पाया। मृतक 32 वर्षीय नितेश पुत्र स्वर्गीय सुरेश कुमार टारना हिल, मंडी के निवासी थे और जेएंडके राइफल में तैनात थे। वहीं, 32 वर्षीय महेंद्र कुमार पुत्र मोती राम गांव दूसरा खाबू, बल्ह, मंडी के निवासी थे, जिनके परिवार में पत्नी, माता-पिता, 3 साल की बेटी और 6 माह का बेटा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शवों का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

**दोस्त की शादी में शामिल होने जा रहे थे दोनों**

# विवाह समारोह में नाचते-गाते मकान की छत गिरी, 24 से ज्यादा लोग हुए घायल

## सभी घायल तीसा अस्पताल में उपचाराधीन, किसी को काई खतरा नहीं

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** चुराह के शहवा गांव में शादी समारोह में मिट्टी का कच्चे मकान की छत गिर जाने से दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। घायलों में बीस से अधिक महिलाएं बताई गई है। पुलिस के मुताबिक तीन-चार को छोड़कर बाकी मामूली चोटे आई हैं। घायलों को सिविल अस्पताल तीसा ले जाया गया है, जहां पर उनका उपचार चल रहा है। जहां उनकी हालत ठीक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, चुराह के शहवा गांव में शादी समारोह चला हुआ था। इस दौरान लोग घर की छत पर डांस कर रहे थे। इस दौरान छत कच्ची होने के कारण भरभरा कर गिर गई। जिसकी चपेट में 25 से 28 से अधिक लोग आ गए। इस दौरान कुछ लोग डांस का वीडियो बना रहे थे। छत गिरने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। गौरतलब है चुराह के कई क्षेत्रों में अभी तक भी कच्ची मिट्टी के घर बने हुए हैं। गांव में शादी समारोह होने के चलते छत पर भारी संख्या में लोग इकट्ठे हुए थे। इस दौरान कुछ लोग डांस भी कर रहे थे। एकाएक छत टूट जाने के कारण एक दर्जन से अधिक लोग इसकी चपेट में आकर घायल हो गए। घायलों को तुरंत सिविल हॉस्पिटल तीसा ले जाया गया, जहां पर उनका उपचार चल रहा है।



# एनआईए की पूछताछ में डॉ. शाहीन और मुजम्मिल ने खोले कई राज

**एजेंसी, फरीदाबाद**

दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी मॉड्यूल में शामिल लेडी आतंकी डॉ. शाहीन सईद और डॉ. मुजम्मिल शकील ने जांच एजेंसियों की पूछताछ में पूरे नेटवर्क का सरगना डॉ. उमर नबी को बताया है। आतंकी डॉ. नबी ने 10 नवंबर को दिल्ली के लाल किला के बाहर विस्फोट से भरी कार के साथ खुद को उड़ा लिया था। फरीदाबाद के फतेहपुरा तगा और धौज में मिले विस्फोटकों और दिल्ली ब्लास्ट से लिंक के मामले में डॉ. शाहीन और डॉ. मुजम्मिल की गिरफ्तारी हुई। करीब 25 दिन से दोनों से नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) पूछताछ कर रही है। जांच एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि दोनों ही अब पूरे नेटवर्क का सरगना सुसाइड बॉम्बर बने डॉ. उमर नबी को बता रहे हैं। दोनों का कहना है कि अल-फलाह यूनिवर्सिटी में विस्फोटक जुटाने, उसकी टेस्टिंग और फिर दिल्ली ब्लास्ट तक का पूरा काम उमर ने किया था। दोनों ने एजेंसी को यह भी बताया कि अस्पताल के कर्मचारी और इलाज के लिए आने वाले लोगों को अपने नेटवर्क में शामिल करने का प्लान उमर का था, जिसका मकसद था कि लोकल सपोर्ट पाकर वो आसानी से चीजों को हासिल कर सकते थे और किसी को शक भी नहीं होता। (अनंत ज्ञान)

**सुसाइड बॉम्बर डॉ. उमर को बताया नेटवर्क हेड**

# इस माह राहत की फुहार के नहीं आसार

## प्रदेश में बारिश के गिरते आंकड़े बढ़ा रहे किसानों-बागवानों की चिंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में दिसंबर की शुरुआत तो हो चुकी है, लेकिन आसमान अब भी सूना है। प्रदेश के 12 जिलों में 1 से 6 दिसंबर तक एक बूंद बारिश तक दर्ज नहीं हुई है। मौसम विभाग की नई रिपोर्ट ने साफ कर दिया है कि इस बार दिसंबर में सामान्य से कम बारिश होने की ही संभावना है। तापमान भी सामान्य से अधिक रह सकता है, जिससे सर्दियों की तीक्ष्णता में कमी महसूस हो रही है।

पश्चिमी विक्षोभ ही इस मौसम में बारिश की उम्मीद जगाता है, लेकिन 7 दिसंबर को सक्रिय होने वाला विक्षोभ भी उतना प्रभावी नहीं रहेगा। इससे लाहौल-स्पीति, चंबा, कांगड़ा और कुल्लू की ऊंची चोटियों पर ही हल्की बर्फबारी के आसार हैं।

शिमला के होटल कारोबारियों का मानना है कि सर्दियों का पर्यटन बर्फबारी पर ही टिका होता है। दिसंबर के पहले सप्ताह में अगर बर्फबारी हो जाए तो पूरा महीना पर्यटकों से गुलजार रहता है। पिछले साल शिमला, मनाली, कुफरी और नारकंडा में भारी भीड़ उमड़ी थी, लेकिन इस बार बर्फ न गिरने से शिमला सहित कई पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की संख्या बेहद कम है। होटल वुडलैंड के मालिक अतुल गौतम ने बताया कि क्रिसमस और न्यू ईयर की भीड़ जरूर आती है, लेकिन शुरुआती बर्फबारी पूरे सीजन को संभाल लेती है। जनवरी के पहले सप्ताह की बर्फ भी फरवरी तक पर्यटन को गति देती है, लेकिन इस बार मौसम की बेरुखी से कारोबार प्रभावित हो सकता है।

### हिमाचल में कई हफ्तों से बारिश लगभग नदारद

**कई** हफ्तों से हिमाचल में बारिश लगभग नदारद है। नवंबर महीने में जहां सामान्य बारिश 19.7 मिलीमीटर होनी चाहिए थी, वहां मात्र 1 मिलीमीटर दर्ज हुइ। दिसंबर का शुरुआती सप्ताह भी पूरी तरह सूखा रहा। पिछले साल दिसंबर में 48.2 मिलीमीटर बारिश हुई थी, जो सामान्य से 27 फीसदी अधिक थी। उससे किसानों, बागवानों और पर्यटन कारोबार को बड़ा सहारा मिला था, मगर इस बार मौसमी सूखे की स्थिति कृषि और बागवानी पर असर डाल सकती है।

**बदलाव** गर्ल्स स्कूल में चलेंगे दोनों सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कॉलेज में केवल 'डेडीकेटेड साइंस कॉलेज' की पढ़ाई

# हमीरपुर शहर में कॉलेज और स्कूलों पर बड़ा फेरबदल

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** सीएम के गृह जिला में हमीरपुर शहर के डिग्री कॉलेज और दोनों सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के ढांचे में बड़ा फेरबदल कर दिया गया है। अब ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल मुकम्मल तौर पर गर्ल्स स्कूल में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

स्कूल में अब को-एजुकेशन का ढांचा तैयार कर दिया गया है। इसके अलावा डिग्री कॉलेज हमीरपुर को डेडीकेटेड साइंस कॉलेज के ढांचे में तब्दील किया जाएगा, जिसमें एक यूनिट बीएड और बीएसई प्रोग्राम का भी शुरू होगा। यानी डिग्री कॉलेज के ढांचे में भी फेरबदल करते हुए आर्ट्स और कॉमर्स की पढ़ाई शहर के मध्य में स्थित खाली होने वाले ब्वॉयज स्कूल की बिल्डिंग में शिफ्ट की जाएगी। यह नया सिस्टम अगले साल चालू होने वाले नए शिक्षा सत्र से लागू कर दिया जाएगा। मतलब साफ है कि शहर के दोनों अलग-अलग ब्वॉयज और गर्ल्स स्कूलों को को-एजुकेशन में तब्दील कर दिया गया है।

**आर्ट्स और कॉमर्स की पढ़ाई स्कूल भवन में होगी शिफ्ट**




डायरेक्टर स्कूल शिक्षा निदेशालय ने शनिवार को इन दोनों स्कूलों का दोपहर बाद दौरा किया और टीचर्स के साथ बैठक हुई, जिसमें कई तरह के सुझाव भी मांगे गए। डायरेक्टर आशीष कोहली ने प्रिंसिपलों के साथ भी बैठक की।

उन्होंने बताया कि जो टीचर्स अब सीबीएसई के सिलेबस के साथ जुड़ेंगे, उनका स्क्रीनिंग टेस्ट भी होगा इसी को लेकर टीचर्स में अब ऊहापोह की स्थिति है।

### अब ऊहापोह की स्थिति

**शहर** के दोनों स्कूलों को मर्ज करने के बाद अब ऊहापोह की स्थिति तैयार हो गई है। हालांकि, इसकी कवायद बहुत पहले से चल रही थी और इस पर कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी थी। निश्चित रूप से इन स्कूलों में अब टीचर्स का हिसाब-किताब भी बदलेगा।

### किसी खास मकसद से किया जा रहा बदलाव

**शिक्षण** संस्थानों के ढांचे में यह बदलाव किसी खास मकसद से किया जा रहा है। शहर के इन स्कूलों में बच्चों की तादाद का आकलन किया जाए तो लगभग 850 स्टूडेंट दोनों स्कूलों में हैं जिनमें गर्ल्स और ब्वॉयज में लगभग बराबर तादाद है, लेकिन ब्वॉयज स्कूल में जो ढांचा स्टूडेंट के लिए मौजूद है वैसी व्यवस्था गर्ल्स स्कूल में कितनी संभव और सुगम तरीके से हो पाएगी? इस पर अभी संशय है, क्योंकि साइंस स्ट्रीम की पढ़ाई को लेकर प्रयोगशालाओं की जो व्यवस्था छात्र स्कूल में है, उसकी कमी गर्ल्स स्कूल के भवन में अभी दिख रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस ने मिनी सचिवालय हमीरपुर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सुमन भारती, कांग्रेस अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष होशियार सिंह, प्रदेश महासचिव एडवोकेट कर्म चंद भाटिया, पूर्व प्रधान किशोरी लाल, सेवादल प्रभारी ज्योति खन्ना सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सुमन भारती ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब ने सभी वर्गों को समानता का अधिकार देकर भारत में लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलने तथा लोकतंत्र की रक्षा और उसे सशक्त बनाने की शपथ ली। इस दौरान बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए सामाजिक न्याय व समता के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया।

### ग्रामीणों को बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** उपमंडल की पंचायत कंडरोला प्लासी में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा मानपुल द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वंय सहायता समूहों की महिलाओं सहित दर्जनों ग्रामीणों ने भाग लिया। बैंक के सहायक प्रबंधक पुनीत उप्पल और एम. स्वस्थ से आशीष ठाकुर ने लोगों को खातों की केवाईसी, बैंक योजनाओं और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न वित्तीय स्कीमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और स्वंय सहायता समूह योजनाओं पर विशेष जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिलाओं को डिजिटल बैंकिंग, एटीएम उपयोग और इसके लाभों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में सुनीता, रचना, अंजना, रक्षा, लीला, सीमा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे और शिविर को अत्यंत उपयोगी बताया।

### सुजानपुर कॉलेज की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर में राशि एवं रुचिका का भव्य स्वागत किया गया। राजकीय महाविद्यालय थुरल में 5 दिसंबर को आयोजित अंतर महाविद्यालय लोकगीत प्रतियोगिता तथा रंगोली प्रतियोगिता में महाविद्यालय की इन छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किया है। बी.ए तृतीय वर्ष की छात्रा राशि शर्मा ने हिमाचली लोकगीत प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार एवं रंगोली प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रुचिका ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया है। महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉ विभा ठाकुर जी ने छात्राओं की इस विशिष्ट उपलब्धि के लिए संगीत विभाग की आचार्या डॉ उमा को शुभकामनाएं देते हुए विजेता छात्राओं को आशीर्वाद दिया।

### वार्षिक समारोह की तिथियां करें अधिसूचित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले विद्यालयों में वार्षिक समारोह आयोजित करने की अंतिम तिथि शीघ्र अधिसूचित किए जाने की मांग उठी है। गत वर्ष सभी स्कूलों को 20 दिसंबर 2024 से पहले समारोह आयोजित करने के निर्देश थे, जबकि 9 दिसंबर 2024 के निर्देश में यह अवधि 1 से 30 नवंबर तय की गई थी। इस वर्ष विधानसभा सत्र 26 नवंबर से 5 दिसंबर तक होने के कारण अधिकांश स्कूल समारोह आयोजित नहीं कर पाए। राजकीय टीजीटी कला संघ ने स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली से मांग की है कि हिमाचल प्रदेश सेकेंडरी एजुकेशन कोड की धारा 2.1(|द्व) में स्थायी संशोधन कर शीतकालीन अवकाश वाले स्कूलों में नवंबर और ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले स्कूलों में दिसंबर तक की अंतिम तिथि निर्धारित की जाए। संघ का कहना है कि पढ़ाई के चरम समय में समारोह आयोजित करने से अकादमिक हानि होती है। इसलिए तिथियां स्थायी रूप से तय की जाएं, ताकि स्कूल प्रशासन को भी असुविधा न हो।

### बुआई, कटाई और थ्रैशिंग की दरें तय की

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिले में फसलों की बुआई, कटाई और थ्रैशिंग के मनमाने रेट वसूलने की शिकायतों के बाद कृषि विभाग ने नई दरें निर्धारित की हैं। उपनिदेशक कृषि डॉ. शशिपाल अत्री ने बताया कि ट्रैक्टर से जुताई व बुआई 1200 रुपए प्रति घंटा, रोटावेटर से जुताई 1320 रुपए, कटाई व थ्रैशिंग 1320 रुपए, पॉवर टिल्लर से बुआई 500 रुपए, रिपर से कटाई 1300 रुपए और ब्रश कटर से कटाई 400 रुपए प्रति घंटा तय की गई है। उपायुक्त हमीरपुर ने भी इन दरों को मंजूरी दी। निर्धारित दरों से अधिक वसूली करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बूणी व नौंहगी में बाधित रहेगी पानी की सप्लाई

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** उपमंडल के नौंहगी क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा रंगस से कांगू सड़क के चैड़ाकरण कार्य के चलते ग्राम पंचायत बूणी व नौंहगी की पानी की सप्लाई 3 दिन बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए जल शक्ति विभाग के सहायक अभियन्ता ने जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि रंगस से कांगू सड़क के चैड़करण कार्य के चलते पंचायत बूणी व नौंहगी की पानी की सप्लाई 7 से 9 दिसंबर तक बधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग दिए जाने का आग्रह किया है।

### उठाऊ सिंचाई उप परियोजना का विधिवत हस्तांतरण

**अनंत ज्ञान, नादौन।** कृषि विभाग की हिमाचल प्रदेश फसल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना चरण-2, जायका-ओडीए के तहत निर्मित उठाऊ सिंचाई योजना कृषक विकास एसोसिएशन खतरोड़ को विधिवत हस्तांतरित कर दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ सलाहकार बलजीत सिंह संधू ने योजना का औपचारिक हस्तांतरण किया। जिला एवं खंड परियोजना प्रबंधकों ने किसानों को योजना की संरचना, लाभ, संचालन और भविष्य में रखरखाव की जिम्मेदारियों की जानकारी दी। 41.34 लाख रुपये की लागत से तैयार यह योजना 11.21 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचित करेगी और 24 किसान परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ प्रदान करेगी, जिससे फसल विविधीकरण और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

### 31 तक बनवाएं हिम केयर कार्ड: सीएमओ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी ने बताया कि हिम केयर योजना के नए कार्ड अब साल में सिर्फ चार महीनों–मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर में–बनवाए जा सकते हैं। इसलिए इच्छुक एवं पात्र लोग 31 दिसंबर तक अपने परिवार के सदस्यों के कार्ड बनवा लें। कार्डों का नवीनीकरण भी इसी तिथि तक किया जा सकता है। कार्ड एक वर्ष के लिए वैध होंगे। हिम केयर कार्ड बनवाने के लिए ऑनलाइन सुविधा लोकमित्र केंद्रों, साइबर कैफे और वेबसाइट HPSBYS.in पर उपलब्ध है। आवेदक आधार कार्ड, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर और श्रेणी प्रमाण पत्र अपलोड कर 50 रुपये शुल्क देकर आवेदन कर सकते हैं। योजना में विभिन्न श्रेणियों के लिए अलग-अलग प्रीमियम तय हैं। हिम केयर योजना के तहत पंजीकृत सरकारी और निजी अस्पतालों में पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलता है। इसमें गंभीर और आम बीमारियों के इलाज के साथ-साथ डायलिसिस की सुविधा भी शामिल है। PGI चंडीगढ़ और AIIMS बिलासपुर में भी यह सुविधा उपलब्ध है।

### डिजिटल बैंकिंग के लाभों के बारे में बताया

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** कंडरोला प्लासी पंचायत में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा मानपुल और नाबार्ड के सहयोग से वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और अन्य ग्रामवासी शामिल हुए। बैंक के सहायक प्रबंधक पुनीत उप्पल ने खातों की केवाईसी, बैंक योजनाओं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और डिजिटल बैंकिंग के लाभों के बारे में जानकारी दी। महिलाओं को एटीएम और डिजिटल लेनदेन के फायदों के साथ सरकारी सुविधाओं से भी अवगत कराया गया। शिविर में आशीष ठाकुर, सुनीता, रचना, अंजना, रक्षा, लीला और सीमा सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

### अनुराग व लखनपाल का जताया आभार

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** मैहरे-बड़सर बाजार में 15 नई उच्च गुणवत्ता वाली स्ट्रीट लाइटों की स्थापना से क्षेत्र में सुरक्षा और सुविधाओं का स्तर बढ़ गया है। भाजपा मंडल बड़सर ने इसके लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर और विधायक इंद्रदत्त लखनपाल का आभार व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि नई स्ट्रीट लाइटों से ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा बेहतर होगी, महिलाएँ और बुजुर्ग अधिक सुरक्षित महसूस करेंगे और विद्यार्थियों तथा कामकाजी लोगों का रात्रिकालीन आवागमन सुचारू होगा। पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही व्यापारिक क्षेत्रों में रोशनी बढ़ने से दुकानदारों को राहत और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

### बैरी में जल्द बनाया जाए मिनी स्टेडियम : रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानापुर।** विधायक कैप्टन रणजीत सिंह पिछली रात ही सत्र की समाप्ति के बाद लोटे और आते ही एक्टिव मोड में आ गए है। विधायक ने सुबह-सुबह ही बैरी में बनने जा रहे मिनी स्टेडियम का निरिक्षण किया और जल्द से जल्द मैदान को बनाने के निर्देश दिए।

# भरेड़ी सड़क निर्माण पर विवाद, ग्रामीणों ने पेवर ब्लॉक योजना का किया विरोध

## सड़क बंद होने व सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों ने विभाग से तुरंत तारकोल बिछाने की मांग की

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के अंतर्गत भरेड़ी कस्बे में लोक निर्माण विभाग की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में भारी असंतोष है। लंबे समय से लटके सड़क निर्माण कार्य और बार-बार बदलती विभागीय योजनाओं ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे किसी भी हालत में सड़क पर पेवर ब्लॉक बिछाने का समर्थन नहीं करेंगे, क्योंकि इससे समस्याएं और बढ़ेंगी।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले लगभग एक वर्ष से सड़क खराब होने के कारण उनकी आवाजाही मुश्किल हो गई है। कई बार विभाग को अवगत करवाने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी रही। अब जब सड़क निर्माण का कार्य शुरू होने की उम्मीद थी, विभाग ने पेवर ब्लॉक बिछाने की स्कीम बनाई, जिसे लेकर लोगों में नाराजगी और बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पेवर ब्लॉक बिछाने में 1 से 2 महीने लगेंगे और इस दौरान सड़क को बंद करना पड़ेगा। इससे स्थानीय लोगों, दुकानदारों, स्कूल जाने वाले बच्चों और वाहनों को भारी दिक्कत होगी।

ग्रामीणों ने यह भी चेतावनी दी कि भरेड़ी क्षेत्र उतराई वाला है और बारिश या नमी में पेवर ब्लॉक फिसलेगा, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ने की संभावना है। उनका तर्क है कि यदि सड़क पर तुरंत तारकोल (ब्लैकटॉपिंग) किया जाए तो काम कुछ ही दिनों में पूरा हो सकता है। इससे सड़क बंद नहीं होगी और लोगों को राहत मिलेगी। पंचायत प्रधान अंकुश सैणी, प्रीतम शर्मा, जवर्ण चौहान, यशवंत भारद्वाज और अन्य ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से अपील की कि पेवर ब्लॉक योजना को त्यागकर तुरंत तारकोल का काम शुरू किया जाए। विभाग के अधिशासी अभियंता केके भारद्वाज ने कहा कि फुटपाथ ऊंचा हो गया है और एफडीआर तकनीक के कारण सड़क गहरी बन गई है। इस स्थिति में सड़क की ऊंचाई संतुलित करने के लिए पेवर ब्लॉक विकल्प अपनाया जा रहा है। हालांकि ग्रामीणों ने कहा कि सड़क की संरचना विभाग की गलतियों के कारण बिगड़ी है और उसका समाधान विभाग को तेजी से करना चाहिए। उनका अंतिम कहना है कि सड़क पर तारकोल डाला जाए ताकि काम जल्दी पूरा हो और किसी प्रकार का खतरा न रहे।


भरेड़ी कस्बे में लोक निर्माण विभाग की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में असंतोष है।

# डिलीवरी के बाद महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा, लापरवाही का लगाया आरोप

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

- पुलिस ने किया मामला दर्ज
- मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने बनाई चार सदस्यीय कमेटी

**हमीरपुर।** डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में शुक्रवार रात गर्भवती महिला की डिलीवरी के दौरान मौत हो गई। इसकी जानकारी परिजनों को लगी तो परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया और डॉक्टरों पर लापरवाही से ऑपरेशन करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार रात करीब 10 बजे डिलीवरी के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने भी एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शगुन उम्र 33 वर्ष पत्नी रविकांत निवासी सुधियान तहसील नादौन की डिलीवरी शुक्रवार को करवाई गई। महिला की डिलीवरी में कम्प्लीकेशन होने की वजह से ऑपरेशन किया गया, महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। जो बिलकुल स्वस्थ है जबकि महिला की ऑपरेशन के बाद अधिक ब्लीडिंग होने से मौत हो गई। जिसे पीपीएच कहते हैं। महिला की मौत के बाद परिजनों ने डॉक्टरों को दोषी ठहराया है। उन्होंने आरोप लगाए की डॉक्टरों की लापरवाही के कारण शगुन की मौत हुई है। इस दौरान अस्पताल में माहौल तनावपूर्ण हो गया, पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला कुछ शांत हुआ, परिजनों ने इस संदर्भ में सदर पुलिस को लिखित शिकायत दी है। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ रमेश भारती ने बताया कि महिला की डिलीवरी में कम्प्लीकेशन होने की वजह से ऑपरेशन किया गया है सब कुछ नॉर्मल हो गया, लेकिन डिलीवरी के कुछ देर बाद ब्लीडिंग शुरू हो गई और जिससे महिला को बचाया नहीं जा सका। उन्होंने बताया कि महिला का पोस्टमार्टम कर दिया है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की चार सदस्यीय कमेटी बनाई गई जो इस मौत के कारणों का पता लगाएगी। इस बारे में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि मृतक महिला ने पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया इस मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## बड़सर में पटाखे से युवक का हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल बड़सर के बड़सर चौक में दोपहर के समय जोरदार धमाके से अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस और लोग देख सकते हैं कि अतुल नामक युवक घायल अवस्था में पड़ा था। धमाके से उसका दाहिना हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायल को पहले सिविल अस्पताल बड़सर ले जाया गया, जहां से उसे हालत गंभीर होने के कारण मेडिकल कॉलेज हमीरपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार अतुल चंडीगढ़ में पिज्जा शॉप में काम करता है। उसने बताया कि वह दुकान के लेंटर पर दिवाली के बचे पटाखे फोड़ रहा था, तभी अचानक पटाखा उसके हाथ में फट गया। डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा ने कहा कि पुलिस घटना के सही कारण तक पहुंचने के लिए बारीकी से जांच कर रही है।

# 600 करोड़ की राशि रिकवरी पर उठाए सवाल

## विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम की जिला कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश शर्मा, जिला महासचिव विजय शर्मा, मुख्य सलाहाकार ई विजय डोगरा, जेपी चौहान, वित सचिव प्रवीण शर्मा, मुख्य संगठन सचिव चैन सिंह, उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में विद्युत बोर्ड लिमिटेड के प्रबंधक वर्ग द्वारा पेंशनरों के वित्तीय लाभों की अदायगी में अनावश्यक देरी और भेदभावपूर्ण रवैये की कड़ी भर्त्सना की गई। फोरम ने बोर्ड प्रबंधन से वित्तीय लाभों का अतिशीघ्र भुगतान करने की मांग की। कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि बोर्ड की आर्थिक स्थिति इतनी खराब नहीं कि पेंशनरों और कर्मचारियों के भुगतान में विलंब किया जा रहा हो। उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं के पास 600 करोड़ रुपये फंसे हुए हैं, जिनकी वसूली के लिए बोर्ड प्रबंधन गंभीर प्रयास नहीं कर रहा है।

खरवाड़ा ने प्रबंध निदेशक आदित्य नेगी की निष्क्रियता पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि 12 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में निदेशक को पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। फोरम ने चेयरमैन प्रबोध सक्सेना से न्यायिक जांच करवाने और पेंशनर्स फोरम की बैठक बुलाने की मांग की, ताकि समस्याओं का समाधान आपसी बातचीत से हो सके।

खरवाड़ा ने चेताया कि यदि पेंशनरों की समस्याओं को अनदेखा किया गया, तो फोरम बोर्ड का घेराव करने के लिए बाध्य होगा, जिसके लिए बोर्ड प्रबंधन पूरी तरह जिम्मेदार होगा।


विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम की जिला कार्यकारिणी की बैठक में संगठन के सदस्य।

## धनेटा के कई गांवों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल धनेटा में 8 दिसंबर को लाइनों के आस-पास पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते गांव सुकरियाह, जनसूह, बैहरड़, जसाई, दाउ, टैहली, मियाड़े, नुगरां और अन्य गांवों में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सुशील कुमार शर्मा ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## बल्ह पटियाला के नवनीत कुमार बने लेफ्टिनेंट



**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बल्ह बिहाल के बल्ह पटियाला के नवनीत कुमार सुपुत्र यशपाल सिंह भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने होनहार युवा यशपाल को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। विधायक ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल आपके परिवार के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान और गर्व का क्षण है। आपकी मेहनत, अनुशासन और देशसेवा भावना युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## पटवारी और नर्सों के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने शनिवार को दो अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी करते हुए पटवारियों के 530 पदों और सहायक स्टाफ नर्स के 312 पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से 16 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन का वेब लिंक 12 दिसंबर को सुबह 10 बजे से 16 जनवरी 2026 रात 11.59 मिनट तक खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि दोनों अधिसूचनाएं आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी. पर उपलब्ध करवा दी गई हैं।

## चिट्टे के खिलाफ पुलिस का साथ देगी भाजयुमो

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा नादौन मंडल द्वारा शनिवार को पुलिस थाना नादौन के प्रभारी इंस्पेक्टर निर्मल सिंह को क्षेत्र में बढ़ रहे चिटे के मामलों को लेकर ज्ञापन सौंपा तथा भरोसा दिलाया कि चिटे के खिलाफ भाजयुमो पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने के लिए समर्पित रहेगी। इस अवसर पर आशीष राणा के साथ आकाश दीप,शौकत अली सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि युवा मोर्चा द्वारा प्रदेश भर में एक बूथ दस यूथ के अभियान पर कार्य कर रही है। जिसमें प्रत्येक यूथ से दस युवाओं को युवा मोर्चा से जोड़ा जाएगा। आशीष राणा ने कहा कि यही युवा भविष्य में राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे व चिटे के खिलाफ जंग में भी अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।

## छात्रों को नशामुक्त समाज के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** राजकीय महाविद्यालय बड़सर में चिट्टे और अन्य नशीले पदार्थों के बढ़ते खतरे को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। नशा निवारण बोर्ड के निदेशक रूबल सिंह ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए चिट्टे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि चिट्टा युवाओं के भविष्य को नष्ट कर रहा है और इसके खिलाफ सामूहिक प्रयास सबसे बड़ा हथियार हैं। अभियान में थाना प्रभारी गुरबख्श चौधरी ने कानूनन नशा विरोधी कार्रवाई और अवैध तस्करी पर प्रकाश डाला। मेडिकल ऑफिसर डॉ. पलक ने शारीरिक व मानसिक प्रभाव समझाए। प्राचार्य विक्रम सिंह ठाकुर, संकाय सदस्य और एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष रुद्राक्ष सिंह ने छात्रों को जागरूक रहने और समाज में संदेश फैलाने का आह्वान किया।

# शहर से रेहड़ी-फड़ी वालों को हटाया तो करेंगे विरोध


रेहड़ी-फड़ी वर्कर्स यूनियन ने नगर निगम कमिश्नर से मुलाकात की।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

शहर के सौंदर्यीकरण के नाम पर रेहड़ी लगाने वालों को शहर से हटाने व बाहरी इलाके में विस्थापित करने की योजना पर रेहड़ी-फड़ी वर्कर्स यूनियन (सीटू) ने विरोध जताया। इस सिलसिले में शनिवार को सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर की अगुवाई में रेहड़ी लगाने वालों का प्रतिनिधिमंडल नगर निगम के कमिश्नर राकेश शर्मा से मिला व अपनी शंकाओं व मांगों को स्पष्ट रूप से रखा।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण के नाम पर रेहड़ी लगाने वालों को हटाने का कोई भी फैसला स्ट्रीट वेंडिंग कमेटी की सहमति के बिना नहीं लिया जाना चाहिए। उन्होंने देश के स्ट्रीट वेंडिंग कानून और सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार निर्णय लेने की भी मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि रेहड़ी लगाने वालों का विस्थापन किया गया तो यूनियन कड़ा विरोध करेगी।

इस अवसर पर सीटू के जिला सचिव जोगिंदर कुमार, प्रताप राणा, यूनियन अध्यक्ष ब्रह्म दास, सचिव बाला सहित दर्जनों सदस्य मौजूद थे। कमिश्नर राकेश शर्मा ने आश्वासन दिया कि स्ट्रीट वेंडिंग कमेटी की सिफारिशों के बिना किसी भी रेहड़ी लगाने वाले को हटाया नहीं जाएगा।

## सरकार ने अपने विधायकों का भी खोया भरोसा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि मौजूदा सरकार से केवल आम जनता ही नहीं, बल्कि कांग्रेस के अपने विधायक भी निराश हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक में आधे विधायक ही मौजूद थे और विधानसभा सत्र में प्रदेश भर से आने वाले फरियादियों का मेला इस बार नहीं दिखा। राजेंद्र राणा ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है और पुराने मामलों को फिर से उछालकर दुष्प्रचार करवा रही है।

## नादौन कन्या विद्यालय का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन में जिला शिक्षा उपनिदेशक नवीन शर्मा के नेतृत्व में औपचारिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम ने कक्षा 6वीं से 12वीं तक सभी कक्षाओं का दौरा कर छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति, सहभागिता और सीखने के स्तर की बारीकी से जांच की। टीम ने अध्यापकों से व्यक्तिगत बातचीत के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के सुझाव साझा किए और विद्यालय की फाइलें, रिकॉर्ड, लैब दस्तावेज, टाइम-टेबल व अन्य प्रशासनिक अभिलेखों का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षा उपनिदेशक ने विद्यालय की व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया और सुधार के लिए दिशा-निर्देश दिए।

## सिक्योरिटी गार्ड के साक्षात्कार 11-12 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** लुधियाणा के निकट स्थित टाटा स्टील के एक प्रतिष्ठान में सिक्योरिटी गार्ड के 50 पदों को भरने के लिए बद्दी की कंपनी टैरियर सिक्योरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड 11 दिसंबर को सुबह साढे दस बजे उप रोजगार कार्यालय बड़सर में और 12 दिसंबर को उप रोजगार कार्यालय सुजानपुर में साक्षात्कार लेगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 18 से 45 वर्ष तक के दसवीं पास पुरुष पात्र होंगे। इनकी लंबाई कम से कम 5 फुट 7 इंच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 18,236 रुपये मासिक वेतन मिलेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

## बच्चों ने साथियों के साथ मिलकर खूब मस्ती की



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर के बाल वाटिका वर्ग के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने शनिवार को चिल्ड्रन पार्क में आयोजित एक मनोरंजक एवं शैक्षिक पिकनिक में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी जब वे पार्क में घूमते, खेलते और विभिन्न मजेदार गतिविधियों का आनंद लेते दिखाई दिए।पार्क में लगे झूले, स्लाइड्स और अन्य खेल सामग्री ने बच्चों को बेहद आकर्षित किया। सभी बच्चों ने अपने साथियों के साथ मिलकर खूब मस्ती की और उल्लासपूर्ण वातावरण का आनंद उठाया। पिकनिक के दौरान बच्चों को स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ भी परोसे गए, जिन्हें बच्चों ने बड़े चाव से खाया। पूरे कार्यक्रम में शिक्षक बच्चों के साथ रहे और सुरक्षा व अनुशासन का विशेष ध्यान रखते हुए पिकनिक को सफल और यादगार बनाया। यह पिकनिक बच्चों के लिए न केवल मनोरंजक रही, बल्कि उनके लिए ज्ञानवर्धक अनुभव भी बनी। इस यात्रा ने बच्चों के मन में सुंदर और अविस्मरणीय यादें संजो दी।

## गायत्री परिवार ने निकाली ज्योति कलश यात्रा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भरेड़ी में गायत्री परिवार द्वारा मंगलवार को आयोजित ज्योति कलश यात्रा में श्रद्धालुओं, महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह यात्रा अखण्ड ज्योति के प्रकाश और पूज्य गुरुदेव के विचारों को घर-घर तक पहुँचाने के उद्देश्य से की गई। यात्रा के दौरान पदाधिकारियों ने वर्ष 1926 में पूज्य गुरुदेव के दिव्य अवतरण वर्ष की शताब्दी वर्ष 2026 के समारोह की तैयारियों का उल्लेख किया। यात्रा में 3 खंड ज्योति की दिव्य चेतना और पूज्य गुरुदेव के सूक्ष्मीकरण साधना संकल्प पर चर्चा हुई, जिसमें वायुमंडल शोधन, वातावरण परिशोधन, नवयुग निर्माण, महाविनाश निरस्तीकरण और देव-मनव जोड़ना शामिल हैं। यात्रा समापन पर अखण्ड दीपक प्रज्वलित कर सामूहिक प्रार्थना की गई। बलदेव शर्मा, अजीत शर्मा, बीडीसी चेयरमैन राजेन्द्र सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## लेखकों और कवियों ने प्रस्तुत की रचनाएं

**अनंत ज्ञान, नादौन।** स्वतंत्रता सेनानी और साहित्यकार यशपाल की जयंती पर भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग ने यशपाल साहित्य प्रतिष्ठान में साहित्यिक समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एडीसी अभिषेक गर्ग ने दीप प्रज्वलन के साथ किया और महान लेखक यशपाल के समाज में न्याय, समानता और मानवीय मूल्यों के योगदान पर प्रकाश डाला। समारोह के पहले सत्र में लेखक गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें ओपी शर्मा, राजेंद्र राजन और राम चंद रत्नाकर ने शोध लेख प्रस्तुत किए। दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें लाल चंद ठाकुर, राम चंद शास्त्री, होशियार सिंह, डॉ. सुशीला गौतम सहित कई कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

**कार्यक्रम** सांसद ने रायन स्कूल के मिनिथॉन कार्यक्रम में बच्चों को दी शुभकामनाएं

# हमारा लक्ष्य खेलों में बढ़े निवेश: अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने चंडीगढ़ स्थित रायन इंटरनेशनल स्कूल के 26वें मिनिथॉन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया और विद्यालय परिवार व छात्रों को शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में ट्राइसिटी और पंजाब के 29 स्कूलों के लगभग 2730 बच्चों ने हिस्सा लिया।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का खेल बजट 2014 में 800 करोड़ रुपये था, जो अब 3700 करोड़ रुपये तक बढ़ गया है, जो यूपीए सरकार के समय के मुकाबले लगभग पांच गुना अधिक है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार खेलों और खिलाड़ियों के हित के लिए प्रतिबद्ध है और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने या ना जीत पाने पर दोनों परिस्थितियों में खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए नीतियां लागू कर रही है।

उन्होंने कहा कि खेलों में निवेश बढ़ाकर भारत को वैश्विक खेल शक्ति बनाना हमारा उद्देश्य है और 2047 तक विकसित भारत के संकल्प के लिए खेल क्षेत्र में विकास अनिवार्य है। अनुराग ठाकुर ने याद दिलाया कि सांसद खेल महोत्सव और पूर्व में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ जैसी पहलों के माध्यम से जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को अवसर दिए जा रहे हैं।


उन्होंने खेलो इंडिया अकादमी और खेलो इंडिया सेंटर की स्थापना पर भी प्रकाश डाला, जिसके तहत पूरे देश में 1100 सेंटर खोले गए हैं। यह पहल खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच देने के लिए महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर अनुराग ठाकुर के साथ अंगद बीर सिंह (इंडियन हॉकी खिलाड़ी), विवेक ठाकुर (इंडियन एशियन टीम कोच), योगेश जोशी (फाउंडर एवियोक्स टेक्नोलॉजीज), राजन अग्निहोत्री, ज्योति सोई, डॉ. बृजेश लाल लकरिया, डॉ. दिनेश जिंजर और एम. एस. मान भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने हरी झंडी दिखाने और पुरस्कार वितरण समारोह में हिस्सा लिया।


चंडीगढ़ स्थित रायन इंटरनेशनल स्कूल के 26वें मिनिथॉन कार्यक्रम में सांसद अनुराग ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया।

न्यूज ब्रीफ

## प्रदेश में ठेकेदारों का रुका भुगतान विकास कार्य ठप : चेतन बरागटा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में ठेकेदारों को लंबे समय से भुगतान न मिलने के कारण विकास कार्य ठप होने लगे हैं। भाजपा नेता चेतन बरागटा ने इस स्थिति को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए कहा कि कोषागार में लगातार रोक लगे रहने से ठेकेदारों को उनका न्यायोचित भुगतान नहीं मिल पा रहा है। परिणामस्वरूप सड़क निर्माण से लेकर भवन निर्माण तक अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं अधर में अटकी पड़ी हैं और ठेकेदार आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के पास भुगतान करने के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध ही नहीं है, जबकि समय पर कार्य पूरा करने की अपेक्षा ठेकेदारों से की जा रही है। बरागटा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई राशि के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा आपदा उपरान्त आवश्यकता मूल्यांकन के कार्यों के लिए निविदाएं तो लगातार जारी की जा रही हैं, लेकिन ठेकेदारों को अब तक एक रुपये का भी भुगतान नहीं हुआ है। ऐसी हालात में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में समयबद्ध कार्य करवाने की अपेक्षा अव्यावहारिक है।

## कुसुम्पटी में भाजपा किसान मोर्चा का नया मंडल गठित, विजय बने अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कुसुम्पटी मंडल में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है, जिसमें विजय सिंह को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों से परामर्श के बाद तैयार की गई इस नई टीम में चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, चार सचिव, एक कोषाध्यक्ष सहित दस सदस्यों को कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि मंडल स्तर पर किसान मोर्चा को मजबूत आधार देने के उद्देश्य से संतुलित और सक्रिय टीम का गठन किया गया है। नए मंडल में मोहन सिंह वर्मा, किशोर शर्मा, मनीष वर्मा और राजेंद्र भारद्वाज को उपाध्यक्ष, खूब चंद और राजेश ठाकुर को महामंत्री नियुक्त किया गया है। वहीं नवीन कुमार को कोषाध्यक्ष, तथा हरिकृष्ण, संजु कुमार, जितेन्द्र और गुरदीप वर्मा को सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यकारिणी में रूप राम, महेन्द्र सिंह वर्मा, दुर्गा सिंह वर्मा, राजू, नेक राम, हीरू राम, टेक चंद, अनिल कंवर, राजेंद्र कुमार और चमन लाल को सदस्य बनाया गया है।

## रेडक्रॉस शाखाओं के क्षमता विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस और भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शिमला स्थित राज्य रेडक्रॉस भवन में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुई। 4 से 6 दिसंबर तक चले इस शिविर में राज्यभर से लगभग 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का उद्देश्य जिला रेडक्रॉस शाखाओं की आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, पीड़ितों तक त्वरित सहायता और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमता को सुदृढ़ करना था। भारतीय रेडक्रॉस के वरिष्ठ प्रशिक्षकों और इंटरनेशनल कमेटी ऑफ रेडक्रॉस के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को आपदा प्रतिक्रिया, रक्तदान प्रमोशन, सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता और बचाव प्रक्रियाओं पर प्रशिक्षित किया। राज्य रेडक्रॉस सचिव संजीव कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण ने स्वयंसेवकों को वास्तविक परिस्थितियों में बेहतर कार्य करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रतिभागियों को राहत सामग्री वितरण, सामुदायिक समन्वय, पीड़ितों की पहचान और रेडक्रॉस मानकों के अनुसार कार्य निष्पादन के चरणों पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। जिला शाखाओं के सचिव और नए स्वयंसेवक सक्रिय भूमिका निभाते हुए कार्यशाला को सफल बनाया।

# हिमाचल की देव परंपरा में रचे बसे हैं अनोखे रंग : शिक्षा मंत्री

### गुडारू देवता की नवनिर्मित पालकी का वैदिक रीति से हुआ प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** जिला शिमला के तहत जुब्बल उपमंडल के खनाशी क्षेत्र में बसे शांत, रमणीय गिलटाड़ी गांव में शनिवार को देव संस्कृति का वह दिव्य आलोक फैला, जिसने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को भी अभिभूत कर दिया। वे यहां देवता गुडारू की नवनिर्मित पालकी की प्राण प्रतिष्ठा में शिरकत करने पहुंचे, जहां पर्वतीय हवाओं में मंत्रोच्चार की अनुगूंज, ढोल-नगाड़ों की मधुर थाप और श्रद्धा से भरे लोक-भावनाएं एक साथ महक रही थीं। मंत्री ने देवालय में माथा टेका, आशीष ग्रहण किया और स्थानीय लोगों को इस पावन आयोजन के लिए मुबारकबाद देते हुए क्षेत्र की सलामती, खुशहाली और समृद्धि की दुआ की।

हिमाचल को देवभूमि कहे जाने के पीछे जो सांस्कृतिक विराटता और लोक-आस्था की उज्ज्वल परंपरा है, रोहित ठाकुर ने उसी की ओर इशारा करते हुए कहा कि प्रदेश की देव संस्कृति का रंग दुनिया में कहीं और नजर नहीं आता। उन्होंने कहा कि हमारे मेले, त्योहार और अनुष्ठान इस प्राचीन विरासत की जीवंत नुमाइंदगी करते हैं। यह हमारी सामूहिक रूह, सामाजिक मेलजोल और परस्पर मोहब्बत का पैगाम देते हैं। वैज्ञानिक युग की तेज रफ्तार में आगे बढ़ना जरूरी है, पर उतना ही जरूरी यह भी है कि हम अपनी असलियत, अपने रिवाज और अपनी सांस्कृतिक जड़ों से रू-ब-रू बने रहें।

समारोह के दौरान मंत्र उच्चार से संपन्न प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधि से संपन्न हुई। छह माह पहले निर्मित इस पालकी का शनिवार को औपचारिक रूप से देव-प्राणों से अभिषेक किया गया। गांव की महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर कलश यात्रा निकाली, जिससे वातावरण में सौंदर्य और पवित्रता की नई लहर उठी। रोहित ठाकुर ने यह भी बताया कि गिलटाड़ी मंदिर का निर्माण वर्ष 2022 में हुआ था और 2023 में गांव तक पहुंच मार्ग का विकास भी करवाया गया, जिससे स्थानीय जनता को बड़ी सुविधा मिली।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देवालय से निहारते हुए।

### महासू देवताओं की अनजी परंपरा को दिया आमंत्रण

**गुडारू** देवता, महासू देव परंपरा के प्रमुख स्वरूप माने जाते हैं। गिलटाड़ी के साथ-साथ झालटा और क्वालटा गांवों में भी इनकी आराधना होती है। इस शुभ अवसर पर महासू देवता के मूल स्थल उत्तराखंड के हनोल गांव से बोठा महासू, वाशिक महासू, पवासी महासू और चालदा महासू के 'डोरिया' प्रतीक स्वरूप विशेष रूप से आमंत्रित किए गए, जिनकी उपस्थिति ने समारोह की पवित्रता को और अधिक प्रतिष्ठित कर दिया। इस मौके पर निदेशक हिमफेड भीम सिंह झौटा, मोतीलाल सिथता आदि मौजूद रहे।

## राज्यपाल ने महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. अंबेडकर को किया नमन



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल राजभवन में डॉ. भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शनिवार को राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा स्थापित सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों की नींव आने वाली पीढ़ियों को निरंतर मार्गदर्शन देती रहेगी।

राज्यपाल ने बताया कि भारतीय संविधान ने हर नागरिक को अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया है और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत की पहचान इसी दूरदृष्टि का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमारे अधिकार तभी सुरक्षित रह सकते हैं जब हम अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें।

### सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों पर चलने का आह्वान

राज्यपाल ने कहा कि यह दिन हमें डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों पर चलकर एक समावेशी, न्यायपूर्ण और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस फेडरेशन के देव जी भुजिया और रचना, अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी के जॉन जॉर्ज सहित राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर आज शिमला के चौड़ा मैदान में भावपूर्ण माहौल रहा, जहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। शांत वातावरण में लोगों ने संविधान निर्माता को नमन किया और उनके योगदान को याद किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर न केवल महान राजनीतिज्ञ थे, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत भी थे। उन्होंने जीवनभर समानता, न्याय और अधिकारों की लड़ाई लड़ी। भारतीय संविधान का निर्माण करते समय उन्होंने हर वर्ग के लिए समान अधिकार सुनिश्चित किए, जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूत नींव पड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी विरासत आज भी आधुनिक भारत के मार्गदर्शन का स्तंभ है। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, उप महापौर उमा कौशल, महाधिवक्ता अनूप रत्न, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर, पूर्व महापौर, पार्षदगण, उपायुक्त अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने कहा कि डॉ. अंबेडकर की सोच और सिद्धांत आज भी समाज को दिशा देने वाली रोशनी हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे।



शिमला के चौड़ा मैदान में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

# भाजपा संविधान की उड़ा रही धज्जियां : विनय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में शनिवार को संविधान रचयिता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेणुका की ओर से विधायक विनय कुमार ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

अपने वक्तव्य में विनय कुमार ने कहा कि यह दिन केवल एक महापुरुष को याद करने का नहीं, बल्कि उन आदर्शों और संघर्षों को आत्मसात करने का दिन है, जिनकी बदौलत आधुनिक भारत की नींव मजबूत हुई। उन्होंने कहा कि अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा, सम्मान, समानता और न्याय का प्रतीक है। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने कभी हिम्मत नहीं हारी और करोड़ों वंचितों की आवाज बने।

विनय कुमार ने कहा कि बाबा साहेब का संदेश व शिक्षित बनो, संगठित बनो और संघर्ष करो। केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवन बदल देने वाला मार्गदर्शन है। भारत का संविधान उनके नेतृत्व में बना, जिसने हर नागरिक के अधिकारों और समानता को सर्वोपरि रखा। उन्होंने कहा कि जब कोई वंचित आगे बढ़ता है, कोई बच्चा शिक्षा से जीवन संवारता है या किसी नागरिक को बराबरी का हक मिलता है, यह अंबेडकर की सोच की जीत है।



विनय कुमार बाबा साहब अंबेडकर को नमन करते हुए।

## संविधान और बाबा साहेब के नाम पर कांग्रेस का दोगलापन उजागर : कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कांग्रेस और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान की चिंता जताना कांग्रेस का राजनीतिक पाखंड है। उन्होंने कहा कि आपातकाल थोपने से लेकर अनुच्छेद 356 का बार-बार दुरुपयोग करने तक कांग्रेस ने ही संविधान की मूल भावना को सबसे अधिक आहत किया, जबकि आज वही पार्टी अपने आपको संविधान का रक्षक बताने का ढोंग कर रही है। कश्यप ने राहुल गांधी को संविधान का संरक्षक बताने को भी कांग्रेस की हताशा बताया और कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक कमजोर वर्गों को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया।

सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने बाबा साहेब के विचारों को धरातल पर उतारने का ऐतिहासिक कार्य किया है। पंचतीर्थ निर्माण से लेकर एससी-एसटी अत्याचार निवारण कानून को मजबूत करने तक भाजपा ने सामाजिक न्याय को सशक्त किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार कमजोर और वंचित वर्गों के लिए क्या ठोस कर पाई है, इसका जवाब उसे जनता को देना होगा। अंत में डॉ. सिकन्दर कुमार ने कहा कि बाबा साहेब किसी पार्टी की बपौती नहीं, लेकिन उनके नाम पर राजनीति करने का नैतिक अधिकार कांग्रेस ने खो दिया है, जबकि भाजपा उनके विचारों को नीयत और नीति दोनों में लागू कर रही है।

# समरसता दिवस पर संगोष्ठी और सहभोज का आयोजन



समरसता दिवस कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई द्वारा सामाजिक समरसता दिवस और डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर विश्वविद्यालय परिसर में संगोष्ठी और सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि आचार्य प्रो. सीएल बंगा और डॉ. चमन लाल बंगा रहे, जिन्होंने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष, संविधान निर्माण और सामाजिक न्याय के मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### एबीवीपी ने डॉ. आंबेडकर की पुण्यतिथि पर दिया सामाजिक समरसता का संदेश

कार्यक्रम में परिषद पदाधिकारियों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों, अध्यापकों और सफाई कर्मचारियों ने मिलकर समरसता सहभोज में भाग लिया, जिसका उद्देश्य जाति, वर्ग और भेदभाव की दीवारों को तोड़कर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करना रहा।

# बिना ओटीपी और लिंक क्लिक के रिटायर्ड कर्मी के खाते से उड़े 16 लाख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में साइबर ठगी का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जिसने बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। सुन्नी क्षेत्र के एक रिटायर्ड कर्मचारी के बैंक खाते से बिना किसी ओटीपी, कॉल या संदिग्ध लिंक पर क्लिक किए 16 लाख रुपए निकाल लिए गए। पीड़ित को इस ठगी का अंदाजा तब हुआ जब वह नकदी निकालने बैंक पहुंचे और खाते में मात्र कुछ लाख रुपए ही शेष पाए।

जानकारी के अनुसार पीड़ित 14 अक्तूबर को एसबीआई अनाज मंडी शिमला शाखा पहुंचे थे। चेक से दो लाख रुपए निकालने के बाद जब उन्होंने खाते की शेष राशि की जानकारी ली तो वे दंग रह गए। खाते में मात्र 4 लाख 34 हजार रुपए थे, जबकि उसमें इससे कई गुना अधिक राशि होनी चाहिए थी। स्टेटमेंट निकलवाने पर पता चला कि 11 से 14 अक्तूबर के बीच कई ट्रांजेक्शनों के माध्यम से कुल 16 लाख रुपए खाते से उड़ाए जा चुके हैं। पीड़ित का कहना है कि इस अवधि में उन्हें किसी भी तरह का ओटीपी नहीं मिला, न ही उन्होंने किसी लिंक पर क्लिक किया और न किसी अनजान कॉल को रिसीव किया।

मामले की लिखित शिकायत मिलने पर थाना सदर शिमला में धारा 318(4) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस अधिकारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि बिना ओटीपी और ग्राहक की अनुमति के इतनी बड़ी धनराशि किस तकनीकी या अन्य माध्यम से निकाली गई। बैंक ट्रांजेक्शन विवरणों के आधार पर साइबर विशेषज्ञों की मदद से ठगी के तरीके की तह तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

पुलिस टीम अब इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या किसी उन्नत साइबर मॉड्यूल, बैंकिंग मैलवेयर या खाते से जुड़े किसी अन्य तकनीकी छेद (वुल्नरेबिलिटी) का उपयोग कर रकम उड़ाई गई। पुलिस का कहना है कि तथ्य सामने आने के बाद आगे की कार्रवाई तेज की जाएगी।




### पुलिस ने दर्ज किया केस, बैंक लेन देन की कड़ियां खंगाल रही जांच टीम

## पंचायत चुनावों में युवा बढ़ाएं अपनी भागीदारी : सिंटू राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतींद्रपॉल सिंह उर्फ सिंटू राणा ने कहा कि अब समय आ गया है जब युवा सोशल मीडिया की बहसों से आगे बढ़कर चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि आज का युवा शिक्षित और जागरूक है तथा उसे यह समझना चाहिए कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है। उनका कहना था कि जब युवा सोच-समझकर वोट करेंगे तो जाति और धर्म आधारित राजनीति कमजोर पड़ेगी और विकास-केन्द्रित राजनीति को मजबूती मिलेगी।



सिंटू राणा ने कहा कि रोजगार युवाओं की सबसे बड़ी चुनौती है और इसका समाधान राजनीति के माध्यम से ही संभव है, लेकिन विडंबना यह है कि सबसे अधिक प्रभावित वर्ग ही मतदान में सबसे कम हिस्सा लेता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी संख्या-शक्ति का एहसास करें और मुद्दों के आधार पर अपना प्रतिनिधि चुनें।

## डीएवी एसजेवीएन पब्लिक स्कूल में विज्ञान गणित प्रदर्शनी और कॉमर्स कार्निवाल

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** डीएवी एसजेवीएन पब्लिक स्कूल दत्तनगर में आज विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी तथा कॉमर्स कार्निवाल बड़े उल्लास के साथ आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी स्कूल कुमारसैन के प्रधानाचार्य रमेश शर्मा और स्कूल की प्रधानाचार्या एवं एआरओ डॉ. मुक्ता चौहान ने किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों से संबंधित कार्यशील मॉडल, चार्ट, डिजिटल प्रेजेंटेशन और प्रयोग प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मक सोच और वैज्ञानिक दृष्टि का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

विज्ञान अनुभाग में रोबोटिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, जल शोधन, मानव शरीर रचना और अंतरिक्ष विज्ञान विषयों के मॉडल विशेष आकर्षण रहे। गणित अनुभाग में 3-डी मॉडल, पहेलियां, ज्यामितीय प्रमेय और बीजगणित व सांख्यिकी के जीवनोपयोगी अनुप्रयोगों को प्रदर्शित किया गया, जबकि सामाजिक विज्ञान अनुभाग में ऐतिहासिक स्मारकों, राजनीतिक व्यवस्थाओं, जलवायु क्षेत्रों, आपदा प्रबंधन और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित प्रस्तुतीकरण ने आगंतुकों का मन मोहा। प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों में टीमवर्क, तर्कशक्ति और व्यवहारिक अधिगम को मजबूत किया।

कॉमर्स कार्निवाल के तहत छात्रों ने विभिन्न फूड स्टॉल लगाए, जिन्हें एक छोटे व्यवसाय की तर्ज पर तैयार किया गया था। इन स्टॉलों के माध्यम से विद्यार्थियों को बजट बनाने, विपणन रणनीति अपनाने, ग्राहकों से संवाद करने और लाभ प्रबंधन का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। अभिभावकों और आगंतुकों ने छात्रों की स्पष्टता, आत्मविश्वास और नवाचार क्षमता की सराहना की। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्या द्वारा सभी प्रतिभागियों को बधाई देने और उन्हें ज्ञान की खोज तथा नवाचार के मार्ग पर आगे बढ़ते रहने के प्रोत्साहन के साथ हुआ।

उपलब्धि

### ई-ऑफिस और ऑनलाइन सेवाओं से बदला प्रशासनिक कामकाज

# पीपल फर्स्ट इंटीग्रेशन अवॉर्ड से हिमाचल सम्मानित

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश ने सुशासन और तकनीकी प्रगति की दिशा में एक ऐसा कदम उठाया है, जिसने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने डिजिटल क्रांति को अपनी प्राथमिकता बनाते हुए प्रशासनिक ढांचे को नई रफ्तार और नई पारदर्शिता प्रदान की है।

हिमाचल को मिला पहला 'पीपल फर्स्ट इंटीग्रेशन अवॉर्ड' इस बात का प्रमाण है कि राज्य ने डिजिटल गवर्नेंस में अपनी अलग पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री का कहना है कि डिजिटल प्रक्रियाओं के विस्तार से न सिर्फ कामकाज में सरलता आई है, बल्कि जनता और सरकार के बीच भरोसे की एक नई लकीर भी खिंची है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में ई-ऑफिस व्यवस्था ने दफ्तरों की पारंपरिक फाइल प्रणाली को लगभग अप्रासंगिक कर दिया है। वर्कफ्लो ऑटोमेशन और डिजिटल दस्तावेज प्रबंधन की वजह से आज शासन तेज, सुगम और पेपरलेस हो रहा है। हिमाचल के 632 कार्यालय अब ई-ऑफिस से जुड़े हुए हैं जिनमें सचिवालय की 108 शाखाएं, 98 निदेशालय, उपमंडलाधिकारी व खंड विकास अधिकारी कार्यालयों के साथ अन्य फील्ड कार्यालय शामिल हैं। सरकारी प्रमाण-पत्रों से लेकर संपत्ति पंजीकरण तक कई सेवाएं अब घर बैठे ऑनलाइन उपलब्ध हैं। 'माई डीड' और 'सरल जमाबंदी' ने भूमि से जुड़े कार्यों को आसान बना दिया है, जिससे लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर लगाने की बाध्यता खत्म हो रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों तक डिजिटल सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने 1,226 नए लोकमित्र केंद्र स्थापित किए हैं। इससे लोगों को हिमसेवा ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल की सुविधाएं अपने गांव के पास ही मिल रही हैं। इस पोर्टल पर अब 449 सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं, जिनमें से 233 नई सेवाएं पिछले तीन वर्षों में जोड़ी गईं।

आईटी एवं गवर्नेंस विभाग द्वारा 'हिम परिवार' और 'हिम एक्सेस कार्ड' को डिजिटल रूप देकर 51 सेवाओं का एकीकरण किया गया है। इसी उपलब्धि के लिए हिमाचल को 'पीपल फर्स्ट इंटीग्रेशन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। बच्चों के आधार नामांकन में भी हिमाचल को सर्वश्रेष्ठ राज्य का दर्जा मिला है। मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन को नवाचार और डिजिटल परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया, जो सुशासन की नई परिभाषा लिख रहा है।

### तकनीक आधारित विकास व रोजगार का नया क्षितिज

**आईटी** ढांचे को मजबूत करने के लिए वाकनाघाट में प्रस्तावित साइबर सिटी तथा कांगड़ा और शिमला में नए आईटी पार्क विकसित किए जा रहे हैं। डेटा स्टोरेज, एआई तथा तकनीकी कंपनियों को आकर्षित करने से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। राशन वितरण प्रणाली में फेस ऑथेंटिकेशन जैसी आधुनिक तकनीक से पारदर्शिता बढ़ी है। वहीं, कृषि, आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं में ड्रोन तकनीक का उपयोग हिमाचल को आधुनिक शासन का मॉडल बना रहा है।

### हिमसेवा पोर्टल और डिजिटल लाभ पहुंच में नई क्रांति

## भारत-रूस के प्रगाढ़ संबंध वैश्विक चुनौतियों से निपटने में अहम : अनुराग

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दो दिवसीय भारत दौरे को दोनों देशों के साझा भविष्य को समृद्ध करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के द्विपक्षीय प्रगाढ़ संबंध वैश्विक चुनौतियों से निपटने में अहम भूमिका निभाएंगे।



अनुराग ने कहा कि भारत-रूस के मैत्रीपूर्ण संबंध बहुत पुराने हैं और पुतिन ने पिछले अढ़ाई दशकों में इसे और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के करीब 25 साल से चले आ रहे आत्मीय संबंध भारत को वैश्विक मंच पर महत्वपूर्ण लाभ पहुंचाते रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के सर्वोच्च नेताओं की बैठक में आर्थिक सहयोग को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई और मिशन 2030 पर सहमति बनी, जिसका लक्ष्य व्यापार और निवेश को विविध, संतुलित और टिकाऊ बनाना है। उन्होंने कहा कि भारत-रूस संबंध बहुआयामी, व्यापक और परस्पर लाभकारी हैं, जो राजनीतिक, रणनीतिक, सैन्य, सुरक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, संस्कृति, शिक्षा और मानवीय सहयोग जैसे क्षेत्रों में मजबूती से फैले हुए हैं।

अनुराग ने यह भी कहा कि किसी भी साझेदारी की नींव आपसी विश्वास होती है और भारत-रूस संबंधों की सबसे बड़ी ताकत यही है। मोदी सरकार की 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' नीति के तहत भारत तेजी से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। दोनों देश पारंपरिक और नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और दीर्घकालिक, टिकाऊ और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पौंग बांध जलाशय में एडीबी के सुझावों पर शुरू होंगी जल क्रीड़ा गतिविधियां

## जल क्रीड़ा केंद्र के ढांचे को कैसे इस्तेमाल किया जाए, चल रहा विचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



> **एडीबी टीम ने हाल ही में दौरा कर बारीकी से जांची हैं व्यवस्थाएं**

**पौंग** झील में पर्यटन गतिविधियों को एडीबी टीम के सुझावों पर शुरू किया जाएगा। टीम की ओर से वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियां शुरू करने के लिए पर्यटकों को उपलब्ध करवाई जाने वाली सुविधाओं को लेकर सुझाव दिए गए हैं। इसके आधार पर योजना बनाने, उपलब्ध करवाई जाने वाली बोट, उपकरण, चेजिंग रूम और शौचालय की व्यवस्था करवाने को लेकर खाका तैयार किया गया है। साथ ही झील में जल क्रीड़ाओं को दो जोन में करवाने को लेकर वन्य प्राणी विभाग से मिली मंजूरी के चलते कौन-कौन सी गतिविधि करवाई जानी है, इस पर भी एडीबी की ओर से पर्यटन विभाग को सुझाव दिए गए हैं। जिला कांगड़ा में पर्यटन गतिवधियों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करने के चलते पौंग झील में एडीबी के सहयोग से गतिवधियों को शुरू करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। झील में इन गतिविधियों को शुरू करने के लिए आवश्यकताओं को लेकर हाल ही में एशियन डेवलपमेंट बैंक की टीम की ओर से भी निरीक्षण कर सभी चीजों को बारीकी से जांचा है। वहीं, झील क्षेत्र में नंगल चौक और धमेटा के हिस्सों में भी जलक्रीड़ाओं को शुरू करने की मंजूरी पर्यटन विभाग को मिली है। इन दोनों जोन में कौन-कौन सी गतिविधि शुरू की जा सकती है, इसको लेकर भी योजना बनाई जा रही है। इन दोनों जोन का अभी कुल क्षेत्र कितना है, इसकी जानकारी उपलब्ध होने के बाद पर्यटन गतिविधियां तय की जाएंगी।

उधर, जिला पर्यअन अधिकारी विनय धीमान का कहना है कि एडीबी की टीम की ओर से पौंग झील की इंस्पेक्शन की जा चुकी है और अगली योजना पर कार्य चल रहा है। पौंग क्षेत्र में जो क्षेत्रीय जल क्रीड़ा केंद्र है, उसके इंफ्रास्ट्रक्चर को कैसे इस्तेमाल करना है, इस पर भी कार्य किया जा रहा है। जल्द ही इस दिशा में आगामी कदम उठाए जाएंगे।

## संविधान महज एक किताब नहीं, देश की आत्मा है : अमीचंद

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** बाबा साहिब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमीचंद की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय पालमपुर में मनाई गई। इस कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अजय कबीर व भाजपा जिला अध्यक्ष रागनी रुकवाल विशेष रूप से उपस्थित रही। सभी कार्यकर्ताओं ने बाबा साहिब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कर बाबा साहिब के अभूतपूर्व योगदान को याद किया।

जिला अध्यक्ष अमीचंद ने कहा कि बाबा साहिब का संविधान महज एक किताब नहीं बल्कि हमारे देश कि आत्मा है और देश का हर नागरिक उसका पालन करता है। इस दौरान जिला महामंत्री स्वरूप डोगरा, मिलाप कौशल, राकेश गिल तथा मंडलों से आए मण्डल आध्यक्षों सहित कई कार्यकता भी मौजूद रहे।

# विधायक आशीष बुटेल ने राजपुर स्कूल के मेधावी किए सम्मानित

## कहा- प्रदेश सरकार गुणात्मक शिक्षा को लेकर कृतसंकल्प

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**



स्कूल प्रशासन को उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**पालमपुर।** विधायक पालमपुर आशीष बुटेल ने शनिवार को पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजपुर में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

विधायक आशीष बुटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन की मजबूत नींव है और बेहतर शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थी अपने जीवन लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई भी दी। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की प्रधानाचार्य संगीता शर्मा ने विधायक का स्वागत किया तथा विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर नगर निगम महापौर गोपाल नाग, पार्षद एवं पूर्व महापौर पूनम वाली, नगर निगम के पार्षद, विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य, अध्यापकगण, विभागीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## यात्रियों की जेब पर अतिरिक्त बोझ, दिल्ली से स्पाइस जेट विमान से पहुंचे हवाई यात्री

**अनंत ज्ञान, गगल**

> **इंडिगो और स्पाइसजेट विमानों ने दी सेवाएं**

**स्पाइसजेट** का विमान शनिवार सुबह सात बजकर चालीसा मिनट पर 51 हवाई यात्रियों को लेकर कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचा। कुछ हवाई यात्रियों से किराए के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हमारी मजबूरी है अपने गंतव्य तक पहुंचाने के लिए। एक विमान यात्री जीवन कुमार ने बताया कि पहले तो ज्यादा से ज्यादा 5000 तक किराया होता था, तो आसानी से हम सफर कर लेते थे, लेकिन अब स्थिति कुछ और है। इसके चलते किराए में बढ़ोतरी हुई है, क्योंकि इस समय काफी फ्लाइटें रद्द हैं, जिस कारण किराए में बढ़ोतरी हुई है। वहीं, बेंगलुरु से आए राहुल रूंगटा और अलका रूंगटा ने बताया कि हमारी कनेक्टेड फ्लाइट थी, जिस कारण किराया सामान्य ही था हम इसे पहले से ही बुक करवार चुके थे। सूत्रों के अनुसार, स्पाइसजेट के विमान में 41 यात्री दिल्ली से कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे और 75 यात्री कांगड़ा एयरपोर्ट से दिल्ली को लैंड हुए। वहीं, इंडिगो का विमान जो 9:20 पर कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड हुआ और 9:50 पर कांगड़ा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हुआ। सूत्रों के अनुसार, इंडिगो के विमान से दिल्ली से 20 यात्री कांगड़ा एयरपोर्ट पर पहुंचे और 50 यात्री कांगड़ा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए टेक ऑफ हो गया यानी किसी यात्री ने हवाई यात्रा करनी होगी तो इन दिनों में अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी, क्योंकि इन दिनों हवाई किराया चार-पांच गुना अधिक हो गया है। शनिवार को इंडिगो की एक और स्पाइसजेट के दो विमानों ने अपनी सेवाएं दी।

# हिमुडा लोगों को करवा रही किफायती आवासीय सुविधा उपलब्ध : धर्माणी

## नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री ने ज्वालामुखी के भाट्टी में हिमुडा कॉलोनी का किया भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला/ज्वालामुखी**

नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि यह नवाचार का युग है और हिमुडा को अपनी कार्य प्रणाली में नवाचार का समावेश कर रही है। उन्होंने कहा कि सतत विकास के लक्ष्य के साथ-साथ हिमाचल में सुनियोजित शहरीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। शनिवार को ज्वालामुखी के भाट्टी में हिमुडा कॉलोनी के भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि भाट्टी में हिमुडा कॉलोनी में आधुनिक सुविधाओं से लैस 130 प्लाट तैयार किए गए हैं।

राजेश धर्माणी ने कहा कि हिमाचल में हिमुडा लोगों को किफायती और बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रहा है। हिमाचल प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है। इसके मद्देनजर हिमुडा को प्रदेश की



मंत्री राजेश धर्माणी ने हिमुडा को स्टार्टअप फंड की संभावनाओं को तलाशने के निर्देश दिए।

पारिस्थितिकी को ध्यान में रखते हुए परियोजनाओं का पूरा करना चाहिए, ताकि लोगों और निवेशकों का विश्वास हिमुडा पर और अधिक बढ़े। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को थीम बेस्ड कॉलोनियों के निर्माण की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि हिमुडा की परियोजनाएं लोगों और निवेशकों को आकर्षित कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हरित पहल को ध्यान में रखते हुए परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए ऑनलाइन प्रणाली विकसित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में युवाओं की नवीन पहलों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान करने पर भी विचार किया जाएगा। इससे प्रदेश में स्टार्टअप इको सिस्टम का भी विकास होगा। उन्होंने हिमुडा को स्टार्टअप और प्रशिक्षुता की दिशा में कार्य करने पर बल देते हुए स्टार्टअप फंड की संभावनाओं को तलाशने के भी निर्देश दिए। नगर एवं नियोजन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में हरित और पर्यावरण अनुकूल भवनों के डिजाइन को प्राथमिकता प्रदान की जा रही है।

इस अवसर पर ज्वालामुखी के विधायक संजय रत्तन तथा देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। हिमुडा के चेयरमैन यशवंत चजटा ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

## प्रवक्ताओं की रोकी वेतन वृद्धि की जाए बहाल : प्रवक्ता संघ

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा की ओर से संयुक्त बयान में कहा कि बोर्ड मानकों के अनुरूप कम परीक्षा परिणाम देने वाले प्रवक्ताओं की शिक्षा विभाग द्वारा वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक लगाई गई है, उसे बहाल किया जाए। प्रवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास, महासचिव बलजीत सिंह अटवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार एवं रमेश ठाकुर ने कहा कि एक वर्ष खराब परिणाम आने पर दंडात्मक कार्रवाई अनुचित है। इससे प्रवक्ताओं के मनोबल पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

सिकंदर मिन्हास ने कहा कि खराब परिणाम आने के कई कारण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रवक्ता समर्पण भाव से अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं तथा बेहतर परिणाम भी प्रदान कर रहे हैं। एक वर्ष के परिणाम के आधार पर वार्षिक वेतन वृद्धि रोकना न्यायोचित नहीं है, एक बार तो संबंधित प्रवक्ता को सुधार का मौका देना चाहिए। ऐसी कड़ी कार्रवाई तभी अमल में लाई जानी चाहिए, जब लगातार चेतावनी देने से बाद भी कोई प्रवक्ता सार्थक परिणाम देने में असमर्थ रहता है। जिन प्रवक्ताओं की वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी गई है, उनके गत वर्षों के परिणाम सराहनीय रहे हैं। अतः विभाग द्वारा ऐसी दंडात्मक कार्रवाई अमानवीय है। इसे तुरंत प्रभाव से रोक कर संबंधित प्रवक्ताओं की वार्षिक वेतन वृद्धि बहाल की जाए। इस अनुचित दंडात्मक कार्रवाई से प्रभावित कुछ प्रवक्ता सेवानिवृत्त होने वाले हैं तथा कुछ पदोन्नति के लिए कतारबद्ध खड़े हैं, ऐसे में ऐसी कार्रवाई उनके मनोबल को गिरा रही है तथा हीन भावना से ग्रस्त कर रही है। प्रवक्ता संघ ने शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव एवं निदेशक विद्यालय शिक्षा से मांग की कि प्रवक्ताओं को राहत प्रदान की जाए।

# रेबीज से टीकाकरण और सावधानी बरत कर बचा जा सकता: डॉ. मनजीत

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में मादक पदार्थ विरोधी अभियान समिति की ओर से शनिवार को नशा निवारण एवं रेबीज रोधी जागरूकता व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में नशे के दुष्प्रभावों और रेबीज जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में राकेश भारतीय, संयुक्त आयुक्त, राज्य आबकारी एवं कराधान विभाग, उत्तर मंडल पालमपुर ने नशा निवारण पर प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के नशों, उनके मानसिक, शारीरिक और सामाजिक दुष्प्रभावों तथा उनसे बचने के वैज्ञानिक उपायों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे किसी भी परिस्थिति में नशे का प्रयोग न करें, क्योंकि नशा व्यक्ति के साथ-साथ परिवार और समाज के लिए विनाशकारी सिद्ध


नशा निवारण एवं रेबीज रोधी जागरूकता व्याख्यान का आयोजन।

होता है। द्वितीय सत्र में डॉ. मनजीत कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी, थुरल ने रेबीज पर केंद्रित व्याख्यान दिया। उन्होंने इसके फैलने के कारण, रोकथाम के उपाय और समय पर टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सावधानी बरतकर रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी से पूरी तरह बचाव संभव है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने छात्रों, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवियों तथा रोवर्स-रेंजर्स को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं शिक्षण स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. बोविन्दर कटोच द्वारा संचालित यह कार्यक्रम छात्रों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी रहा, जिसने युवाओं में नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर सकारात्मक चेतना विकसित की।

# देहरा में जिला खो-खो टीम चयन के लिए ट्रायल 9 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

> **राज्यस्तरीय सीनियर स्पर्धा की तैयारियां तेज**

**हिमाचल** प्रदेश खो-खो संघ की ओर से राज्यस्तरीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता (महिला एवं पुरुष वर्ग) के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में कांगड़ा जिला खो-खो संघ ने खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया तेज कर दी है। संघ के जिला कांगड़ा अध्यक्ष प्रो. करण पठानिया ने बताया कि कांगड़ा जिला टीम के चयन ट्रायल 9 दिसंबर को देहरा ब्वॉयज स्कूल में आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होने वाले इन ट्रायल में चयन समिति खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखेगी और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिला टीम में जगह दी जाएगी। इसके बाद चुनी गई टीम 13 व 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली हिमाचल प्रदेश राज्यस्तरीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेगी। गौरतलब है कि 18वीं राज्य स्तरीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता सिरडा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, नौलखा (सुंदरनगर-1) में 13-14 दिसंबर को आयोजित होगी। प्रतियोगिता के सुचारु आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन भी किया गया है, जिनमें ऑर्गेनाइजिंग, खानपान, ग्राउंड, ट्रांसपोर्ट, स्टेज-रिसेप्शन और अकोमोडेशन कमेटियां शामिल हैं। महासचिव एलआर वर्मा ने सभी सदस्यों से प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग करने का आग्रह किया है। कांगड़ा जिला की ओर से प्रो. करण पठानिया ने सभी खिलाड़ियों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर उपस्थित होकर ट्रायल में भाग लें, ताकि कांगड़ा जिला मजबूत टीम के साथ राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उतर सके। किसी भी जानकारी के लिय 9418107736 पर संपर्क कर सकते हैं।

# विधायक किशोरी लाल ने कोटली में आगजनी घटनास्थल का किया निरीक्षण

## प्रभावित परिवार को हरसंभव सहायता का दिया आश्वासन


कोटली गांव में आगजनी से हुए नुकसान का जायजा लेते विधायक किशोरी लाल।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल ने गत दिनों बीड़ के कोटली गांव में हुई आगजनी की घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा प्रभावित परिवार से मुलाकात कर उनकी स्थिति का जायजा लिया तथा घटना से हुए बड़े नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। कोटली क्षेत्र में एक स्थानीय परिवार का मकान अचानक आग की चपेट में आ गया था। आग इतनी भीषण थी कि चार कमरों का मकान जलकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया तथा परिवार का अधिकांश सामान भी आग में जलकर नष्ट हो गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए विधायक किशोरी लाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को तुरंत राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को नुकसान का शीघ्र आकलन कर प्रभावित परिवार को राहत राशि प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संबंधित विभागों को प्रभावित परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। विधायक ने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रदेश सरकार और प्रशासन पूरी मजबूती के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने प्रभावित परिवार को हर संभव सहायता एवं आवश्यक सरकारी मदद उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, राजस्व विभाग के अधिकारी तथा गांववासी उपस्थित रहे।

# किसान 15 तक गेहूं की फसल का करवाएं बीमा : डॉ. कुलदीप

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

> **प्राकृतिक कारणों से गेहूं की फसल के नष्ट होने पर किसानों को 2400 रुपए प्रति कनाल की दर से मिला मुआवजा**

उप निदेशक कृषि डॉ. कुलदीप धीमान ने बताया कि फसल की बिजाई से लेकर फसल की कटाई के 15 दिन बाद तक प्राकृतिक कारणों जैसे कि सूखा, ओलावृष्टि, बाढ़, जलभराव या आसमानी बिजली से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत की जाती है।

प्राकृतिक कारणों से गेहूं की फसल यदि पूरी तरह से नष्ट हो जाए तो इस योजना के तहत किसानों को 2400 रुपए प्रति कनाल की दर से मुआवजा मिलता है और जौ की फसल का 2000 रूपए प्रति कनाल की दर से मुआवजा मिलता है, अन्यथा फसल को जिस भी मात्रा में नुकसान हुआ हो, उसके अनुसार मुआवजा मिलता है।

उपनिदेशक कृषि ने बताया कि किसान कार्डधारक ऋणी किसानों की फसलों का बीमा संबंधित बैंक द्वारा स्वतः ही कर दिया जाता हैं, जबकि अन्य किसान किसी भी लोक मित्र केंद्र में जा कर अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। लोकमित्र केंद्र से बीमा करवाने के लिए किसान अपने साथ आधार कार्ड, पासपोर्ट फोटो, बैंक पासबुक के पहले पन्ने की प्रतिलिपि तथा जमीन के पर्चा ततीमा साथ ले जाएं। गेहूं की फसल का बीमा करवाने के लिए किसान को 36 रुपए प्रति कनाल तथा जौ की फसल का बीमा करवाने के लिए 30 रुपए प्रति कनाल की दर से प्रीमियम देना पड़ता है।

कुलदीप धीमान ने किसानों से आग्रह किया है कि वे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत गेहूं व जौ की फसल का बीमा अंतिम तिथि 15 दिसंबर तक अवशय करवाएं। उन्होंने कहा कि इस योजना से सम्बंधित अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए किसान नजदीकी कृषि विभाग के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इस कंपनी के निशुल्क सहायता सेवा नंबर 1800-572-3013 या कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 14447 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# कौना में 100 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच


राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल हल्दरा कौना में लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते डॉक्टर।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल हल्दरा कौना में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एनपीपीएमओएएमडी के नोडल सेंटर राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय पपरोला के डॉक्टरों की टीम ने शिविर में आए रोगियों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच व उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया।

ईसीजी, शूगर व एचबी के टेस्ट किए गए। इसके साथ-साथ दवाइयां भी निशुल्क दी गईं। शिविर में गांव कौना, हल्दरा, पलहूणी, सांबा, गढ़ बसदी आदि गांवों से आकर लगभग 100 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की निशुल्क जांच करवाई। इस शिविर में विभिन्न मांसपेशीय एवं अस्थि संबंधी रोगों से पीड़ित रोगियों को कपिंग थेरैपी, मर्म चिकित्सा तथा अग्निकर्म चिकित्सा जैसी विशेष आयुष उपचार विधियों का लाभ प्रदान किया गया। साथ ही लाभार्थियों को विभिन्न गैर औषधीय उपायों जैसे योग व्यायाम, संतुलित आहार एवं जीवन शैली सुधार के माध्यम से रोगों की रोकथाम एवं प्रबंधन के बारे विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान आयुर्वेदिक अस्पताल हल्दरा कौना के इंचार्ज डॉ. भास्कर ने पपरोला अस्पताल से आए मुख्य चिकित्सक डॉ. माणिक सोनी, डॉ. धीरज मेहरा व उनकी समस्त टीम का अभिनंदन किया। इस बीच आयुर्वेदिक अस्पताल हल्दरा कौना के चिकित्सकों की पूरी टीम ने इस कार्य में भरपूर सहयोग दिया। इस मौके पर डॉ. रितिका डॉ. पूनम, डॉ. अरुण, फार्मेसी आफिसर नीलमा कुमारी, ए एन एम सुदेश, पूर्णिमा एवं रेणू ने भी पूरा सहयोग दिया।

# गंगवाल में 62 .66 ग्राम हेरोइन नकदी के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**इंदौरा।** पुलिस थाना इंदौरा के तहत पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एक घर में सीआईए टीम ने छापेमारी की गई। इस दौरान गंगवाल गांव में एक व्यक्ति के पास से 62.66 ग्राम हेरोइन तथा 50000 की नकदी बरामद की है। पुलिस थाना इंदौरा में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान राकेश उर्फ मुन्ना, जिला गुरदासपुर (पंजाब) के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत इंदौरा में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर भेजा है।

## धर्मशाला में नौ दिसंबर को होगी जनसुनवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्टीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी की अध्यक्षता में 9 दिसंबर मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे उपायुक्त कार्यालय परिसर के सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला परियोजना अधिकारी अशोक शर्मा ने दी।

# पर्यटन विकास निगम यूनिटस के किचन का होगा फायर ऑडिट

## धौलाधार होटल में लगी आग के बाद निगम प्रबंधन ने लिया निर्णय

- फायर एक्सपर्ट की टेक्निकल टीम से करवाया जाएगा ऑडिट
- होटल का रास्ता भी होगा बड़ा ताकि पूरी घूम सके फायर ब्रिगेड की गाड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**हिमाचल** प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) की सभी यूनिटस का फायर ऑडिट होगा। पिछले दिनों जिला मुख्यालय स्थित होटल धौलाधार में लगी आग के बाद निगम प्रबंधन ने सभी यूनिटस के फायर ऑडिट के निर्देश जारी कर दिए हैं।

फायर ऑडिट फायर एक्सपर्ट की टेक्निकल टीम से करवाना सुनिश्चित करना होगा। इस दौरान यदि फायर एक्सपर्ट, फायर उपकरण की बात कहते हैं या कोई सुझाव देते हैं तो उसी अनुरूप निगम यूनिटस के किचन में व्यवस्थाएं की जाएंगी। होटल के प्रवेश रास्ते को भी बड़ा किया जाएगा, जिससे कि आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड की गाड़ी पूरी घूम सके। फायर हाइडेंट भी हर माह कम से कम चेक हों, यह भी सुनिश्चित किया जाएगा। गौरतलब है कि धर्मशाला स्थित होटल धौलाधार के एक हिस्से में वीरवार रात को लगी आग से करीब डेढ़ से दो करोड़ रुपए का नुकसान का आकलन किया गया है। होटल की इंश्योरेंस पहले ही हो चुकी थी, जिसके चलते होटल प्रबंधन ने इस बारे में इंश्योरेंस कंपनी को भी सूचित कर दिया है, जिसका प्रोसेस ऑनलाइन था।

### बुकिंग भी है और मैच भी होना है

**एमडी** एचपीटीडीसी डॉ. राजीव कुमार का कहना है कि आग लगने से होटल का किचन जला है, रिसेप्शन एरिया और रेस्टोरेंट सेफ है, छत्त में आग लगी थी, जिसके चलते होटल के संचालन में कोई दिक्कत नहीं है। प्रबंधन प्रयासरत है कि जल्द होटल संचालन शुरू हो जाए, क्योंकि शादियों का समय चल रहा है और होटल की काफी बुकिंग भी हैं। आगामी दिनों में धर्मशाला में टी-20 मैच भी होना है, जिससे पर्यटन निगम को राजस्व आएगा, ऐसे में पूरा प्रयास किया जा रहा है कि किचन व रेस्टोरेंट को आज से ही चालू कर दिया जाए। किचन को पुनः तैयार करने में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लकड़ी या अन्य मेटीरियरल का इस्तेमाल न हो, जो कि आग जल्दी पकड़े। इसी तरह के निर्देश निगम की सभी यूनिटस को दी जा रही हैं। निगम के डीडीओ और यूनिट इंचार्ज को निर्देश दिए गए हैं कि यूनिट के फायर ऑडिट करवाएं। फायर उपकरण या कोई मशीनरी खरीदनी है, इसके एस्टीमेट बनाने को कहा गया है, जिससे कि यदि आग लगने तो उसे प्रारंभित तौर पर ही बुझाया जा सके।

### तकनीकी टीम करेगी कंप्लीट सर्वे

**डॉ.** राजीव कुमार ने बताया कि होटल के कमरे पूरी तरह सुरक्षित हैं, आग लगने के समय अफरातफरी का माहौल था, जिसके चलते पर्यटकों को कमरों से बाहर निकालने के लिए शीशे तोड़ने पड़े थे और वेंटीलेशन कम होने के चलते कुछ कमरों को तोड़ने की जरूरत पड़ी थी, ताकि जान व सामान का नुकसान न हो। निगम की तकनीकी टीम यहां आ चुकी है, टीम के साथ कंप्लीट सर्वे किया जाएगा, जो एक दिन में करने वाले होंगे, उन्हें किया जाएगा, जिसमें समय लगना होगा, उसका एस्टीमेट बनाकर थोड़े समय बाद फंक्शनल कर दिया जाएगा।



डॉ. राजीव कुमार, एमडी, एचपीटीडीसी।

### गैस लीक हुई और गर्म तेल ने पकड़ ली आग

एमडी ने बताया कि आग लगने के दिन होटल में एक कार्यक्रम था, किचन में स्नेक्स बनने थे, उसके लिए तेल गर्म किया जा रहा था। सुनने में आया कि वहां कुछ गैस लीक हुई और गर्म तेल ने आग पकड़ ली। किचन की छत्त भी काफी पुरानी थी, जो कि लकड़ी की बनी थी। भविष्य में इस तरह की घटना न हो, इसके लिए निगम के सभी यूनिटस के किचन की फायर ऑडिट करवाने के निर्देश दिए गए हैं। लोकल फायर आफिस से फायर एक्सपर्ट आएं और चेक करें, साथ ही किसी उपकरण की जरूरत हो तो उनकी भी व्यवस्था की जाए।

# डिप्टी सीएम अग्निहोत्री ने लंज स्थित साईं मंदिर में किए दर्शन



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने साईं मंदिर लंज में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार को कांगड़ा जिले के प्रसिद्ध साईं मंदिर लंज में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की मंगल कामना की। मंदिर परिसर में पहुंचने पर उपमुख्यमंत्री का मंदिर प्रबंधन समिति ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने साईं बाबा के दरबार में विशेष पूजा-अर्चना की और प्रदेश के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण तथा सामाजिक सद्भाव के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत राज्य के विकास और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और हर वर्ग की तरक्की सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।


नई जोड़ी



तलविंदर लक्की मानपुरा व सिमरन निवासी रायपुर जखोली को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।


## चक्की पुल के पास दुकान में लगी आग

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट हिमाचल सीमा पर देर शाम करीब साढ़े छह बजे चक्की पुल के पास दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। फिलहाल, फायर ब्रिगेड माडल टाउन से पहुंची दो गाड़ियों ने आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, पठानकोट-पर स्थित चक्की पुल के पास यात्री निवास के पास वाली मार्केट में एक दुकान को आग लग गई। घटना करीब शाम साढ़े छह बजे की है। इसी बीच देखते ही देखते आग की लपटें इतनी तेज हो गई कि आस पास की दुकानों और यात्री निवास में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुकानदारों ने अपनी दुकानों का समान बाहर निकालना शुरू कर दिया। स्थानीय दुकानदारों व लोगों ने माडल टाउन स्थित फायर ब्रिगेड को सूचित किया। इसके बाद मौके पर पहुंची दो फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## कांगड़ा विस क्षेत्र के हर गांव में पहुंचेगी बस सेवा : अजय वर्मा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के हर गांव को बेहतर सड़क और बस सेवा से जोड़ने की दिशा में काम किया जा रहा है, जो गांव बस सेवा से वंचित हैं। इन गांवों की सड़क की मरम्मत कार्य किया जा रहा है। यह बात एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि भंगवार नई टनल से कांगड़ा बाईपास तक की सड़क का कार्य जल्द शुरू होने जा रहा है, जिसके लगभग 11 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया समेला रेलवे लाइन और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास डंगे भी लगाए जाएंगे। कांगड़ा तहसील चौक से टांडा सड़क का कार्य भी जल्द शुरू होने जा रहा है। उन्होंने बताया राजल, ठानपुरी सड़क का टेंडर भी हो चुका है। उन्होंने बताया बड़ी बेही और छोटी बेही को जल्द बस सुविधा मिलने जा रही है। सहोड़ा से अब्दुल्लापुर, जमानाबाद, टांडा के लिए भी टेंपो ट्रैवलर चलाई जाएगी, जिससे लोगों को परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि तहसील चौक के सौंदर्यीकरण का भी कार्य शुरू हो गया है और यहां लोगों को जल्द बैठने के लिए सुंदर स्थल, सेल्फी प्वॉइंट बेहतर रोशनी की सुविधा मिलेगी। यहां पर एक एलइडी भी लगाई जाएगी, जिस पर मंदिर की आरती का प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने तहसील चौक के सौंदर्यीकरण के चल रहे कार्य का मौके पर निरीक्षण किया और अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ नवनीत शर्मा, पार्षद संजीव गुप्ता व एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल मौजूद रहे।

## विज्ञान की रोचकता, नशा निवारण और शिक्षा के महत्व पर कार्यशाला



सेवानिवृत्ति प्रवक्ता सुलेंदर ने नशा तथा भाषा विषय पर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय उच्च विद्यालय सगूर में विज्ञान विषय की रोचकता, नशा निवारण तथा शिक्षा के महत्व के वारे में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य राकेश रैणा ने विज्ञान विषय की दैनिक जीवन में उपयोगिता तथा सेवानिवृत्ति प्रवक्ता सुलेंदर ने नशा तथा भाषा विषय पर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस अवसर पर मुख्याध्यापक मनोज उपाध्याय ने आए हुए विषय वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। समस्त विधालय स्टाफ सदस्य शेषराज, प्यार चंद, कविता विनोद, इंदू, मूलचंद, जसवंत, प्रीती, अजय, योगेश सभी इसमें शामिल हुए।

## दोस्तों के साथ वीकेंड मनाने आए रोपड़ के युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** वीकेंड मनाने के लिए धर्मशाला आ रहे युवकों में से एक की तबीयत खराब होने के कारण अज्ञात कारणों से मौत हो गई। मृतक की पहचान 32 वर्षीय अमोल सिंह तहसील व जिला चमकौर साहिब, रोपड़ के रूप में हुई है, जो एक इन्फोटेक कंपनी में काम करता था। जानकारी के अनुसार, चंडीगढ़ के आसपास के क्षेत्रों से तीन दोस्तों के साथ धर्मशाला घूमने के लिए शुक्रवार देर शाम को मैक्लोडगंज पहुंचा था। कार में बैठे युवक को उठाने की कोशिश की गई, तो अचेत हालत में पाया गया। दोस्तों ने तुरंत जोनल अस्पताल धर्मशाला पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक रोपड़ का रहने वाला था। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

## तपोवन में शीतकालीन सत्र खत्म होने के साथ ही वीवीआईपी मूवमेंट थमी, सामान्य हुई दिनचर्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** की दूसरी राजधानी धर्मशाला के तपोवन स्थित विधानसभा भवन में विधानसभा का शीतकालीन सत्र समाप्त होने के साथ ही वीवीआईपी मूवमेंट थम गई। अब जिला मुख्यालय धर्मशाला में दिनचर्या सामान्य हो गई है। 26 नवंबर से शुरू हुआ शीतकालीन सत्र शुक्रवार को संपन्न हुआ। आठ दिन तक लगातार चली चहल-पहल, राजनीतिक गतिविधियां, रैलियां, प्रदर्शन और भारी वीवीआईपी मूवमेंट के बाद शनिवार की सुबह शहर एक बार फिर अपने सामान्य सन्नाटे में लौट आया। विधानसभा का शीतकालीन सत्र समाप्त होते ही मुख्यमंत्री सुक्खू सदन स्थगित होने के लगभग आधे घंटे के भीतर ही हेलिकॉप्टर से शिमला के लिए रवाना हो गए। उनके साथ कई मंत्री, विधायक और अधिकारी भी शुक्रवार शाम तक शीतकालीन राजधानी छोड़कर निकल पड़े। पिछले डेढ़ सप्ताह से धर्मशाला की सड़कों पर लगातार दौड़ते सायरन-युक्त काफिले शुक्रवार शाम थम से गए। वहीं, शनिवार को एक बार फिर से शहर में सामान्य दिनचर्या नजर आई। सत्र के दौरान धर्मशाला के विभिन्न सड़क मार्गों सहित तपोवन तक पुलिस जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात थे, जबकि सत्र समाप्ति के बाद दिनचर्या सामान्य हो गई।

## भारत कंस्ट्रक्शन कंपनी के क्वार्टर में लगी आग, 19 वर्षीय कर्मचारी की मौत

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** भारत कंस्ट्रक्शन कंपनी का एक कर्मचारी कंपनी के बनाए गए क्वार्टर में आग लगने से जल गया। शुक्रवार देर रात लगभग 12 बजे के करीब कंपनी के बनाए गए टीन एवं फाइबर शीट के क्वार्टरों में अचानक आग लग गई। कुछ क्वार्टरों में रह रहे कर्मचारी भागने में सफल हो गए, जबकि एक क्वार्टर में रह रहे दो कर्मचारियों में से एक व्यक्ति तो बच निकलने में कामयाब हो गया, जबकि एक भीषण आग की चपेट में आ गया। 19 वर्षीय रोहित बरला सपुत्र अनिल बरला निवासी गांव बुडनी, डाकघर महुगांव जिला रांची झारखंड बुरी तरह से जल गया। सूचना मिलते ही कंपनी के कर्मचारी एवं स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और फायरबिग्रेड एवं पुलिस टीम को सूचना दी। शाहपुर एवं जवाली से फायर बिग्रेड की गाड़ियां पहुंची व आग पर काबू पाया गया। एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने नूरपुर अस्पताल में पोस्टमार्टम करने के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

## लेक व्यू स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स नवाजे

**पिंकी, अनंत ज्ञान**

डाडासीबा। लेक व्यू मॉडल हाई स्कूल नंगल चौक में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया।

कार्यक्रम में कर्मचारी एवं कामगार कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनमोह लिया। इन प्रस्तुतियों में पहाड़ी नाटी, गिद्धा, हरियाणवी लोकनृत्य, देशभक्ति गीत और लघु नाटक शामिल रहे। स्कूल के मुख्य अध्यापक वरिंदर सिंह ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सत्र 2024-25 में परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रतीक है। मुख्यातिथि ने विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए और उन्हें जीवन की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। स्कूल के एमडी व सेवानिवृत्त हेडमास्टर गुरदास राम ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर एचआरटीसी हमीरपुर के डीएम राजकुमार पाठक, प्रोफेसर अमर सिंह, पूर्व विधायक दलीप सिंह, पूर्व प्रधान धर्मचंद, व्यापार मंडल डाडासीबा के प्रधान राजिंदर सिंह गोगा, उपप्रधान परमेश्वरी दास, जिला परिषद सदस्य पुष्पा मन्हास, अश्विनी शर्मा सहित अभिभावक आदि उपस्थित रहे।



कामगार कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया रहे मुख्य अतिथि।

## सैनिक कल्याण विभाग ने मनाया झंडा दिवस

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला कांगडा में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य पर उप निदेशक जिला सैनिक कल्याण विभाग, कांगडा व मंडी कर्नल गोपाल सिंह गुलरिया ने 9 कोर के कार्यवाहक चीफ ऑफ स्टाफ ब्रिगेडियर संधू और वरिष्ट सैनिक अधिकारियों को लैपल्स पिन व झंडा लगाकर इसका शुभारंभ किया। तत्पश्चात उप निदेशक ने जिलाधीश हेमराज बैरवा, अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी शिल्पी बेकता को कार्यालय में जाकर लैपल्स पिन व झंडा लगाया। हर वर्ष की भान्ति संतोष कटोच, समाज सेविका ने झंडा दिवस में 7000 रुपए का दान देकर इस कार्यालय की शोभा बढ़ाई।

## बारी-समाना सड़क 8 से 15 तक रहेगी बंद

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग भवारना की ओर से सहायक अभियंता राजेश कुमार चोपड़ा ने सूचित किया है कि बारी से सांबा सड़क (किमी 0/00 से 10/00) का उन्नयन कार्य प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत प्रगति पर है। इसके तहत भाग बारी से समाना सड़क (किमी 0/00 से 3/100) पर तारकोल बिछाने का कार्य किया जाएगा। कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने और सड़क को किसी भी संभावित नुकसान से बचाने के लिए इस मार्ग पर 8 से 15 दिसंबर 2025 तक सभी प्रकार के छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद रहेगी। विभाग ने स्थानीय निवासियों, वाहन चालकों और आम जनता से सहयोग की अपील की है। साथ ही, लोगों को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित अवधि के दौरान अपने आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। विभाग का लक्ष्य सड़क उन्नयन कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कर जनता को बेहतर यातायात सुविधा प्रदान करना है।

## बढल स्कूल में 8 महीने से संस्कृत अध्यापक नहीं

**पिंकी, अनंत ज्ञान**

**डाडासीबा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बढल में संस्कृत अध्यापक के खाली पद ने शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। 5 मई 2025 को शास्त्री अध्यापक के तबादले के बाद से 8 महीने बीत गए, लेकिन विभाग आज तक नया शिक्षक तैनात नहीं कर पाया। परिणाम स्वरूप 6वीं से प्लस-टू तक पढ़ने वाले 200 विद्यार्थियों की संस्कृत कक्षाएं लगातार बंद, वार्षिक परीक्षाएं सिर पर और बच्चों का भविष्य अधर में।



- एसएमसी प्रधान बोले-15 दिन में नियुक्ति नहीं हुई तो करूंगा भूख हड़ताल

स्कूल में लगभग 300 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं, जिनमें संस्कृत विषय लेने वाले बच्चों की संख्या सबसे अधिक है। अभिभावक और स्थानीय लोग महीनों से विभागीय दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समाधान शून्य। एसएमसी प्रधान सतीश सपेहिया ने विभाग को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर शास्त्री अध्यापक की नियुक्ति नहीं की गई, तो वह स्कूल के मुख्य गेट के बाहर भूख हड़ताल पर बैठेंगे। उनका कहना है कि सरकार और प्रशासन की अनदेखी बच्चों की पढ़ाई पर सीधा प्रहार है। ग्रामीणों का सवाल साफ है कि जब 200 बच्चे संस्कृत पढ़ रहे हैं, तो 8 महीनों तक शिक्षक कौन सी फाइल में अटका था।

इलाके में यह मामला अब शिक्षा विभाग की लापरवाही का बड़ा उदाहरण बनकर उभर रहा है और स्थानीय लोग चाहते हैं कि सरकार तुरंत हस्तक्षेप करे।

## कई मायनों में ऐतिहासिक रहा विस का शीतकालीन सत्र : पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**उपमुख्य** सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि तपोवन में आयोजित शीतकालीन सत्र कई मायनों में ऐतिहासिक रहा है। इस बार तपोवन विस परिसर के इतिहास में आठ दिन का सबसे लंबा सत्र आयोजित करने का रिकार्ड भी बन गया है। इसके साथ वर्ष 2016 के बाद वर्ष कलेंडर में 35 बैठकें भी पूर्ण की गई हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान प्रदेश के सरकार तथा गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों के लगभग 1700 बच्चों ने सदन की कार्यवाही को देखा है, जो आज के युवा की लोकतांत्रिक प्रणाली के प्रति श्रद्धा व उत्सुकता को दर्शाता है।

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि विस सत्र के दौरान कांगड़ा जिले में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने करोड़ों के विकास कार्यों के उद्घाटन तथा शिलान्यास भी किए हैं। इसके साथ ही आम जनमानस की समस्याओं का भी मौके पर निपटारा किया गया है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला से ही चिट्टे के खिलाफ सरकार ने जन मुहिम का श्रीगणेश भी किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल विधानसभा एक विधायी संस्था के रूप में पूरे देश सबसे बेहतरीन कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि रचनात्मक चर्चा, संवाद जितना अधिक होगा, संस्थाएं भी उतनी ही सशक्त होंगी तथा आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम होंगी। उन्होंने कहा कि सकारात्मक चर्चा तथा सुविचारित तर्क प्रस्तुत करने से व्यक्ति और संस्था दोनों की प्रतिष्ठा बढ़ती है।

उन्होंने हिमाचल प्रदेश की गौरवशाली लोकतांत्रिक विरासत के बारे में बात करते हुए कहा कि 1925 में पीठासीन अधिकारियों का पहला सम्मेलन शिमला में आयोजित किया गया था, जो लोकतांत्रिक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक क्षण था। उन्होंने यह भी कहा कि विट्ठलभाई पटेल भी हिमाचल प्रदेश से केंद्रीय विधान परिषद के सभापति चुने गए थे। उन्होंने कहा कि तपोवन विस परिसर में इस वर्ष जुलाई में लोकसभा के अध्यक्ष की अध्यक्षता में नेशनल लेवल की वर्कशॉप भी आयोजित करवाई जा चुकी है। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि हिमाचल विधानसभा देश की पहली पेपरलेस विधानसभा है।

## दरंग स्कूल में शैक्षणिक, खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार किए सम्मानित

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल दरंग में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 'तरंग' धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संजय चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आगमन पर विद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थियों ने उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि संजय चौहान ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल जैसे संस्थान आधुनिक शिक्षा और संस्कारों का उत्कृष्ट समन्वय प्रस्तुत कर रहे हैं।

बच्चों की प्रतिभा को मंच देना अत्यंत महत्वपूर्ण है और 'तरंग' जैसे कार्यक्रम उन्हें नई दिशा और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी पुरस्कार प्राप्त बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। संजय सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन के चलते हिमाचल प्रदेश के हर क्षेत्र का समान विकास सुनिश्चित करेंगे तथा क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।

उन्होंने शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं है बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक बनना भी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ ऐसा वातावरण देना है जहां वे निडर होकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकें। आज बच्चों ने जिस उत्साह और कौशल का प्रदर्शन किया, वह हमारे विद्यालय की प्रगति का प्रमाण है। हम शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार और नवाचार के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, समूह गीत और विभिन्न मंचीय कार्यक्रम शामिल रहे। इसके बाद शैक्षणिक, खेलकूद और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।



सीनियर सेकेंडरी स्कूल दरंग में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 'तरंग' आयोजित किया गया।

## नैहरनपुखर के संगीतकार दिलगीर ने सोशल मीडिया पर मचाया तहलका

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** देवभूमि हिमाचल के छोटे से कस्बे नैहरनपुखर से ताल्लुक रखने वाले 24 वर्षीय युवा संगीतकार हरसिमरत दिलगीर इन दिनों सोशल मीडिया पर खासा चर्चा में हैं। अपनी नई एलबम 'सांग एक्सप्रेस' की घोषणा के बाद उनकी इंस्टाग्राम रील ने महज दो दिनों में ढाई हजार व्यूज हासिल कर बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। कभी तेरा सरनेम, इश्क दा जादू और रिहा भी नहीं जाना जैसे गीतों से पंजाब और हिमाचल में छाप छोड़ चुके दिलगीर इस बार 10 गानों की पूरी एलबम लेकर आए हैं। इन सभी गीतों की लिखावट और संगीत दिलगीर ने स्वयं तैयार किया है, जबकि आवाज दी है देहरा उपमंडल के डाडासीबा निवासी उभरते गायक अंशुल धीमान ने। दोनों की जुगलबंदी युवाओं की पसंद बन चुकी है। दिलगीर को अब पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री के नामी निर्माता-निर्देशकों से ऑफर मिलने लगे हैं, जिससे जिला कांगड़ा और प्रदेश को नई पहचान मिल रही है। अपनी नई म्यूजिक कंपनी के जरिए वे युवा कलाकारों के लिए भी नए अवसर खोल रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### गेहड़वीं में सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गेहड़वीं की प्रभात सभा में सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी का आयोजन प्रधानाचार्य चमनपुरी की अध्यक्षता में किया गया। सड़क सुरक्षा प्रभारी कुमारी अंबिका प्रवक्ता इतिहास ने मंच का संचालन करते हुए चार सदनों की टीमों की यह प्रतियोगिता संपन्न करवाई। सभी टीमों ने बहुत उत्सुकता व तैयारी के साथ भाग लिया। इसमें प्रश्नकर्ता के रूप में कुमारी अंबिका, विनोद चंदेल, संजीव परमार एवं रजनीश डोगरा ने अपनी-अपनी भूमिका अदा की। इस में कल्पना चावला सदन ने प्रथम अटल सदन ने द्वितीय तथा लक्ष्मीबाई व सुभाष सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आशा है सभी बच्चे इस जीवन सुरक्षा के रूप में अपनाएंगे। प्रतियोगिता में सुनीता कुमारी, संगीता, अतुल सिंह व अश्वनी धीमान ने भी अपनी-अपनी भूमिका अदा कर प्रश्नोत्तरी का सफल समापन किया।

### 'प्रयास' संस्था घर-द्वार लगाएगी मेडिकल कैंप

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** प्रयास संस्था के संयोजक राम कृष्ण ने बताया कि 8 दिसंबर सोमवार को ग्राम पंचायत जड्डू कुलजियार के गांव जड्डू में, 9 दिसंबर मंगलवार को ग्राम पंचायत धनी के गांव धनी में, 10 दिसंबर बुधवार को ग्राम पंचायत सलवाड के गांव सलवाड में, 11 दिसंबर वीरवार को ग्राम पंचायत जेजवीं के गांव सिल्ह में, 12 दिसंबर शुक्रवार को ग्राम पंचायत भडोली कलां के भडोली कलां में प्रयास संस्था द्वारा मैडिकल कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन मेडिकल कैंपों में डॉक्टर द्वारा निशुल्क चिकित्सा व निशुल्क टेस्टों के साथ साथ निशुल्क दवाईयां भी दी जाएंगी।

### जिलेभर में मनाया सशस्त्र सेना झंडा दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में शनिवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के अधिकारियों ने झंडा लगाया। इस अवसर पर उपायुक्त कार्यालय तथा अन्य विभागों के अधिकारियों ने अपनी स्वेच्छा से अंशदान दिया। उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि यह दिवस वीर सैनिकों, पूर्व सैनिकों तथा शहीद सैन्य कर्मियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में प्राप्त योगदान का उपयोग घायल सैनिकों के उपचार, पुनर्वास, युद्ध में शहीद हुए कर्मियों के परिजनों की सहायता, शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग तथा विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों में किया जाता है। राष्ट्र की सुरक्षा में इन वीर जवानों के साहस, अनुशासन और समर्पण को सम्मानित करना हर नागरिक का दायित्व है। उन्होंने इस अवसर पर जिला बिलासपुर के सभी नागरिकों से आह्वान किया है कि वह झंडा दिवस कोष में स्वेच्छा से अपना सहयोग प्रदान करें, ताकि इन महान वीरों और उनके आश्रित परिवारों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए संचालित योजनाओं को सुदृढ़ किया जा सके। साथ ही सभी नागरिकों, संस्थाओं, विभागों एवं सामाजिक संगठनों से भी आह्वान किया कि वह झंडा दिवस के उपलक्ष्य में लगाए गए स्टॉलों से झंडे प्राप्त करें और अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।

### कैडेट्स को बताया सशस्त्र सेना झंडा दिवस का महत्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एनसीसी आर्मी विंग के 45 कैडेट्स ने द्वितीय हिमाचल प्रदेश बटालियन एनसीसी मंडी के दिशा-निर्देशानुसार एसएससीडी गतिविधि के अंतर्गत सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल रहे। यह कार्यक्रम सीनियर अंडर ऑफिसर चंदन कौंडल, अंडर ऑफिसर सक्षम, कंपनी क्वार्टर मास्टर सार्जेंट मनीषा देवी तथा सार्जेंट शुभम के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने कैडेट्स को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस शहीदों और सैन्यकर्मियों के सम्मान का प्रतीक है।यह दिवस देश की सुरक्षा करने वाले वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है। इस दिन सैनिक कल्याण कोष के लिए जागरूकता बढ़ाई जाती है। झंडा दिवस हमें राष्ट्रीय एकता और बलिदान की भावना को याद दिलाता है।यह सेना, नौसेना और वायुसेना जैसे तीनों अंगों के योगदान का सम्मान करता है। इस दिन के माध्यम से समाज में देशभक्ति की भावना को प्रेरणा मिलती है।सैनिकों के परिवारों के लिए सहायता और सहयोग सुनिश्चित करने का संदेश दिया जाता है।राष्ट्र रक्षा में जुटे जवानों की सेवाओं के प्रति श्रद्धा प्रकट की जाती है। यह दिवस युवाओं को देश सेवा के लिए प्रोत्साहित करता है।सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमें राष्ट्रीय दायित्वों को समझने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कैडेट्स के उत्साह और प्रयासों की सराहना की।

### झंडूता-भगेड़ मार्ग पर सेर के पास सड़क बदहाल

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता मुख्यालय को भगेड़ से जोड़ने वाली मुख्य सड़क की हालत इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है। विशेष रूप से सेर गालियां के पास सड़क की टारिंग पूरी तरह उखड़ गई है और बड़े-बड़े गड्ढे ने वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ढलान वाली इस सड़क पर गड्ढों से बचने के लिए चालक मजबूरन वाहन सड़क के किनारे-किनारे या बाहर निकालकर चलाने को मजबूर हैं, जिससे किसी भी वक्त बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह हिस्सा बेहद जोखिम भरा बन गया है। समाजसेवी एवं व्यापार मंडल झंडूता के प्रधान प्रशांत शर्मा ने बताया कि सेर गालियां के पास सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। आए दिन वाहन चालक यहां दुर्घटना का शिकार होने से बाल-बाल बच रहे हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि इस सड़क की तुरंत मरम्मत करवाई जाए, ताकि किसी अनहोनी को रोका जा सके। वहीं, लोक निर्माण विभाग झंडूता के कनिष्ठ अभियंता महेंद्र ने फोन पर बताया कि ठेकेदार को झंडूता-भगेड़ मार्ग के सभी खराब हिस्सों को शीघ्र ठीक करने के सख्त निर्देश दे दिए गए हैं। जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू हो जाएगा।

### घुमारवीं में तकनीकी कर्मचारी संघ ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी कर्मचारी संघ जिला बिलासपुर की बैठक जिला प्रधान प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में घुमारवीं के निजी होटल में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रणवीर ठाकुर, जिला सिरमौर अध्यक्ष, जिला बिलासपुर के महामंत्री श्यामलाल शर्मा, विद्युत मंडल घुमारवीं के महासचिव रवि शंकर शर्मा सहित अन्य तकनीकी कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य विषय हाल ही में कांगड़ा के विद्युत मंडल शाहपुर में एक तकनीकी कर्मचारी द्वारा उच्च अधिकारियों की प्रताड़ना के कारण आत्महत्या का प्रयास था। इस घटना पर सभी ने संवेदना प्रकट की। प्रदेश अध्यक्ष ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी ड्यूटी सुरक्षा नियमों के अनुसार निभाएं और किसी भी उच्च अधिकारी द्वारा अनुचित दबाव डालने पर संघ के पास शिकायत करें। हिमाचल प्रदेश तकनीकी कर्मचारी संघ विद्युत विभाग के कर्मचारियों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर काफी संख्या में पदाधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बहुचर्चित बेरी-दड़ोला पुल का सपना चकनाचूर

## जमीन विवाद; रेलवे लाइन, नई बसाहट और 400 करोड़ की लागत ने तोड़ी उम्मीद, अब पुल बनना असंभव

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** कभी इस क्षेत्र की 'जीवनरेखा' कहा जाने वाला प्रस्तावित बेरी-दड़ोला पुल आज पूरी तरह ठहर चुका है। वर्षों से घोषणाएं, सर्वे, निरीक्षण और राजनीतिक वादे होते रहे, लेकिन पुल का एक खंभा भी जमीन पर नहीं खड़ा हो सका। जमीन विवाद, बीच में उगी नई बसाहट, गोबिंदसागर झील की गहराई, रेलवे लाइन की ऊंचाई और 400 करोड़ रुपए तक पहुंचती अनुमानित लागत—इन सभी कारकों ने मिलकर इस परियोजना को लगभग नामुमकिन श्रेणी में ला खड़ा किया है।

### मात्र एक राजनीतिक औपचारिकता बनकर रह गया पुल का शिलान्यास

**इस** परियोजना के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण घटना था, इसका शिलान्यास, जो आधिकारिक तौर पर कुंगर हट्टी गांव के पास किया गया था। उस समय मंचों पर इसे 'क्षेत्र का भविष्य बदलने वाला पुल' कहा गया था। शिलान्यास समारोह में बड़ी भीड़ जुटी, नारों और वादों के बीच पुल के जल्द बनने की बात कही गई, लेकिन इसके बाद न तो भूमि अधिग्रहण आगे बढ़ा, न सर्वे पूरा हुआ और न ही एप्रोच रोड का रूट फाइनल हो पाया। शिलान्यास सिर्फ एक राजनीतिक औपचारिकता बनकर रह गया, जिसका जमीनी असर शून्य रहा।

**शिलान्यास को कई वर्ष बीत चुके, लेकिन न सर्वे बढ़ा, न ही सड़क बनी**

### दो दशक से अधिक पुराना वादा, लेकिन प्रगति शून्य

**बेरी-दड़ोला** पुल की मांग कोई नई बात नहीं है। यह मुद्दा बीते लगभग 20-25 वर्षों से हर पंचायत बैठक, हर चुनावी मंच और हर प्रशासनिक दौरे का हिस्सा रहा है। पुल बनने से दर्जनों गांवों का सीधा संपर्क विकसित होने की उम्मीद थी और लोगों ने इसे क्षेत्र के विकास का बड़ा कदम माना था, लेकिन वर्षों से चली आ रही उम्मीदें कागजी प्रक्रियाओं में उलझकर रह गईं। विभागीय फाइलें आगे बढ़ीं, फिर रुकीं, फिर वापस गईं—पर सड़क और पुल का रूट आज तक एक इंच भी साफ नहीं हो पाया।

### अब सिर्फ फाइलों में ही जिंदा रहेगा यह पुल

**जमीन** न मिलने, नई बसाहट, रेलवे लाइन की ऊंचाई, झील के ऊपर महंगा निर्माण और पास ही बनते भंजवाणी पुल- इन सभी कारकों ने मिलकर बेरी-दड़ोला पुल के भविष्य पर लगभग अंतिम मुहर लगा दी है। शिलान्यास को कई वर्ष बीत चुके हैं, पर आगे न सर्वे बढ़ा, न सड़क बनी, न ही परियोजना पर कोई वास्तविक कार्य शुरू हुआ। बेरी-दड़ोला पुल अब एक अधूरा वादा, एक पुराना शिलान्यास और विभागीय फाइलों में दबा हुआ सपना बनकर रह गया है, जिसके पूरे होने की संभावना आज लगभग समाप्त हो चुकी है।

### लुहणू वाले रूट पर नई रेलवे लाइन बन रही झील पर पुल बनाना जोखिमभरा-असुरक्षित

**ग्रामीणों** ने बार-बार यह सुझाव रखा कि पुल को लुहणू की दिशा से बनाया जाए, लेकिन यह विकल्प भी पूर्णतः अव्यावहारिक साबित हुआ है। लुहणू वाले रूट पर नई रेलवे लाइन ऊंचाई पर बन रही है। पुल को उससे भी ऊपर ले जाना पड़ेगा-जोकि तकनीकी रूप से जोखिमभरा और असुरक्षित है। इसके अलावा झील के ऊपर से अत्यधिक लंबा पुल लगभग 1 किलोमीटर स्पेन बनाना पड़ेगा, जिसकी लागत 300-400 करोड़ रुपये तक बढ़ जाएगी। वर्तमान हालात में सरकार इस विकल्प पर आगे बढ़ने को तैयार नहीं है।

### जमीन विवाद, रूट पर पूरी तरह निजी कब्जा

**आज** की स्थिति यह है कि प्रस्तावित शिलान्यास स्थल से लेकर एप्रोच रोड तक पूरा मार्ग निजी जमीन से होकर जाना है। सर्वे के बाद कोई प्रगति न होने के कारण कई जगहों पर लोगों ने नए मकान खड़े कर लिए, जिससे सड़क का सीधा विकल्प अब लगभग खत्म हो चुका है। इसी विवाद ने पुल की व्यवहारिकता को सबसे बड़ा झटका दिया है।

### भंजवाणी पुल ने प्रोजेक्ट को और कमजोर किया

**बेरी-दड़ोला** पुल से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर 103 करोड़ का भंजवाणी पुल पहले ही स्वीकृत है और निर्माण कार्य भी शुरू होने वाला है। इतने नजदीक एक बड़ा पुल बन जाने से बेरी-दड़ोला पुल की जरूरत खुद-ब-खुद कमजोर हो जाती है और विभागीय प्राथमिकता भी बदल जाती है।

# समाजसेवी सुरेश ने नवाजे हिमाचल पब्लिक स्कूल झंडूता के होनहार

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

झंडूता। उपमंडल मुख्यालय झंडूता के आनन्दघाट के निकट स्थित हिमाचल पब्लिक स्कूल में शनिवार को स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। समारोह की सबसे बड़ी खासियत रही शिक्षा के क्षेत्र में दशकों से अधिक समय तक उत्कृष्ट सेवाएं दे चुके प्रख्यात शिक्षाविद् एवं समाजसेवी सुरेश शर्मा का मुख्यातिथि के रूप में पदार्पण। उनके आगमन से पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य, मुख्यातिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चार से हुआ। इसके उपरांत स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। हिमाचली लोक नृत्य, पंजाबी भांगड़ा, देशभक्ति गीतों पर सामूहिक नृत्य, हिंदी एवं अंग्रेजी नाटिका, योग प्रदर्शन और कविता पाठ जैसी 20 से अधिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यातिथि सुरेश शर्मा ने मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए। खेल, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं अनुशासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी विशेष पुरस्कार दिए गए। अपने सारगर्भित उद्बोधन में सुरेश शर्मा ने कहा, 'आज का दौर तकनीक और प्रतिस्पर्धा का है, लेकिन सफलता की असली कुंजी मेहनत, ईमानदारी और नैतिक मूल्य हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के स्कूल बच्चे को सिर्फ डिग्री नहीं, संस्कार भी दे रहे हैं।' उन्होंने स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों में इतना शानदार आयोजन करना वाकई सराहनीय है।

**वार्षिक समारोह में बच्चों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

प्रधानाचार्य कुलदीप चंदेल ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस सत्र में स्कूल ने शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया।

# ट्रेड लाइसेंस अनिवार्य करने से व्यापारियों में रोष

## कहा- नगर परिषद घुमारवीं ने बिना किसी पूर्व चर्चा एवं परामर्श के थोपा फैसला

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं द्वारा हाल ही में 40 व्यवसायों पर अनिवार्य ट्रेड लाइसेंस लागू करने के आदेश ने क्षेत्र के छोटे और मध्यम दुकानदारों और व्यापारियों में व्यापक गुस्सा और चिंता पैदा कर दी है। व्यापारियों का आरोप है कि यह निर्णय बिना किसी पूर्व चर्चा एवं परामर्श के थोप दिया गया है, जिससे छोटे कारोबारियों पर नया आर्थिक बोझ लग गया है। नगर परिषद ने न्यूनतम 1,000 रुपए लाइसेंस फीस तय करते हुए, इसे ऑनलाइन प्रक्रिया से जोड़ दिया है। इस कदम को छोटे दुकानदार, रेहड़ी-फड़ी वाले, घरेलू व्यवसाय और दैनिक आय पर निर्भर छोटे उद्यमी आर्थिक रूप से असहनीय मान रहे हैं।

व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि इस फैसले से क्षेत्र का आर्थिक माहौल और प्रभावित होगा और वे इसे गंभीरता से ले रहे हैं। स्थानीय बाजार के कई व्यापारियों रिंकू, अमित कुमार, अश्वनी चौहान, प्रदीप गुप्ता, मंजीत ठाकुर, विशाल चौहान, अनिल ठाकुर, कुलदीप सिंह, और विक्की ने बताया कि कोविड महामारी के बाद व्यवसाय अभी नाजुक स्थिति में था। बढ़ती महंगाई, बिजली और किराया के प्रेशर के बीच नई फीस और जटिल प्रपत्र व्यापारियों के लिए भारी साबित हो रहे हैं।

किरयाना, कपड़े, सैलून, मोबाइल रिपेयर, सब्जी दूध विक्रेता, ढाबा, हार्डवेयर से लेकर छोटे क्लीनिक तक पर लाइसेंस का दबाव उन्हें असहज कर रहा है। व्यापारी प्रतिनिधियों ने कहा कि नगर परिषद को पहले चरणबद्ध नीति बनानी चाहिए थी, जिसमें जन-सुनवाई और जागरूकता शिविर भी शामिल होते। चर्चा और सहयोग के बिना अचानक आदेश लागू करना उपयुक्त नहीं है।

उन्होंने मांग की है कि यह आदेश तुरंत रद्द किया जाए, छोटे व्यापारियों को राहत दी जाए, और यदि लाइसेंस जरूरी है तो प्रक्रिया सरल और व्यापारी हितैषी बनाई जाए। व्यापारी मंडल ने आगामी सप्ताह में नगर परिषद अधिकारियों से मुलाकात कर समाधान निकालने का प्रयास भी शुरू किया है। नगर परिषद घुमारवीं की यह नई नीति क्षेत्रीय आर्थिक स्थिति और छोटे उद्यमियों की सीमित आय को ध्यान में रखे बिना लागू की गई है, जिससे स्थानीय व्यापार जगत अस्थिर हो सकता है।

### नगर परिषद ने हमसे कोई बात नहीं की: हेमराज

व्यापार मंडल के प्रधान हेमराज संख्यान ने कहा कि नगर परिषद ने हमारे साथ कोई संवाद नहीं किया। हमें पहले हमारे सुझाव रखने का अवसर मिलना चाहिए था। बिना तैयारी के यह आदेश लागू करना तानाशाही के समान है। शीघ्र ही सभी बाजार के व्यापारीयों की बैठक का आयोजन होगा,फिर नगर परिषद के आला अधिकारियों से मिलेंगे तब तक कोई भी व्यापारी लाइसेंस नहीं बनाएगा। नगर परिषद का निर्णय तुगलकी फरमान और सिर्फ तानाशाही का है।

# कृतज्ञ संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने याद किए बाबा साहेब

## मोर्चे ने जिलेभर में चिट्टे के खिलाफ छेड़ा जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नगर के रौड़ा सेक्टर में स्थित संत शिरोमणी गुरु रविदास मंदिर परिसर में शनिवार को हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीम राव अंबेडकर जी का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के बौद्धिक प्रदेश प्रकोष्ठ प्रमुख विपन बसंल ने की जबकि मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षाविद् जगजीत सिंह उपस्थित रहे। कृतज्ञ समाज और मोर्चा के तमाम पदाधिकारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि भेंट की। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने बाबा साहेब द्वारा बताए मार्ग पर चलने की अपील की। शिक्षाविद जगजीत सिंह ने कहा कि बाबा साहब द्वारा समाजिक असमानता और भेदभाव की खाई को दूर करने के लिए किए गए संघर्ष और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर जी का सारा जीवन दबे, कुचले और शोषित पीड़ित लोगों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने महिलाओं को आजादी का सवेरा दिखाकर बराबरी के अधिकार दिए। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महु गांव मध्य प्रदेश में हुआ था। उन्होंने 1912 को बीए, 1915 को एमए, 1916 को पीएएचडी की शिक्षा ग्रहण की। शिक्षा प्राप्त करने के बाद 1918 में प्रोफेसर के पद कार्य करना शुरू किया। उनके पास 32 डिग्रियां, 4 विषयों में पीएचडी तथा नौ भाषाओं का ज्ञान था। जीवन की शुरुआत उन्होंने अस्पृश्यता निवारण से की थी। उनका दृढ़ मत था कि भाईचारे से सामाजिकता मजबूत होती हैं।

### स्पॉन्सरशिप फोस्टर केयर अनुमोदन समिति की बैठक संपन्न

# स्पॉन्सरशिप योजना के 16 मामले मंजूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्पॉन्सरशिप फोस्टर केयर अनुमोदन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई, बिलासपुर के समक्ष प्राप्त स्पॉन्सरशिप योजना के 16 नए मामलों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। विचार-विमर्श उपरांत सभी मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई। उपायुक्त ने बताया कि योजना के अंतर्गत अनाथ, अर्ध-अनाथ, परित्यक्त, माता-पिता गंभीर-लाइलाज बीमारी से पीड़ित तथा प्राकृतिक आपदा से प्रभावित बच्चों को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक 4 हजार रुपये प्रति माह की दर से वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस सहायता का उद्देश्य बच्चों की शिक्षा, चिकित्सीय सुविधा, पोषण एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण को सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिला बिलासपुर में इस योजना के तहत 166 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। उपायुक्त ने जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी हरीश मिश्रा को निर्देशित किया कि जिला में खंड स्तर तथा पंचायत स्तर पर जागरूकता शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र बच्चों को योजना की जानकारी मिल सके।

# उपायुक्त ने किया नौणी-नम्होल फोरलेन कार्य का गहन निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने शनिवार को एम्स कोठीपुरा परिसर के निकट निर्माणाधीन नौणी-नम्होल फोरलेन सड़क परियोजना का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण की प्रगति, तकनीकी मानकों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उपायुक्त ने एम्स बिलासपुर के पास फोरलेन के महत्वपूर्ण हिस्से पर चल रहे कार्यों को विशेष रूप से जांचा और निर्माण गुणवत्ता पर स्पष्ट निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि यह सड़क न केवल एआईआईएमएस आने-जाने वाले हजारों मरीजों और परिजनों के लिए अहम है, बल्कि पूरे जिलें की कनेक्टिविटी और यातायात व्यवस्था के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण परियोजना है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य में तेजी लाने, मशीनरी की उपलब्धता सुनिश्चित करने, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर कड़ी निगरानी रखने तथा समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि एम्स क्षेत्र संवेदनशील ज़ोन होने के कारण निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**निर्माण गुणवत्ता और गति तेज करने के दिए निर्देश**

### पूर्व विधायक अनर्गल बयान देकर बन रहे हंसी का पात्र : सुभाष ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर भाजपा के उपाध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि लगातार दो बार चुनाव हारने के बाद सदर के पूर्व विधायक अपना संतुलन खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा नकारे जाने के बाद अपनी पार्टी की सरकार में हाशिए में चल रहे पूर्व विधायक को कहीं पर भी बोलने का मौका नहीं मिल रहा है, जिस कारण अब वह सरकारी स्कूलों के वार्षिक समारोहों को राजनीति का अड्डा बना रहे हैं। उन्होंने कहा है कि गत दिवस बलग का घाट स्कूल के समारोह में पूर्व विधायक द्वारा दिया गया वक्तव्य इसका उदाहरण है। पूर्व विधायक ने न केवल समारोह के दौरान विपक्षी दल पर भड़ास निकाली बल्कि स्थानीय पंचायत के भाजपा कार्यकर्ता पर भी उलटा-सीधा बयान दिया। उन्होंने कहा कि एक हारा हुआ व्यक्ति विकास के लिए पैसे लाने का दावा कर रहा है जबकि सच्चाई यह है कि सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने जिला माईनिंग फंड का सदस्य होने के नाते विकास के लिए एक करोड़ रुपए विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्वीकृत करवाए हैं, जबकि बलग का घाट स्कूल के भवन के लिए भी भाजपा सरकार के समय 28 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे।

# जिला चाइल्ड हेल्पलाइन ने 10 वर्षीय बालक को किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



चाइल्ड हेल्पलाइन बिलासपुर ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला श्री नयना देवी जी के पास से एक 10 वर्षीय बालक सावन को रेस्क्यू किया है। इसके बाद बच्चे को तत्काल बाल देखरेख संस्थान 'अपराजिता अनाथालय संस्थान' भगेड़ भेजा गया, जहां वह पूर्णतः सुरक्षित है और उसकी देखभाल सभी मानकों के अनुसार की जा रही है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्या चंदेल ने बताया कि यदि बालक के जैविक माता-पिता या कानूनी अभिभावक उपलब्ध हों तो वे अपनी पहचान और आवश्यक दस्तावेजों सहित विभाग से संपर्क करें। बालक के संबंध में किसी भी आधिकारिक जानकारी के लिए बाल कल्याण समिति बिलासपुर (01978-221714), जिला कार्यक्रम अधिकारी बिलासपुर (01978-221514) या जिला बाल संरक्षण अधिकारी बिलासपुर (01978-221614) से संपर्क किया जा सकता है।

# नशा उन्मूलन के लिए गंभीरता से कार्य करें नशा निवारण निगरानी समितियां : जिलाधीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि नशा विशेषकर चिट्टे के संपूर्ण उन्मूलन के लिए पंचायत स्तर पर गठित नशा निवारण निगरानी समिति को ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी गंभीरता के साथ कार्य करना सुनिश्चित बनाना चाहिए।

उन्होंने समिति सदस्यों से ग्रामीण स्तर पर नशे, विशेषकर चिट्टे, के दुष्प्रभावों के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया, ताकि युवाओं और बच्चों के जीवन को नष्ट होने से बचाया जा सके। उपायुक्त ग्राम पंचायत कोठीपुरा में पंचायत स्तरीय नशा निवारण निगरानी समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ आयोजित बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर, एसडीएम सदर डॉ. राजदीप सिंह और पीओ डीआरडीए यशपाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने नशा निवारण निगरानी समिति को ग्रामीण स्तर पर महिला एवं युवक मंडलों, स्कूलों, मनरेगा कामगारों सहित पंचायत के सभी सार्वजनिक स्थानों जैसे दुकानों आदि में लोगों को चिट्टे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि चिट्टे के सेवन से न केवल जिला के अनेक युवाओं का जीवन असमय समाप्त हुआ है, बल्कि कई क्षेत्र रेड जोन श्रेणी में शामिल हो गए हैं, जो अत्यंत चिंतनीय है। ऐसे में समाज में व्याप्त इस गंभीर समस्या के उन्मूलन के लिए सामूहिक भागीदारी अत्यावश्यक है। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार चिट्टा उन्मूलन के लिए प्रदेश स्तरीय व्यापक जन-जागरूकता अभियान चला रही है, ऐसे में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता महत्वपूर्ण हो जाती है।

उन्होंने समिति सदस्यों से ऐसे संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर बनाए रखने और सूचना पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को देने का भी आग्रह किया, जो चिट्टे के अवैध कारोबार में संलिप्त हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चिट्टा नशे के बारे में सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान गुप्त रखी जाती है तथा प्रदेश सरकार ने ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए ईनाम राशि भी घोषित की है।

**प्रतियोगिता** | बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर में हुआ डॉ. एनएल नड्डा क्विज ज्ञान प्रतियोगिता का फाइनल

# मिनर्वा स्कूल की टीम बनी विजेता, जीता 21 हजार का इनाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**




बिलासपुर के बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर में 'डॉ. एनएल नड्डा क्विज ज्ञान प्रतियोगिता' का फाइनल संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल रहे। विशेष अतिथि के रूप में स्वतंत्र संख्यान उपस्थित रहे। चेतना संस्था की संस्थापिका मल्लिका नड्डा, अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, सचिव हरीश नड्डा, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, प्रबंधन समिति के सदस्य सुरेश नड्डा, स्वदेश ठाकुर, राजेश उपाध्याय, प्रशासनिक अधिकारी कश्मीर सिंह ठाकुर और निदेशक अरुण कुमार गौतम मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में बिलासपुर जिले के 25 स्कूलों के 270 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। प्रतियोगिता का संचालन क्विज मास्टर हिमाद्री बैनर्जी ने किया। प्रारंभिक चरण में सभी 25 स्कूलों से प्रश्न पूछे गए, जिसके आधार पर 8 स्कूलों ने फाइनल राउंड में प्रवेश प्राप्त किया। चार राउंड वाले इस फाइनल में मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं ने प्रथम स्थान, सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिलासपुर ने द्वितीय, और डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरमाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सचिव हरीश नड्डा ने बताया कि यह प्रतियोगिता उन्होंने अपने दादा नारायण लाल नड्डा से प्रेरित होकर शुरू की। मुख्यातिथि त्रिलोक जमवाल ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री नहीं, बल्कि खोज, सहयोग और अवसरों का संसार है। क्विज प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की सोच, समझ और आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। समाप्ति पर विजेता टीम को 21,000 रुपए, द्वितीय व तृतीय टीमों को 15,000 रुपए नकद राशि, स्मार्ट वॉच और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और गिफ्ट दिए गए। धन्यवाद प्रस्ताव उपाध्यक्ष मनोज शर्मा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अश्वनी कुमारी, पूजा कुमारी, मीना कुमारी, शैलेंद्र अवस्थी, अनूप कुमार शर्मा, राकेश कुमार, पवन कुमार, मनोज कुमार, शिल्पा शर्मा, निशा देवी, अनीता शर्मा, सुकर्मा देवी, कल्पना शर्मा, स्नेहा और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्रेही पंचायत की प्रतिभा स्नेहा ने रचा इतिहास



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले की ब्रेही पंचायत के अति दुर्गम गांव चोभूगाला की छात्रा स्नेहा, पुत्री लेहरू राम, ने अपनी असाधारण प्रतिभा और कठिन परिश्रम के दम पर बेंगलुरु में होने वाली 69वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल शतरंज चैंपियनशिप 2025-26 के लिए क्वालीफाई कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। दूरदराज क्षेत्र से आने वाली स्नेहा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने न सिर्फ गांव का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रेरणा का नया स्रोत भी बनी है। सीमित संसाधनों के बीच निरंतर अभ्यास, गहरी एकाग्रता और तेज दिमाग ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया है। स्नेहा की सफलता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्रेही के शिक्षकों के मार्गदर्शन और उनके अभिभावकों के सहयोग का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला कल

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भरमौर में सोमवार, 08 दिसंबर 2025 को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला' आयोजित किया जा रहा है। केंद्र सरकार के स्किल डेवलपमेंट मंत्रालय और प्रशिक्षण महानिदेशालय के निर्देशानुसार देशभर के लगभग 250 स्थलों पर ऐसे मेले आयोजित हो रहे हैं, जिनमें हिमाचल प्रदेश की भरमौर सहित चार आईटीआई भी शामिल हैं। मेले में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम की जानकारी दी जाएगी तथा विभिन्न सरकारी व निजी संस्थान भाग लेंगे। इनमें एनएचपीसी, एचआरटीसी, एलिमेंटरी शिक्षा विभाग, भारतीय जीवन बीमा निगम, ट्राइडेंट ग्रुप बरनाला, वर्धमान ग्रुप बद्दी, गोदरेज बॉयस लिमिटेड मोहाली और जेएमडी मैनपावर सॉल्यूशंस सहित कई कंपनियों के प्रतिनिधि कैंपस इंटरव्यू लेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को 15,000 से 25,000 रुपये तक का स्टाइपेंड/वेतनमान दिया जाएगा। प्रधानाचार्य आईटीआई चंबा ई. विपन शर्मा ने युवाओं से आवश्यक दस्तावेजों सहित अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की।

### अंबेडकर के विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** महर्षि वाल्मीकि मंदिर डलहौजी कैंट में बाबा साहिब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। भगवान वाल्मीकि चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष अरुण कुमार अटवाल ने कहा कि सामाजिक न्याय के पुरोधा और भारत के संविधान के निर्माणकर्ता बाबा साहिब ने वंचितों, महिलाओं, मजदूरों और समाज के कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि अंबेडकर द्वारा निर्मित भारतीय संविधान आज भी विश्व के सबसे उत्कृष्ट और सर्वसमावेशी संविधानों में से एक है। उन्होंने ऐसा भारत सपना देखा था जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज से भेदभाव खत्म करने, शिक्षा को सर्वोच्च साधन मानने और अंबेडकर के विचारों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय कुमार अटवाल, अजय नाहर, अश्विनी साहिल, कुलदीप गिल, विकास बेदी, अशोक कुमार, रंजीत कुमार और राकेश कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### डॉ. दिनेश ने जिलाध्यक्ष पद के लिए किया आवेदन

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर व हिमाचल किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने जिला कांग्रेस कमेटी चम्बा के अध्यक्ष पद के लिए आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस आलाकमान के पर्यवेक्षक सुखदेव भगत, सांसद गोकुल बुटेल, सलाहकार मुख्यमंत्री सौरभ ओएसडी, और देवेन्द्र जग्गी के समक्ष सभी विधान सभा क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीधे संवाद किया। डॉ. दिनेश ने अपने संगठनात्मक अनुभव का विवरण देते हुए बताया कि उन्होंने 1981 से छात्र विंग एनएसयूआई से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के रूप में शुरुआत की और विभिन्न पदों पर संगठन सेवा दी। वर्तमान में वह हिमाचल किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, कांग्रेस विचार विभाग के को-ऑर्डिनेटर और कई ब्लॉक इकाईयों के गठन में सक्रिय हैं। उनका लक्ष्य जिला संगठन को सक्रिय कर पार्टी की नीतियों, राहुल गांधी के भारत जोड़ो अभियान और सामाजिक न्याय को आम जनता तक पहुंचाना है।

### 1200 रीडरों ने उपायुक्त को सौंपा निवेदन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** बिजली विभाग में स्मार्ट मीटर प्रणाली लागू होने से रोजगार पर संकट के बीच एचपीएसईबीएल चंबा के सभी बिल डिस्ट्रीब्यूटर्स ने उपायुक्त चंबा को निवेदन पत्र सौंपा। कर्मचारियों ने बताया कि वे पिछले छह वर्षों से बिजली बिल वितरण और रीडिंग का कार्य कर रहे हैं। स्मार्ट मीटर के लगने के बाद बिलिंग प्रक्रिया स्वचालित हो जाएगी, जिससे लगभग 1200 मीटर रीडरों का भविष्य अनिश्चित हो जाएगा। अधिकांश कर्मचारी अपने परिवार में एकमात्र कमाने वाले हैं। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि 'उपभोक्ता मित्र' पदों पर नियुक्ति में पुराने रीडरों को वरीयता दी जाए, ताकि उनका रोजगार सुरक्षित रहे और आर्थिक संकट से बचा जा सके।

### चिट्टे के आरोपी 4 दिन के पुलिस रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस ने चिटटे के नशा बेचने के आरोप में पकड़े गए पारस पुत्र परमजीत निवासी जालंधर उम्र 25 साल,अंकुश शर्मा पुत्र अमरनाथ गांव नगू डाकघर गलू तहसील नादौन, रोहित कुमार पुत्र अजय कुमार सेंटर टाउन जालंधर उम्र 29 साल मटन सिद्ध में पटियाल रेस्टोरेंट में कमरा लेकर के रुके थे, इनके पास मादक पदार्थ होने की सूचना मिलने पर जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास 6.38 ग्राम चिट्टा, 26,200 नगद बरामद हुए थे। इसके अलावा सूर्यांश पुत्र राकेश कुमार हाउस नंबर 40 वार्ड नंबर 4 प्रताप गली हमीरपुर के पास 5.7 ग्राम चिट्टा एक इंजेक्शन वह नीडल बरामद हुई थी। मट्टन सिद्ध के पटियाल रेस्टोरेंट में चिट्टे के साथ पकड़े गए युग ने बताया कि उन्होंने गगनदीप नामक व्यक्ति जो की बॉयज स्कूल हमीरपुर के पास स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में नौकरी करता है को भी चिट्टा बेचा है, पुलिस में बैंक में जाकर गगनदीप नामक व्यक्ति को बाहर बुलाकर उसकी तलाशी ली उसके पास 06.84 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि चारों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

### साईगलू, गोखड़ा में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल साईगलू ई. विनीत ठाकुर ने बताया कि 7 दिसंबर को बिजनी से साईगलू तक 33 केवी लाइन पर मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त हुए स्ट्रक्चर की मुरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस कारण सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस कार्य के कारण विद्युत उप मण्डल साईगलू के अन्तर्गत आने वाले अनुभाग साईगलू, गोखड़ा, कोटली, भरगांव, ककरोह और वीर क्षेत्रों के गांव कठवार, सदोह, तरनोह, बरयारा, घेरु, सरवाहन, गोखड़ा, तरयासल, बलोह, निचलालोट, गलू, पपराहल, बटाहर, सदयाना, साईंगलू, सतोहल, कोटली, स्लेतर, सुराड़ी, लगधर, करकोह, बनोग, स्ताहन, भरगांव, कोट, लुहार्ड और कून प्रभावित रहेंगे। इसके अतिरिक्त तल्याहर/रंधाड़ा अनुभाग के अन्तर्गत पदयूं, कठलाग, चांबी, तांडी, पतरों आदि क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम कार्यालय में नगर निगम आयुक्त रोहित राठौर की अध्यक्षता में तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी विनय एवं कनिष्ठ अभियंता रजनीश चौधरी की उपस्थिति में व्यापार मंडल एवं सराफा बाजार के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रभावी प्रतिबंध के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा करना तथा व्यापार लाइसेंस प्रणाली से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर प्रतिनिधियों को विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा। आयुक्त द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के संबंध में एक प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित प्रतिनिधियों को जागरूक किया तथा सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान व्यापारियों द्वारा पूछे गए सभी सवालों का आयुक्त द्वारा चरणबद्ध, स्पष्ट एवं संतोषजनक उत्तर दिया गया।इसके साथ ही नगर निगम ने सभी व्यापारिक संगठनों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से सिंगल यूज प्लास्टिक का पूर्णतः त्याग करें एवं स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल शहर निर्माण में सहभागिता निभाएं।

# नशे की रोकथाम के लिए सभी का सहयोग आवश्यक : मुकेश रेपसवाल

## चंबा जिले की 13 पंचायतों व निकायों में विशेष नशा-विरोधी मुहिम शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राज्य सरकार द्वारा नशे के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता (Zero Tolerance) की नीति अपनाई गई है। इसके तहत न केवल नशा तस्करी से जुड़े लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है, बल्कि आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए भी गंभीर प्रयास हो रहे हैं। यह जानकारी उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने दी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में 1 दिसंबर 2025 को धर्मशाला में आयोजित विशाल एंटी-ड्रग रैली ने इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया है। इस पहल को और आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश की 234 ग्राम पंचायतों और स्थानीय निकायों में विशेष नशा-विरोधी मुहिम शुरू करने का निर्णय लिया है। इनमें जिला चंबा की 13 पंचायतें और निकाय शामिल किए गए हैं।



मुकेश रेपसवाल नशा-विरोधी अभियान की तैयारियों की जानकारी देते हुए।

जिला चंबा में डलहौजी की नगर पंचायत बनीखेत, सलूनी उपमंडल की ग्राम पंचायत सनोह व किहार, चंबा उपमंडल की ग्राम पंचायत उदयपुर, मंगला, करियां, साहू व नगर परिषद चंबा, चुराह की ग्राम पंचायत टिकरीगढ़, लेसुई व भरडा तथा भटियात उपमंडल की नगर पंचायत चुवाड़ी और ग्राम पंचायत हटली शामिल हैं। सभी स्थानों पर नशा निवारण समितियों का गठन कर दिया गया है। उपायुक्त ने बताया कि 6 दिसंबर को चुवाड़ी, बनीखेत, भरडा, लेसुई और टिकरीगढ़ में एसडीएम की अध्यक्षता में बैठकें आयोजित की गई हैं, जबकि बाकी क्षेत्रों में 10 दिसंबर से पहले बैठकें पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। इन बैठकों में नशे के बढ़ते प्रचलन पर रोक लगाने और जन-जागरूकता फैलाने के लिए ठोस रणनीति बनाई जा रही है।

मुकेश रेपसवाल ने कहा कि नशे का बढ़ता प्रसार युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है, और इसे जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों — जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाएं, युवक मंडल, महिला मंडल व आम नागरिक — को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने लोगों से अपने क्षेत्रों में किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर सतर्क निगरानी रखने और नशा विरोधी संदेश को घर-घर तक पहुंचाने की अपील की।

# चुराह विस क्षेत्र में भूस्खलन से 3 परिवार हुए बेघर, पंचायत ने मांगी त्वरित राहत

**अनंत ज्ञान, चुराह**

**भारी वर्षा से मकानों में पड़ी दरारें, प्रभावितों की कठिनाई बढ़ी**

चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भराड्ड गांव और आसपास के इलाकों में हाल ही में आए भूस्खलन और भारी वर्षा ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। अचानक हुए भू-स्खलन के कारण तीन परिवारों के मकानों को गंभीर क्षति पहुंची है। प्रभावित परिवारों ने बताया कि घरों की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं और मकान अब पूरी तरह असुरक्षित हो चुके हैं। स्थिति को देखते हुए परिवारों को मजबूरन अपने घर खाली करने पड़े।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पंचायत प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। पंचायत प्रतिनिधियों ने उनकी समस्याओं को सुना और घटना का विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर त्वरित राहत हेतु उपमंडल कार्यालय को भेज दिया। पंचायत का कहना है कि प्रभावित परिवारों को तुरंत आर्थिक सहायता मिलना बेहद जरूरी है, ताकि वे सुरक्षित आवास की व्यवस्था कर सकें। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनहित में लगातार कदम उठा रही है, और उम्मीद है कि इन परिवारों को शीघ्र राहत प्रदान की जाएगी। साथ ही ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया कि क्षेत्र में लगातार हो रही प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए जोखिम वाले स्थानों का सर्वेक्षण किया जाए और भविष्य में सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित किया जाए।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो वर्षों के दौरान चुराह क्षेत्र में भूस्खलन की घटनाएँ बढ़ी हैं, जो मौसम में तेज बदलाव का संकेत है। लोगों का कहना है कि ऐसे क्षेत्रों में स्थाई समाधान के लिए सरकार को अतिरिक्त कदम उठाने चाहिए, ताकि भविष्य में जान-माल का नुकसान रोका जा सके। पंचायत ने स्पष्ट किया है कि राहत राशि की शीघ्र स्वीकृति से प्रभावित परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी और वे सुरक्षित जीवन की ओर वापस लौट सकेंगे।

# विवेक महाजन ने छात्रों का किया मार्गदर्शन

## राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करने की प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पीएम श्री उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल चंबा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के पुराने छात्र और एचए एस अधिकारी विवेक महाजन ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों और शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया। विवेक महाजन ने 1982 तक इस विद्यालय से अध्ययन किया और बाद में बी.टेक एन.आई.टी इलाहाबाद से शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने एसडीएम पांवटा साहिब, बद्दी और ऊना में उत्कृष्ट कार्य किया और विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्हें उद्योग रत्न, प्रशासनिक रत्न और हिमाचल गौरव पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।



पीएम श्री उत्कृष्ट विद्यालय बाल चंबा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वर्तमान में वे निदेशक प्रोजेक्ट टूरिज्म शिमला के पद पर कार्यरत हैं और समय-समय पर विद्यालय की सहायता करते रहते हैं। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेने, शिक्षकों का सम्मान करने और उनके मार्गदर्शन को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। विवेक महाजन ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना चाहिए ताकि वे भविष्य में ऊँचे पदों तक पहुँच सकें और अपने जिले, हिमाचल और देश का नाम रोशन कर सकें।

इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में शूटिंग रेंज के निर्माण में योगदान का उल्लेख किया। यह हिमाचल प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में पहली ऐसी रेंज है। उन्होंने रेडी लैब से आवश्यक हथियार उपलब्ध कराए ताकि छात्र जिले, राज्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। इसी क्रम में पूर्व छात्र रेहान मिर्जा को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का नाम रोशन करने के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह जंदरोटिआ, रेडी लैब से संदेश कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य सतेंद्र सिंह और दीपक कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर ने विद्यार्थियों को अपने भविष्य और करियर के लिए प्रेरणा लेने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

### झारखंड के सांसद सुखदेव भगत ने चुवाड़ी में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्ति पर जल्द होगा फैसला

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

तहसील मुख्यालय चुवाड़ी के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में कांग्रेस पार्टी की ओर से संगठन सृजन अभियान के तहत भटियात के कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें जिला चंबा के पर्यवेक्षक लोक सभा सांसद झारखंड सुखदेव भगत ने विशेष रूप से भाग लिया। इस बैठक की अध्यक्षता कुलदीप सिंह पठाह्यिा की अध्यक्षता में हुई। कुलदीप सिंह पठानियां ने जिला चंबा के पर्यवेक्षक सुखदेव भगत को भटियात की राजनीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी।उन्होंन बताया कि भटियात में कांग्रेस पार्टी सशक्त है। और कार्यकर्ता मौजूदा सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली हर योजना को हर एक जरूरतमंद व्यक्ती तक पंहुचाई जा रही है। भटियात में कांग्रेस कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर जुडा है।और आयामी चुनावों के लिए तैयार है।इसके उपरान्त पर्यवेक्षक सुखदेव भगत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और बताया कि गत कुछ दिनों से चंबा के दौर पर हूं। और जिला चंबा में कांग्रेस पार्टी की एकजुटता है जिससे उन्हें काफी खुशी हुई।



उन्होंने बताया कि वह राहुल गांधी के विशेष अनुरोध पर जिला चंबा आगमन का मौका मिला और वह जिला चंबा नई कार्यकारणी के गठन के लिए आए है। मौजूदा समय जिला अध्यक्ष पर छह नामों पर चर्चा हो रही। जिला चंबा को जलद एक नए जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की जायेगी। इसमें जिला चंबा के हर विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बैठक की जा चुकी है।जल्द ही इसकी रिपोर्ट दिल्ली हाईकमान को भेज दी जाएगी। उन्होंन कार्यकर्ताओं में जोश भरा और आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ता तैयार रहे।

इस बैठक में मुख्यमंत्री प्रधान सलाहकार गोकुल बुटेल,ओएसडी मुख्यमंत्री सौरभ चौहान,वन निगम के उपाध्यक्ष कृष्ण चंद चेला,ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय कंवर,नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चाढक, कोषाध्यक्ष मयंक महाजन,मनजीत सिंह,संदीप सिंह,नरेंद्र ठाकुर,अजय कुमार व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया याद

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भारतीय संविधान के शिल्पकार और भारत रत्न बाबा साहिब डॉ भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अम्बेडकर मिशन सोसाइटी चंबा, श्री गुरु रविदास सभा चंबा, अम्बेडकर सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ चंबा और बाल्मीकि सभा चंबा के संयुक्त तत्वावधान में एक श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बाबा साहिब की प्रतिमा के समक्ष आयोजित किया गया।

अंबेडकर मिशन सोसाइटी चंबा के अध्यक्ष योगेश्वर अहीर ने बताया कि इस अवसर पर चंबा सदर से विधायक नीरज नय्यर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि बाबा साहिब डॉ अम्बेडकर सामाजिक न्याय के पुरोधा और करोड़ों वंचितों के प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने दलितों, शोषितों, महिलाओं और समाज के सभी वर्गों को उनके वंचित अधिकार दिलाने में अतुल्य योगदान दिया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा साहिब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके चरणों में नमन किया गया। इसके बाद योगेश्वर अहीर, अविनाश पाल, जितेश्वर सूर्या और अनूप राही सहित अन्य वक्ताओं ने डॉ अम्बेडकर के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहिब केवल एक महान व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार, एक चेतना और क्रांति थे।

वक्ताओं ने युवाओं को शिक्षा, संगठन और संघर्ष के माध्यम से समाज में समानता और समरसता स्थापित करने का संदेश दिया। डॉ अम्बेडकर का जीवन यह सिखाता है कि परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी कठिन हों, लक्ष्य स्पष्ट और मेहनत ईमानदार हो तो सफलता सुनिश्चित है।

इस अवसर पर पार्षद मुगला नेक सिंह, अम्बेडकर मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष योगेश्वर अहीर, महासचिव अनूप राही, गुरू रविदास सभा के अध्यक्ष जितेंद्र सूर्या, महासचिव वीरेंद्र भट्ट, अन्य गणमान्य लोग और समाजसेवी उपस्थित रहे।

# सार्थक रही विस में चर्चा, पर सूचना सही न देने पर बेहद गैर जिम्मेदाराना रहा सीएम का रवैया : जयराम

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सिर्फ झूठ की राजनीति करते हैं और हर रोज़ नया झूठ परोस देते हैं। मुख्यमंत्री ने इस बार धर्मशाला के विधानसभा सत्र में भी हर रोज एक नया झूठ बोलने का रिकार्ड बना लिया। मंडी से जारी प्रेस बयान में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से मुख्यमंत्री हमारे द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में एक ही राग अलाप रहे हैं कि सूचना एकत्र की जा रही है। मैं पूछना चाहता हूं कि मुख्यमंत्री आखिर कब तक ये सूचना एकत्र करने का काम पूरा होगा। विधानसभा सत्र का आयोजन ही इसलिए होता है कि माननीय सत्ता पक्ष और विपक्ष के 68 विधायक अपने सवालों का जवाब मुख्यमंत्री और मंत्रियों से प्राप्त कर सकें, लेकिन यहां तीन साल से एक ही जवाब मिलता है कि सूचना एकत्र की जा रही है। उन्होंने कहा कि आखिर ऐसा कब तक चलेगा। इतने दिन सत्र चलता है तो क्या आपके अधिकारी होमवर्क करके नहीं आते हैं क्या। क्या आपने ही ऐसे आदेश तो नहीं दे रखें हैं कि कोई सरकार को आंच न आए तो ऐसे सवाल का जबाब सूचना एकत्र की जा रही है ऐसा बोलकर टालने और वक्त निकालने का काम किया जाए। जयराम ठाकुर ने कहा कि ऐसा अब नहीं चलने वाला है। हमारे विधायक अब सरकार से सूचना लेने के लिए पहले ही आरटीआई का सहारा लेने को विवश हो गए हैं। सरकार विधानसभा में तो कोई जवाब सही से देती नहीं है और जब सवाल पूछे गए तो मुख्यमंत्री कहते रहे सूचना एकत्र की जा रही है। ये बेहद गैर जिम्मेदाराना रवैया मुख्यमंत्री का है। इन्होंने कुछ अधिकारियों को इतनी खुली छूट दे रखी है कि वो विधानसभा सत्र में भी टालने वाला काम करते रहे। जयराम ठाकुर ने कहा कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र में सभी ने सार्थक चर्चा के माध्यम से जनहित के मुद्दों पर अपनी बात रखी। सरकार के तो बहुत सारे प्रिविलेजिज होते हैं, लेकिन विपक्ष के पास इस माननीय सदन में अपनी बात रखने का प्रिविलेज अध्यक्ष के माध्यम से ही संभव हो पाता है। अध्यक्ष का इस बार उसमें सार्थक सहयोग रहा है जिसके लिए वे अपने पूरे विधायक दल की ओर से उनका आभार भी प्रकट करते हैं। हमेशा से यह परंपरा रही है कि सदन के अंदर विपक्ष को सुने बिना, विपक्ष को अवसर दिए बिना कोई भी चर्चा सार्थक नहीं हो सकती। उस दृष्टि से अच्छी चर्चा हुई है और नियमों के अनुसार हुई है। ऐसे कई अवसर आए जहां तल्खी भी हुई और उसके कारण माहौल थोड़ा गर्म भी हुआ लेकिन जब सदन समाप्त होता है तो उसको यहीं छोड़कर जाना चाहिए, साथ ले कर नहीं जाना चाहिए, यह नितांत आवश्यक है। उन्होंने विधान सभा सचिवालय के सभी कर्मचारियों व अधिकारियों सहित सरकार के सभी प्रशासनिक अधिकारियों का सत्र में सहयोग देने के लिए भी धन्यवाद किया।



## कार्यक्रम में महिलाओं की सहभागिता से उमंग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल मुख्यालय सरकाघाट स्थित सरस्वती विहार मंदिर में 'सप्त शक्ति संगम' कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें 250 से अधिक महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सीमा ठाकुर (प्रवक्ता एवं पूर्व राज्य सचिव, भाजपा हिमाचल प्रदेश) रहीं, जबकि वंदना गुलेरिया (जिला परिषद भाजपा कार्यकारिणी सदस्य) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमारी गुप्ता (सेवानिवृत्त ष्ट॥ एवं गौ लोक एक्सप्रेस अध्यक्षा) ने की और मुख्य वक्ता की भूमिका राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या सोमा राणा ने निभाई। कार्यक्रम की व्यवस्थाएं सेवानिवृत्त आचार्या प्रेम कुमारी ने संभालीं तथा संयोजन का कार्य सुनीला ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभिन्न प्रदर्शनियों के अवलोकन से हुआ, जिनमें शिशुवाटिका की 12 व्यवस्थाएं, स्वयं सहायता समूहों की हस्तकला सामग्री, तथा विज्ञान, गणित और अंग्रेजी विषयों की प्रदर्शनी विशेष आकर्षण रहीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में कुटुंब और पर्यावरण के प्रति भारतीय भाव को सुदृढ़ करना तथा विद्या भारती कार्यों में उनकी सहभागिता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर महिला मंडलों ने सामूहिक गीत और नृत्य प्रस्तुत किए, जबकि स्थानीय विद्यालय की पंचम कक्षा की छात्रा ने भारत माता की वंदना कर सबका मन मोह लिया।

# बड़ा भंगाल में क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बरोट।** तिब्बतीयन क्लोनी बीड़ में युवा क्लब बड़ा भंगाल के सौजन्य से शनिवार को पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आरम्भ हुई, जिसका शुभारंभ सेवानिवृत प्रधानाचार्य अमींचंद ठाकुर ने किया; प्रतियोगिता में आठ टीमें भाग ले रही हैं, जहां मुख्यातिथि ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रदेश के युवाओं की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों तथा भारतीय कबड्डी टीम में प्रदेश की बेटियों के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बड़ा भंगाल के प्रधान मनसा राम भंगालिया, गुनेहड़ के उपप्रधान दुनी चंद, युवा क्लब अध्यक्ष मनजीत राजपूत सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। दूसरी ओर सरागलू मैदान में पंचायत स्तर पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शनिवार को उत्साहपूर्ण समापन हुआ, जिसमें द्रंग क्षेत्र की 29 और जोगिंदरनगर क्षेत्र की 3 पंचायतों की टीमों ने भाग लिया; फाइनल मुकाबला ग्वाली-11 और झटींगरी-11 के बीच खेला गया, जिसमें झटींगरी-11 ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम पुरस्कार 41,111 रुपये जीता, जबकि ग्वाली-11 को 21,111 रुपये और ट्रॉफी प्रदान की गई, तथा नागू पलसरा मैन ऑफ द सीरीज रहे। इस प्रतियोगिता के मुख्यातिथि ग्राम पंचायत जिल्हण के उपप्रधान सुख राम ठाकुर ने विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित करते हुए खेलों को आपसी भाईचारे और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माध्यम बताया; आयोजकों ने दर्शकों और पंचायतों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया, जबकि आयोजक टीम के सदस्य विजय पालसरा ने मैदान के जीर्णोद्धार की मांग उठाई। उधर छोटाभंगाल घाटी स्थित राजकीय महाविद्यालय मुल्थान में युवा रेडक्रॉस इकाई और गायत्री परिवार हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य एवं योग दिवस आयोजित हुआ, जिसमें लगभग 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया; मुख्यातिथि योग गुरु सोमेंद्र दत्त ने योग, मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य, तनाव नियंत्रण और मोबाइल उपयोग कम करने के लाभ बताए, तथा अंत में कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनमोल ने आभार व्यक्त किया।



तिब्बतियन कॉलोनी बीड में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ी टीम के साथ मुख्यातिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अमी चंद व उपस्थित गणमान्य लोग।

# बैजनाथ में निकाली चिट्टा विरोधी रैली युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश

**अनंत ज्ञान, बरोट**

हिमाचल ब्लड टाईगर महाकाल बैजनाथ समाजसेवी संस्था के सौजन्य से शनिवार 6 दिसम्बर को बैजनाथ में चिट्टे पर प्रहार अब बैजनाथ तैयार योजना के तहत नशे के विरुद्ध आक्रोश रैली निकाली गई, जिसमें एसडीएम बैजनाथ, पीएस बैजनाथ, व्यापार मंडल बैजनाथ-पपरोला, एनसीसी, एनएसएस और विभिन्न समाजसेवी संगठनों ने संयुक्त रूप से भाग लिया; संस्था के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने बताया कि सुबह 9 से 11 बजे तक आयोजित इस रैली में बैजनाथ और पपरोला क्षेत्र के समाजसेवियों, एनसीसी-एनएसएस इकाइयों के विद्यार्थियों और अन्य नागरिकों सहित लगभग दो सौ लोगों ने सहभागिता की। रैली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बैजनाथ और आईटीआई बैजनाथ से प्रारंभ होकर बैजनाथ बाजार से होते हुए पपरोला बाजार तक निकाली गई, जहां स्कूली बच्चों और समाजसेवियों ने हाथों में चिट्टे के विरोध में लिखे बैनर और स्लोगन पकड़कर नारे लगाते हुए लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। राजकुमार शर्मा ने कहा कि चिट्टा रूपी जहर समाज में तेजी से फैल रहा है और युवा वर्ग इसकी चपेट में आकर अपने परिवार और समाज को भी गंभीर संकट की ओर धकेल रहा है; उन्होंने चेताया कि चिट्टे की शुरुआत ही जीवन का अंत है, इसलिए इसे रोकना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रशासन, व्यापार मंडल, समाजसेवी संगठनों और युवाओं की यह एकजुटता समाज को संदेश देती है कि चिट्टे सहित अन्य जानलेवा नशों के खिलाफ सभी को जागरूक होना होगा। उन्होंने देशभर के लोगों से अपील की कि युवा वर्ग को इस नशे की चपेट में आने से बचाने के लिए परिवार और समाज दोनों को जिम्मेदारी निभानी चाहिए, वहीं युवाओं से भी आग्रह किया कि वे अपने घर, परिवार, गांव और देश के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए किसी भी नशे से दूर रहें।

अनंत Classifieds

## नाम दुरुस्ती

**मैं** जितेंद्र कुमार, पुत्र बुधी नाथ निवासी वार्ड नंबर-2, गांव मनियाड़ा, पोस्ट ऑफिस पाहड़ा, तहसील पालमपुर, कस्बा जागेहर (674), जिला कांगड़ा (हि.प्र.)-176087, यह घोषित करता हूं कि मेरा सही नाम 'जितेंद्र कुमार' है, जबकि कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम गलत रूप से 'जतिंदर कुमार' दर्ज हुआ है। मेरे पिता का सही नाम 'बुधी नाथ' है, जबकि कुछ रिकॉर्ड में इसे 'बुधी सिंह' लिखा गया है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति को दर्शाते हैं। अतः आगे से मेरा सही नाम जितेंद्र कुमार तथा मेरे पिता का सही नाम 'बुधी नाथ' ही स्वीकार किया जाए। संबंधित नोट करें।

**मनुष्य** के लिए जीवन में सफलता का रहस्य हर आने वाले अवसर के लिए तैयार रहना है।

-डिजरायली

## संपादकीय

## इंडिगो का संकट

इंडिगो एयरलाइन का लगातार गहराता संकट अब देश की नागरिक उड्डयन व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। यात्रियों को जिस अव्यवस्था, कैंसिल फ्लाइटों, घंटों इंतजार और बदहाल प्रबंधन का सामना करना पड़ा, उसने साफ कर दिया कि समस्या अचानक नहीं हुई, बल्कि लंबे समय से भीतर ही भीतर आकार ले रही थी। केंद्र सरकार ने आखिरकार चार दिन बाद सख्ती दिखाते हुए इंडिगो को निर्देश जारी किए हैं कि वह रविवार रात आठ बजे तक कैंसिल टिकटों का पूरा पैसा यात्रियों को लौटाए और यात्रियों का रोका हुआ सामान 48 घंटे के भीतर वापस किया जाए, लेकिन असल सवाल यह है कि यह कदम पहले क्यों नहीं उठाए गए? जब एक एयरलाइन देश में प्रतिदिन लाखों यात्रियों को सेवाएं देती है, तब उसके सिस्टम में आई छोटी सी गड़बड़ी भी व्यापक असर डालती है, ऐसे में चार दिन की देरी स्थिति को और भयावह बनाती है।

डीजीसीए के नए नियमों ने इंडिगो के प्रबंधन पर दबाव और बढ़ा दिया है। अब पायलटों को सप्ताह में कम से कम 48 घंटे का वीकली रेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। पहले नाइट ड्यूटी का समय सुबह पांच बजे तक माना जाता था, लेकिन अब इसे रात 12 बजे से सुबह छह बजे तक सीमित कर दिया गया है। यह बदलाव यात्रियों की सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ है, क्योंकि लगातार उड़ान भरने वाले पायलटों की थकान किसी भी समय किसी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। दुनियाभर में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं, जहां पायलटों की थकान को सुरक्षा जोखिम का सबसे बड़ा कारण माना गया है। फिर सवाल उठता है कि इंडिगो, जो खुद को भारत की सबसे भरोसेमंद और समय पर उड़ान भरने वाली एयरलाइन बताती रही है, उसने पायलटों और कर्मचारियों की जरूरतों को लेकर समय पर कदम क्यों नहीं उठाए। इंडिगो का आंतरिक संकट लंबे समय से उत्पन्न हो रहा था। कंपनी ने साल-दर-साल अपनी उड़ानों के नेटवर्क का विस्तार तो किया, मगर उसी गति से नए पायलट, इंजीनियर, क्रू, ऑपरेशनल स्टाफ और ग्राउंड टीम नहीं बढ़ाई। एयरलाइन उद्योग में स्टाफिंग का अनुमान हमेशा भविष्य की मांग के हिसाब से लगाया जाता है, लेकिन इंडिगो ने केवल मौजूदा आवश्यकताओं को देखते हुए काम किया। नतीजा यह हुआ कि नियमित समय पर उड़ानों का दबाव उन कर्मचारियों पर आ गया, जिनकी संख्या पहले ही सीमित थी

पायलट लगातार शिफ्टें करते रहे, कई बार उन्हें पर्याप्त रेस्ट नहीं मिला और कभी-कभी उन्हें थकान के बावजूद उड़ान भरनी पड़ी। यह स्थिति न केवल पायलटों के स्वास्थ्य बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी चुनौती बन गई। यह भी साफ हो गया है कि इंडिगो ने समय रहते भर्ती, प्रशिक्षण और वर्कफोर्स विस्तार पर पर्याप्त निवेश नहीं किया। एक ओर कंपनी टिकट कीमतें, सेवाएं और नेटवर्क विस्तार को लेकर बड़ी-बड़ी घोषणाएं करती रही, वहीं दूसरी ओर मानव संसाधन की उपेक्षा ने पूरे सिस्टम को अस्थिर कर दिया। पायलटों ने कई बार शिकायत की कि उन पर कार्यभार बढ़ता जा रहा है, शेड्यूल टाइट होते जा रहे हैं, लेकिन एयरलाइन प्रबंधन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

पायलटों का यह भी आरोप रहा कि कंपनी सख्त शेड्यूलिंग के बावजूद आराम और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को प्राथमिकता नहीं देती। जब कोई भी संस्था अपने सबसे महत्वपूर्ण संसाधन मानव संसाधन की अनदेखी करती है तो परिणाम अंततः संकट के रूप में सामने आता है।सरकार की भूमिका भी इस प्रकरण में कम सवालों के घेरे में नहीं है। जब शुरुआती दिन में ही पूरे देश में हजारों यात्रियों की फ्लाइटें कैंसिल होने लगीं, टिकट रिफंड अटके, सामान लौटा नहीं, और एयरपोर्ट पर हजारों लोग भटकते रहे, तब केंद्र सरकार को तुरंत एक्शन लेना चाहिए था, लेकिन निर्देश जारी करने में चार दिन की देरी ने यात्रियों की परेशानी बढ़ाई। यदि मंत्रालय शुरुआती 24 घंटे में ही सख्ती से नियमों को लागू कर देता, तो इंडिगो को मजबूरन सिस्टम दुरुस्त करने और कर्मचारियों को राहत देने के उपाय तेजी से करने पड़ते। अब जो सख्ती दिखाई जा रही है, वह स्वागतयोग्य है, लेकिन यह कदम समय रहते उठाए जाते तो हालात इस स्तर तक बिगड़ते ही नहीं।


अब सवाल यह है कि आगे स्थिति कैसे नियंत्रित होगी। सरकार ने रिफंड और लगेज वापसी जैसे तात्कालिक निर्देश जारी कर दिए हैं, लेकिन समस्या का असली समाधान तब होगा जब इंडिगो अपनी वर्कफोर्स की वास्तविक स्थिति का आकलन करे और तत्काल स्तर पर बड़ी भर्ती प्रक्रिया शुरू करे। पायलटों के रेस्ट नियमों में ढील नहीं दी जा सकती, बल्कि इंडिगो को अपनी उड़ानों का शेड्यूल और नेटवर्क उसी हिसाब से पुनर्गठित करना होगा कि कर्मचारियों की क्षमता और आराम प्रभावित न हो। इसके अलावा डीजीसीए को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि एयरलाइनें केवल मुनाफा बढ़ाने के लिए अपने कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव न डालें। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### 'बाघा जतीन' : साहसी और देशभक्त


**जतीन्द्रनाथ** मुखर्जी, जिन्हें बहादुरी के कारण 'बाघा जतीन' के नाम से जाना जाता है, 7 दिसंबर 1879 को बंगाल के जैसोर में जन्मे थे। उनके पिता का बचपन में ही निधन हो गया, और मां ने अकेले उनके पालन-पोषण की जिम्मेदारी संभाली। बचपन से ही बलिष्ठ और साहसी जतीन्द्रनाथ ने 18 वर्ष की आयु में मैट्रिक की परीक्षा पास की और परिवार की मदद के लिए स्टेनोग्राफी सीखकर कलकत्ता विश्वविद्यालय से जुड़ गए। एक बार जंगल में एक बाघ से मुठभेड़ में उन्होंने उसे अपने हंसिये से मार गिराया, जिसके कारण उनका नाम 'बाघा जतीन' पड़ गया। ब्रिटिश शासन के खिलाफ उनकी चेतना बचपन से ही जागृत थी। बंग-भंग की योजना के विरोध में जतीन्द्रनाथ ने सरकारी नौकरी छोड़ आंदोलन की राह अपनाई। 1910 में 'हावड़ा षड्यंत्र केस' में गिरफ्तार होकर एक साल जेल में रहने के बाद वे 'अनुशीलन समिति' और 'युगांतर पार्टी' के सक्रिय सदस्य बन गए।



जतीन्द्रनाथ मुखर्जी
जन्म : 7 दिसंबर, 1879
मृत्यु : 10 सितंबर, 1915

उनका उद्देश्य पूंजीवाद को समाप्त कर श्रेणीहीन समाज की स्थापना करना और देशवासियों को विदेशी शोषण से मुक्त कर आत्मनिर्णय का अवसर प्रदान करना था। आंदोलन के लिए क्रांतिकारियों द्वारा धन जुटाने का मुख्य साधन डकैती थी। जतीन्द्रनाथ मुखर्जी ने 'दुलरिया' और 'गार्डन रीच' जैसी डकैतियों का नेतृत्व किया। इन डकैतियों के दौरान कई बार उन्होंने अपने साथियों की जान को प्राथमिकता दी और बहादुरी का उदाहरण पेश किया। 1 सितंबर, 1915 को पुलिस ने उनका गुप्त अड्डा 'काली पोक्ष' ढूंढ निकाला। जतीन्द्रनाथ अपने साथियों के साथ अड्डा छोड़ने ही वाले थे कि पुलिस और गांव के सहयोगियों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई।

चित्तप्रिय नामक क्रांतिकारी इस मुठभेड़ में शहीद हो गया। जतीन्द्रनाथ भी गंभीर रूप से घायल हुए और पानी की भी प्रबल आवश्यकता थी। उन्होंने अपने साथियों की सुरक्षा सुनिश्चित की और निर्दोष क्रांतिकारियों की रक्षा की। अगले दिन 10 सितंबर, 1915 को जतीन्द्रनाथ मुखर्जी ने भारत की आजादी के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देते हुए वीरगति प्राप्त की। ■



कविता

### बुरा इंसान

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

डॉ.राजीव डोगरा
गांव जनयानकड़, कांगड़ा

**हां** मैं बुरा हूं, क्योंकि मैं चाहता हूं कि तुम हमेशा खुश रहो।
हां मैं बुरा हूं, क्योंकि मैं चाहता हूं कि तुम बुरे लोगों से सदा दूर रहो।
हां मैं बुरा हूं, क्योंकि मैं चाहता हूं कि तुम सदा मुस्कुराते रहो।
हां मैं बुरा हूं, क्योंकि मैं चाहता हूं कि तुम्हारे जीवन में दुख न आए।
हां मैं बुरा हूं, क्योंकि मैं चाहता हूं कि तुम मेरे बाद भी खुश रहो।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# भारत-रूस रिश्तों में नई मजबूती, साझेदारी का नया दौर



रतन नेगी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारत-रूस के 23वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा कई मायनों में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वैश्विक स्तर पर, विशेषकर अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों की नजरें, इस बैठक पर टिकी हुई थीं, क्योंकि भारत ऐसे समय में रूस के साथ अपने गहरे संबंधों को आगे बढ़ा रहा है जब दुनिया में सामरिक प्रतिस्पर्धा, नए गठबंधन और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहे हैं।

भारत के लिए चुनौती यह है कि वह रूस और पश्चिम दोनों के साथ अपने संबंधों को संतुलित करते हुए अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखे। पुतिन का यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण था, क्योंकि रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच पश्चिमी प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के कारण उनकी विदेश यात्राएं सीमित हो गई हैं। इस संदर्भ में, भारत की उनकी यह यात्रा महज एक राजनयिक यात्रा से कहीं ज्यादा गहरी रणनीतिक अहमियत रखती है।

भारत और रूस के संबंध दशकों पुराने हैं, जिनकी नींव शीत युद्ध के दौर और सोवियत संघ के साथ भारत की करीबी साझेदारी में निहित हैं। पुतिन के 25 साल के नेतृत्व में यह संबंध लगातार मजबूत हुआ है। भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन भी उनके कार्यकाल में ही शुरू हुआ। आज, यह प्रक्रिया दोनों देशों के बीच लगातार बातचीत और दीर्घकालिक योजनाओं को आगे बढ़ाने का प्रमुख माध्यम बन चुकी है। वैश्विक राजनीति में भारत की भूमिका लगातार बढ़ रही है, और यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस का अमेरिका और पश्चिमी देशों के बीच तनावपूर्ण माहौल में, कई देशों को यह भी उम्मीद है कि भारत निकट भविष्य में संघर्ष को कम करने में सहायक भूमिका निभा सकता है। मोदी और पुतिन के बीच व्यक्तिगत स्तर पर बने मजबूत संबंध इस संभावना को और बढ़ाते हैं। आर्थिक और रणनीतिक दृष्टि से देखे तो अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जबकि यूरोप के साथ भी उसके संबंध तेजी से मजबूत हो रहे हैं, और यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत चल रही है। दूसरी ओर, रूस भारत का सबसे बड़ा रक्षा साझेदार है, और सैन्य उपकरण, प्रौद्योगिकी और उत्पादन में दोनों देशों के बीच दशकों से सहयोग जारी है।

भारत की विदेश नीति का मुख्य सिद्धांत किसी एक पक्ष पर निर्भरता से बचना और 'बहुध्रुवीय दुनिया' में अपने हितों के अनुसार स्वतंत्र निर्णय लेना है। इस नीति के तहत, भारत रूस के साथ अपने संबंध बनाए हुए है, साथ ही अमेरिका और यूरोप के साथ भी



अपने आर्थिक संबंधों को मजबूत कर रहा है। पश्चिमी प्रतिबंधों के बाद, रूस अब 'ग्लोबल साउथ' या 'ग्लोबल मेजॉरिटी' देशों की ओर ज्यादा झुकाव दिखा रहा है-और उनमें भारत उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

ऊर्जा क्षेत्र में भारत-रूस साझेदारी ने दोनों देशों की नीतियों को और करीब ला दिया है। कुछ साल पहले तक, भारत के कच्चे तेल आयात में रूस का हिस्सा सिर्फ एक प्रतिशत था, लेकिन आज भारत अपना लगभग 40 प्रतिशत तेल रूस से खरीद रहा है। यह बदलाव न सिर्फ आर्थिक बल्कि रणनीतिक रूप से भी बहुत महत्वपूर्ण है। अमेरिका ने इस बढ़ते संबंध पर अपनी नाराजगी जताई और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दी । इसके बावजूद, भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए रूस के साथ अपना संबंध जारी रखा। इसी संदर्भ में, पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि 'भारत खुशकिस्मत है कि उसके पास नरेंद्र मोदी जैसा नेता है, जो किसी के दबाव में नहीं आता।' शिखर सम्मेलन के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन को 'भगवद गीता' भेंट की, जो भारत की सांस्कृतिक कूटनीति और सॉफ्ट पावर का एक महत्वपूर्ण संकेत है। यह साफ दिखाता है कि दोनों देशों के बीच संबंध न सिर्फ राजनीतिक या आर्थिक स्तर पर, बल्कि सांस्कृतिक और सभ्यतागत मूल्यों की साझा नींव पर भी आगे बढ़ रहे हैं। बातचीत के दौरान, रक्षा, व्यापार, ऊर्जा और आर्थिक सहयोग में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनी और 100 बिलियन डॉलर तक का व्यापार का लक्ष्य रखा। बैठकों के दौरान, सहयोग और प्रवासन, स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा, खाद्य सुरक्षा और मानक, ध्रुवीय जहाजों और समुद्री सहयोग और उर्वरकों के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

दोनों देशों ने 2030 तक एक व्यापक आर्थिक सहयोग कार्यक्रम पर सहमति जताई, जिसके तहत भारतीय युवाओं को 'मैनपावर मोबिलिटी' के जरिए रूस में रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। पुतिन ने 'मेक इन इंडिया' के तहत सहयोग बढ़ाने का वादा किया, जबकि व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण में भी साझेदारी को गहरा करने का फैसला किया गया। ऊर्जा क्षेत्र में, रूस ने भारत को ईंधन की लगातार और बिना किसी रुकावट के आपूर्ति का भी आश्वासन दिया।

इसके अलावा पुतिन ने भारत को सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य और 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता का भी समर्थन किया है। इस तरह, यह शिखर सम्मेलन सिर्फ द्विपक्षीय बैठकों का एक औपचारिक सम्मलेन ही नहीं था, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत और रूस के बीच रणनीतिक विश्वास, आर्थिक सहयोग और राजनयिक साझेदारी को एक नए स्तर पर ले जाने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# छात्रों पर लाठियां भांजकर आंदोलन रोका जा सकता है, आक्रोश नहीं



ठाकुर दीक्षित धलारिया
स्वतंत्र लेखक, संधोल, मंडी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

ज्ञान-शील-एकता के मंत्र से संस्कारित छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीपीपी) विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने का गौरव प्राप्त संगठन है। शैक्षणिक व सामाजिक विषयों को लेकर आवाज बुलंद कर छात्र समुदाय को साथ लेकर ज्ञापन, प्रदर्शन, सांकेतिक हड़ताल व आंदोलनों के माध्यम से मांगों की ओर ध्यान आकर्षित करने के प्रयास आमतौर पर छात्र संगठन द्वारा किए जाते रहते हैं।

सरकार चाहे जिस मर्जी विचारधारा की हो, एबीवीपी आंदोलन करने से कभी नहीं रुकी है। देश-प्रदेश से लेकर हिमाचल तक आंदोलन के माध्यम से कई सरकारों की नींव हिलाने का कार्य एबीवीपी कर चुकी है। हिमाचल प्रदेश में सरकार का छात्र संगठन के प्रति एक ऐसा रवैया देखने को मिला हैं, जिसमें एबीवीपी से संबंध रखने वाले धर्मशाला कॉलेज व सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं को जोकि अपने शैक्षणिक कार्यों में व्यस्त थे कोई परीक्षा देने जा रहा था, को पहले परिसरों से बिना किसी कारण के पुलिस प्रशासन द्वारा उठाकर ले जाया जाता है और पुलिस थाने में रखा जाता है, इसके पीछे क्या वजह थी, क्या कारण था?

इस विषय पर प्रशासन मौन है, तो दूसरी तरफ अखिल एबीवीपी जिला कांगड़ा के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रशासनिक अनुमति के साथ 3 दिसंबर को विधानसभा घेराव का ऐलान किया जाता है और जब शांतिपूर्वक तरीके से टैक्सी स्टैंड से जोरावर स्टेडियम तक मार्च निकाला जाता है और यह मार्च जोरावर स्टेडियम के पास पहुंचता है तो पुलिस प्रशासन द्वारा सरकार के आदेश पर इस मार्च को दबाने के लिए अचानक भारी बल का प्रयोग कर छात्र-छात्राओं पर लात-घूंसे व लाठियां भांज दी जाती हैं।

दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को चोटें आती हैं, जिसमें छात्र-छात्राएं दोनों



शामिल हैं। प्रदेश में सरकार महिला सुरक्षा की बड़ी-बड़ी बातें हांकती है, मगर अपनी मांगों को लेकर पहुंची छात्राओं पर लाठियां बरसाई जाती हैं, ये कैसा महिला सम्मान?

पुरुष पुलिस द्वारा छात्रों के साथ मारपीट की जाती है। जमीन पर पड़ जाने पर पुलिस द्वारा लातों से चोटिल किया जाता है। यह किस प्रकार की कार्रवाई शांतिपूर्वक छात्रों पर की जाती है, इसको लेकर सरकार व प्रशासन के पास कोई जवाब नहीं है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सदन में विपक्ष के प्रश्नों पर यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि छात्रों के पास आंदोलन की अनुमति ही नहीं थी और पुलिस ने कोई लाठीचार्ज नहीं किया। यदि ऐसा है, तो फिर छात्रों के टूटे हाथ-पैर, सिर पर बंधी पट्टियां और आंदोलन स्थल पर बिखरे जूते-चप्पल कैसे पहुंचे-यह सवाल प्रशासन और पुलिस की चुप्पी को कठघरे में खड़ा करता है।

सरकार युवाओं की आवाज से घबराकर दमन का रास्ता अपना चुकी है। पिछले तीन वर्षों में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था बुरी तरह लड़खड़ा गई है। विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति का अभाव, सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के विस्तार की अनदेखी, धर्मशाला स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर का वर्षों से लंबित रहना और नई शिक्षा नीति के प्रति लापरवाही-इन सबने शिक्षा की गुणवत्ता को कमजोर किया है। छात्र संघ चुनाव बहाल न करना भी छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का अपमान है।

इन्हीं मांगों को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ता शांतिपूर्ण प्रदर्शन हेतु जोरावर स्टेडियम पहुंचे थे, परंतु सरकार ने न संवाद चुना और न समाधान-सीधे बल प्रयोग किया। यह कार्रवाई न सिर्फ बर्बरता का उदाहरण है, बल्कि सरकार की बौखलाहट और संवेदनहीनता को भी उजागर करती है।

अब यह मुद्दा विधानसभा से लेकर समाज और सोशल मीडिया तक चर्चा का केंद्र बन चुका है। एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई न होने तक आंदोलन और तीव्र होगा, जिसका सामना सरकार को करना ही पड़ेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत में बाबर की मस्जिद से अधिक चिंता उस सोच की है




डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में भरतपुर से टीएमसी विधायक रहे हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी नाम से मस्जिद बनाने का दावा उस मानसिकता की ओर इशारा करता है, जो भारत की ऐतिहासिक पीड़ा और सांस्कृतिक संवेदनाओं से अनभिज्ञ है। यद्यपि टीएमसी ने उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया है, परंतु उनके समर्थकों द्वारा जगह-जगह लगाए गए पोस्टर बताते हैं कि बाबर के नाम का महिमामंडन केवल एक व्यक्ति का विचार नहीं, बल्कि एक विशेष सोच का परिणाम है।

प्रश्न मस्जिद निर्माण का नहीं है-भारत के संविधान में हर नागरिक को अपने धर्मस्थल बनाने की स्वतंत्रता है। मुद्दा केवल इतना है कि आखिर भारत में बार-बार बाबर का नाम क्यों उठाया जाता है? क्यों कोई समुदाय आज भी एक विदेशी आक्रांता को अपना 'नायक' बनाने पर आमादा है? यह प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत एक पंथ निरपेक्ष राष्ट्र है, जहां किसी अत्याचारी या हिंसक आक्रमणकारी के लिए सम्मान का स्थान नहीं होना चाहिए। हुमायूं कबीर कहते हैं-'नाम पर आपत्ति क्यों है? यह हमारे कौम का मामला है।' यह कथन उस मानसिकता को उजागर करता है जो समुदाय विशेष को बाबर के नाम से जोड़ती है, जबकि बाबर का भारत से सांस्कृतिक या भावनात्मक कोई संबंध नहीं था। वह एक विदेशी आक्रांता था-फरगना का निवासी, जिसका लक्ष्य इस भूमि पर सत्ता, लूट और धार्मिक वर्चस्व स्थापित करना था। बाबर के बारे में किसी भी प्रकार की गलतफहमी उसकी आत्मकथा 'बाबरनामा', गुलबदन बेगम की 'हुमायूंनामा' और स्वतंत्र इतिहासकारों के विवरण पढ़कर दूर हो सकती है।

इन स्रोतों में स्पष्ट रूप से वर्णित है कि बाबर युद्ध केवल राजनीतिक महत्वाकांक्षा से नहीं, बल्कि धार्मिक कट्टरता से प्रेरित होकर लड़ता था। खानवा युद्ध में विजय के बाद उसने स्वयं को गर्व से 'गाजी'-काफिरों को मारने वाला घोषित किया। यह उसके विचारों और




उसके शासन की वास्तविकता को स्वयं प्रकट करता है। बाजौर के किले पर हमला इसका एक उदाहरण है, जहां उसने केवल इसलिए संपूर्ण नगर का संहार कर दिया, क्योंकि वहां मुसलमान नहीं थे। यह युद्ध नीति नहीं, बल्कि धार्मिक असहिष्णुता का चरम रूप था।

इसी प्रकार, बाबर के आदेश पर या उसकी सेना द्वारा अनेक मंदिर नष्ट किए गए-चंदेरी, संभल, उरवा और अयोध्या इसके प्रमुख उदाहरण हैं। अयोध्या में मीर बाकी ने उसके आदेश पर एक प्राचीन मंदिर को ध्वस्त कर मस्जिद खड़ी की, यह ऐतिहासिक तथ्य है जिसे अनेक विद्वानों-सीताराम गोयल जैसे इतिहासकारों ने प्रमाण सहित प्रस्तुत किया है। मोहन मुन्दाहिर की घटना भी उसकी क्रूरता का परिचायक है, जहां एक शिकायत पर बाबर ने तीन हजार सैनिक भेजकर प्रतिशोध स्वरूप हजारों निर्दोष लोगों की हत्या करवाई, स्त्रियों को सैनिकों में बांटा गया और मुन्दाहिर को मिट्टी में गाड़कर तीरों से मार डाला गया। यह अत्याचार किसी भी 'आदर्श शासक' की पहचान नहीं हो सकता। सन् 1528 के चंदेरी अभियान की कहानी और भी हृदयविदारक है, जहां रानी मणिमाला सहित लगभग 1600 महिलाओं ने जौहर किया ताकि मुगल सेना के अत्याचारों का शिकार न बनें।

वास्तविकता यह है कि बाबर ने अपने मात्र चार वर्ष के शासनकाल में लूट, हिंसा और विनाश के अतिरिक्त भारत को कोई सांस्कृतिक या प्रशासनिक योगदान नहीं दिया। ऐसे व्यक्ति को भारत में सम्मानित करना या उसकी स्मृति में पूजा-स्थल बनाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं।

भारत में मस्जिदों के निर्माण पर किसी प्रकार की आपत्ति नहीं हो सकती-यह अधिकार संविधान ने दिया है, लेकिन बाबर जैसे आक्रमणकारी के नाम पर मस्जिद का नामकरण करना भारत की सभ्यता, इतिहास और लाखों लोगों की पीड़ा का अनादर है। सम्मान उन लोगों को मिलना चाहिए जिन्होंने इस भूमि की संस्कृति, मानवता, सहिष्णुता और शांति को समृद्ध किया है न कि उन आक्रमणकारियों को जिन्होंने भारत को केवल युद्धभूमि और लूट का स्रोत समझा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सीर खड्ड : हिमाचल की जीवनदायिनी नदी एवं सांस्कृतिक धरोहर की प्रतीक




रेखा चंदेल
स्वतंत्र लेखिका, झंडूता
जिला बिलासपुर (हि. प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सीर खड्ड हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में बहने वाली एक महत्वपूर्ण नदी है, जो सतलुज नदी की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है। इसका उद्गम मंडी जिले के लिंड़ीधार क्षेत्र से होता है और यह सिकंदर धार के आंचल में प्रवाहित होती है। इसकी शुरुआत सरकाघाट नगर पालिका के कुनालग बार्ड में बारहमासा नाले के रूप में होती है। बहते बहते यह नदी हटवाड़ के पास बिलासपुर जिले में प्रवेश करती है और लगभग 64 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद सेरी मातला के समीप सतलुज नदी में विलीन हो जाती है।

बिलासपुर जिले में बहने वाली यह सबसे बड़ी नदी मानी जाती है और इसके महत्व को इसके जल संसाधन, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से समझा जा सकता है। सीर खड्डु केवल एक नदी नहीं, बल्कि आसपास के इलाकों में जीवन की धारा भी है। इसके किनारे बसे गांव और शहर इसकी जलधारा पर निर्भर करते हैं। यह नदी स्थानीय लोगों को सिंचाई, पेयजल और अन्य दैनिक जरूरतों के लिए आवश्यक जल प्रदान करती है। इसके जल में कई प्रकार की मछलियां और जलीय जीव पाए जाते हैं, जो स्थानीय जैव विविधता के लिए महत्वपूर्ण हैं। नदी के आसपास का वन्य जीवन और पारिस्थितिकी तंत्र भी इसके जल पर आधारित है।

सीर खड्ड के किनारे कई ऐतिहासिक स्थल और किले मौजूद हैं, जो इसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्वपूर्णता को दर्शाते हैं। इनमें सुन्हाणी, कोट केहलूर और बचहरेतु किला प्रमुख हैं। ये स्थल न केवल पर्यटन और स्थानीय इतिहास के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा भी हैं। नदी के संरक्षण और प्रबंधन के बिना इन स्थलों और आसपास के गांवों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। नदी के संरक्षण के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं। इसके जल



संसाधन का सही उपयोग सुनिश्चित करना, नदी के किनारे वृक्षारोपण करना, और जल प्रदूषण को रोकना इसके संरक्षण के महत्वपूर्ण कदम हैं। सरकार और स्थानीय समुदाय को मिलकर कार्य करना होगा ताकि सीर खड्डु की जल धारा और इसके आसपास का पर्यावरण सुरक्षित रह सके।

नदी के जल का विवेकपूर्ण उपयोग न केवल स्थानीय जीवन के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हिमाचल प्रदेश की पारिस्थितिकी और जैव विविधता के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीर खड्ड का महत्व केवल स्थानीय लोगों तक ही सीमित नहीं है। यह नदी हिमाचल प्रदेश की संस्कृति, इतिहास और पर्यावरण के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इसके जल और आसपास के क्षेत्र में बसे ऐतिहासिक स्थल स्थानीय इतिहास की गवाही देते हैं। इसके संरक्षण से न केवल जल संकट को कम किया जा सकता है, बल्कि पर्यटन, संस्कृति और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलता है। सीर खड्ड हिमाचल प्रदेश की एक महत्वपूर्ण जीवनरेखा है। यह नदी न केवल जल संसाधन प्रदान करती है, बल्कि इसके किनारे बसे गांवों और शहरों के लिए जीवनदायिनी है। इसके संरक्षण और प्रबंधन के बिना न केवल स्थानीय लोगों की दैनिक आवश्यकताओं को खतरा है, बल्कि यह हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर के लिए भी चुनौती बन सकता है। इसलिए, सरकार और स्थानीय समुदाय को मिलकर इस नदी के संरक्षण और विकास पर ध्यान देना आवश्यक है, ताकि यह नदी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी जीवनदायिनी बनी रहे।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## राजस्व मंत्री ने मंडी में जन संकल्प सम्मेलन की तैयारियों का लिया जायजा

# लाभार्थी उत्थान और आत्मनिर्भर हिमाचल के निर्माण की राह प्रशस्त करेगा सम्मेलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने मंडी में आयोजित होने वाले जन संकल्प सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और जिला प्रशासन तथा विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर इसके सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जन संकल्प सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए राजस्व मंत्री।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर मंडी के पड्डल मैदान में 11 दिसंबर को जन संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसकी विषयवस्तु हर लाभार्थी का उत्थान और आत्मनिर्भर प्रदेश का निर्माण रखी गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने गत तीन वर्षों में जनहितैषी निर्णय लिए हैं और वर्ष 2023 एवं 2025 की आपदा से प्रभावितों को राहत प्रदान करने के लिए विशेष पैकेज भी घोषित किया गया। मंत्री ने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से आगामी दो वर्षों की रूपरेखा प्रस्तुत की जाएगी और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर आम लोगों को योजनाओं के बारे में अवगत कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय से बेहतर कार्य करने, लाभार्थियों के आवागमन, भोजन और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पुलिस विभाग को वाहनों की पार्किंग और भीड़ प्रबंधन के लिए क्षेत्रवार संकेतक लगाने तथा जनसंपर्क प्रणाली के प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। धर्मपुर से विधायक चंद्रशेखर ने भी बहुमूल्य सुझाव दिए।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने तैयारियों और अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के अध्यक्ष लाल सिंह कौशल, प्रदेश जल प्रबंधन बोर्ड के उपाध्यक्ष शशि शर्मा, एपीएमसी मंडी के चेयरमैन संजीव गुलेरिया, अन्य अधिकारी और संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आत्मनिर्भर हिमाचल जन संकल्प सम्मेलन की तैयारियों का सचिव ने लिया जायजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 11 दिसंबर को मंडी के पड्डल मैदान में आयोजित होने वाले आत्मनिर्भर हिमाचल जन संकल्प सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा के लिए सचिव सामान्य प्रशासन आशीष सिंहमार आज मंडी पहुंचे। उन्होंने जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी व्यवस्थाओं का विस्तृत रूप से जायजा लिया और समयबद्ध रूप से सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि पड्डल मैदान को 18 ब्लॉकों में विभाजित किया जा रहा है और प्रत्येक ब्लॉक में वरिष्ठ अधिकारी तैनात किए जाएंगे। लाभार्थियों की सूची और उनके समन्वय अधिकारियों की ड्यूटी अंतिम रूप दे दी गई है। सम्मेलन में भाग लेने वाले लाभार्थियों के आवागमन, ठहरने और खानपान की पूरी योजना तैयार कर ली गई है। प्रत्येक लाभार्थी को पैकेट बंद भोजन और बोतलबंद पानी उपलब्ध कराया जाएगा। सफाई की जिम्मेदारी नगर निगम मंडी को सौंपी गई है और प्रत्येक ब्लॉक में पर्याप्त सफाईकर्मी तैनात रहेंगे। पड्डल मैदान में अस्थायी शौचालय और चिकित्सा सहायता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। आपात स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मैदान में तीन और भ्यूली, पुलघराट तथा खलियार में तीन अतिरिक्त चिकित्सा केंद्र संचालित किए जाएंगे। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देने के लिए जिला के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, एंटी चिट्टा अभियान, आपदा प्रबंधन और सरकार की उपलब्धियों पर आधारित नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जन जागरूकता संदेश भी दिया जाएगा। एसपी साक्षी वर्मा ने बताया कि 11 दिसंबर को यातायात प्रबंधन के लिए विस्तृत प्लान तैयार कर कार्रवाई जारी है, ताकि लाभार्थियों का आवागमन सुगम व सुरक्षित हो सके।

# घायलों को तत्काल मिलेगा खून

## रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर ने शुरू की विशेष रक्तदान मुहिम



रोटरी कार्यालय में बैठक की अध्यक्षता करते अध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण शर्मा एवं उपस्थित रोटेरियन।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों को समय पर खून उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर ने एक विशेष मुहिम शुरू की है। इस पहल के तहत पूरे उपमंडल में चरणबद्ध तरीके से बड़े पैमाने पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

रोटरी कार्यालय, लक्ष्मी बाजार में आयोजित अर्धमासिक बैठक में वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर और क्लब अध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण शर्मा ने बताया कि मंडी-पठानकोट हाईवे पर होने वाले हादसों में घायल मरीजों को टांडा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में खून की कमी का सामना न करना पड़े, इसलिए यह कदम उठाया जा रहा है। इस योजना के तहत टांडा मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, मुख्य चिकित्साधिकारी और ब्लड बैंक प्रभारियों के साथ पत्राचार कर विशेष प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। नियमित रक्तदाता तैयार किए जाएंगे और शिविरों का आयोजन किया जाएगा। क्लब के सचिव अधिवक्ता रणजीत चौहान ने बताया कि 9 दिसंबर को आईटीआई डोहग में होने वाले शिविर में लगभग 101 यूनिट रक्त एकत्रित कर टांडा मेडिकल कॉलेज भेजा जाएगा। स्वास्थ्य सचिव रामलाल ने कहा कि लडभड़ोल और चौंतड़ा में प्रस्तावित शिविरों से लगभग 200 यूनिट रक्त उपलब्ध कराए जाएंगे। डॉ. चंद्रभूषण ने स्थानीय व्यापार मंडल, युवा संगठन, खिलाड़ी व छात्रों से इस नेक कार्य में हिस्सा लेने की अपील की। बैठक में मेजर ज्ञान चंद बरवाल, संजय शर्मा, विजय व विनोद को जिम्मदारियां सौंपी गईं।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकाघाट में जवानों की समस्याओं पर मंथन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रिटायर्ड संगठन सीएपीएफ जवानों की बैठक सरकाघाट में संगठन के अध्यक्ष टेक चंद सकलानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में जवानों की समस्याओं व मांगों को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा संगठन द्वारा उनके लिए किए जा रहे कार्यों से अवगत करवाया गया और जो कार्य पाइप लाइन में हैं उनके बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति कमांडेंट बलबीर सिंह रसवाल, उप सेनानी संतराम, सहायक सेनानी झानचंद ठाकुर, कुलदीप सिंह ठाकुर, बिशन दास, गांधी राम, भगीरथ, प्रांत मीडिया प्रभारी विजय ठाकुर सहित दर्जनों सेवानिवृत्ति अधिकारी जेसीओ व जवानों ने भाग लिया।

### गोलवां स्कूल में सीडीपीओ ने बच्चों से किया संवाद

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** अपना विद्यालय कार्यक्रम के तहत बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) चौंतड़ा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोलवां का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के साथ जीवन के विभिन्न पहलुओं पर संवाद किया और प्रेरक वार्ता दी। सीडीपीओ ने कहा कि जीवन में लक्ष्य के बिना आगे बढ़ना संभव नहीं है, इसलिए प्रत्येक छात्र को अपने लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक ने भी बच्चों को विभागीय योजनाओं और व्यक्तिगत स्वच्छता की जानकारी दी। प्रधानाचार्य अजय राठौर ने इस पहल की सराहना की।

### मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**आनंद ज्ञान, नेरचौक।** मंडी जिले के नाचन विधानसभा क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कनेड में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम हिमाचल प्रदेश के चेयरमैन लाल सिंह कौशल ने बच्चों की मेहनत और उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक क्षेत्रों में पुरस्कार प्रदान किए गए। पाठशाला के प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और मुख्य अतिथि को शाल, टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्टाफ, अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मतदान अधिकार के महत्व पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब और एनएसएस यूनिट ने एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित किया, जिसमें मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर रत्तन नेगी ने विद्यार्थियों को मतदान अधिकार के महत्व, आवश्यकता और संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी देते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया; कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थी शेर सिंह, कनिका और तन्मय ने युवाओं की भूमिका, चुनावी जागरूकता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों पर विचार रखे, जबकि कॉलेज के विद्यार्थियों और एनएसएस स्वयंसेवियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जिससे कार्यक्रम प्रभावी और ज्ञानवर्धक बना।

### गर्विश को मिला स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जय दुर्गा मां नर्सिंग कॉलेज में वार्षिक फेयरवेल समारोह का भव्य आयोजन हुआ। जूनियर्स ने सीनियर्स को गीत-संगीत और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विदाई दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप सिंह गुलेरिया ने छात्राओं को नर्सिंग क्षेत्र की चुनौतियों और अवसरों से परिचित कराया। एमडी डॉ. राकेश धरवाल ने नर्सिंग में करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला, बताया कि कई छात्राएं विदेशों में भी कार्यरत हैं। फेयरवेल समारोह में ईशा राठौर को मिस फेयरवेल, रिया को मिस दीवा, मनस्वी को मिस पर्सनालिटी और मुस्कान को बेस्ट स्टूडेंट चुना गया। गर्विश को स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब मिला। कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ और सभी प्रशिक्षु छात्राएं उपस्थित रहीं, जिन्होंने इस उत्सव को सफल बनाया।

### छात्रों ने विज्ञान व नवाचार में दिखाई प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएमसी राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं स्कूल स्तरीय बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में विज्ञान, कला, हेल्थ केयर, पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार और गणितीय मॉडल जैसे विषयों पर कक्षा-वार प्रदर्शनी लगी। छात्राओं ने मॉडल, प्रोजेक्ट और चार्ट के माध्यम से वैज्ञानिक सोच, स्वास्थ्य जागरूकता और स्थानीय संसाधनों पर आधारित पर्यटन संभावनाओं को प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शोभा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों–लोकनृत्य, समूह गीत और स्किट्स–से और बढ़ गई। प्रधानाचार्य मनोज चौहान ने छात्राओं की प्रतिभा और स्टाफ व अभिभावकों के सहयोग की सराहना की। 30 छात्राओं की टीम आगामी जिला स्तरीय बाल मेले में कनेड में भाग लेगी।

### चैरा व खबरौट बेलुढांक गांव तंबाकू मुक्त घोषित

**अनंत ज्ञान, करसोग।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के अंतर्गत करसोग क्षेत्र में तंबाकू नियंत्रण प्रयासों को सशक्त करते हुए दो और गांवों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है। उपमंडल करसोग की दूरदराज की ग्राम पंचायत परलोग के चैरा और खबरौट बेलुढांक गांव को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया है। खंड चिकित्सा अधिकारी करसोग डॉ. गोपाल चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि तंबाकू नियंत्रण नियमावली के अनुसार चैरा गांव को सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के आकलन के अनुसार 160 में से 160 अंक मिले है, जबकि ग्राम पंचायत परलोग के ही खबरौट बेलुढांक, गांव को 160 में से 140 अंक मिले है। डॉ. गोपाल चौहान ने बताया कि प्रदेश सरकार के नशा उन्मूलन अभियान को नई दिशा और गति प्रदान करते हुए स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय प्रशासन की संयुक्त पहल, ग्राम स्तर पर जागरूकता और लोगों की सक्रिय भागीदारी के परिणामस्वरूप ये दोनों गांव तंबाकू मुक्त मानकों पर खरे उतरे हैं।

### सुरक्षित जीवनशैली के बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एचआईवी/एड्स, नशा उन्मूलन तथा संक्रामक रोगों की रोकथाम संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए एक दिवसीय विशिष्ट व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रेड रिबन क्लब के प्रभारी डॉ. मनजीत कुमार द्वारा किया गया, जिन्होंने सत्र का प्रभावी संचालन भी किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों, नशे से होने वाले दुष्प्रभावों तथा सुरक्षित जीवनशैली के महत्व के बारे में जागरूक करना है। नागरिक चिकित्सालय सुंदरनगर की स्वास्थ्य परामर्शदात्री मुनीष प्रभा ने नशा मुक्ति तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# वैज्ञानिक पद्धति से की स्ट्रॉबेरी की रोपाई

## डीपीएमयू व बीपीएमयू की निगरानी में किसानों को किया प्रशिक्षित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सिंचाई उप-परियोजना क्षेत्र कसारला में किसानों ने वैज्ञानिक पद्धति से स्ट्रॉबेरी की रोपाई का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया। यह उप-परियोजना हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के अंतर्गत जिला परियोजना प्रबंधन इकाई (डीपीएमयू) मंडी तथा खंड परियोजना प्रबंधन इकाई (बीपीएमयू) मंडी के अधीन संचालित है।



वैज्ञानिक पद्धति से की स्ट्रॉबेरी की रोपाई का निरीक्षण करते हुए अधिकारी।

स्ट्रॉबेरी रोपाई का कार्य डीपीएमयू और बीपीएमयू मंडी के अधिकारियों की निगरानी में किया गया। किसानों को खेत की तैयारी, पौधों के चयन और उन्नत रोपाई तकनीकों की जानकारी दी गई। इससे पहले किसान सतीश ने 3.5 बीघा भूमि में लगभग 30,000 स्ट्रॉबेरी पौधे लगाए थे, जिनसे उन्हें उच्च गुणवत्ता वाला उत्पादन और लाभ प्राप्त हुआ। इसी प्रेरणा से अब किसान रूप सिंह ने लगभग 2 बीघा भूमि में 10,000 पौधों की रोपाई की है।

इस उप-परियोजना के तहत किसानों को मल्चिंग शीट भी उपलब्ध करवाई गई, जिससे नमी संरक्षण, खरपतवार नियंत्रण और पौधों की वृद्धि में सुधार देखने को मिला। वैज्ञानिक पद्धति से उत्पादन पर प्रत्येक पौधे से लगभग 1 किलोग्राम स्ट्रॉबेरी मिलने की संभावना है। 10,000 पौधों से लगभग 10,000 किलोग्राम उत्पादन होने का अनुमान है, जिसका मौजूदा बाजार मूल्य ₹160 प्रति किलोग्राम के अनुसार किसान को लगभग ₹16 लाख की आय होने की संभावना है।

स्थानीय बाजारों के साथ-साथ कुल्लू क्षेत्र के होटलों और पर्यटन स्थलों में स्ट्रॉबेरी की लगातार उच्च मांग रहती है, जिससे किसानों को स्थायी और सुनिश्चित बाजार उपलब्ध है।

**10,000 पौधों से 16 लाख रुपए की संभावित आय**

इस दौरान जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. हेमराज वर्मा, विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. खूब राम, खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. राजेश कुमार और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों को वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक किया और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया।

## मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल अनंत नगर तताहर में आईसीडीएस विभाग के सहयोग से किशोरी मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वृत-नबाही पर्यवेक्षक अनिल बन्याल ने की। इस अवसर पर आईसीडीएस टीम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और विभागीय अधिकारी छात्रों व किशोरियों को स्वास्थ्य, सुरक्षा और सरकारी योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देने पहुंचे। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विशेषज्ञों ने मासिक धर्म स्वच्छता, संतुलित आहार, महिला सुरक्षा कानून और नशा मुक्ति पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता से जुड़े व्यावहारिक सुझाव साझा किए। दूसरे सत्र में छात्रों को इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, सुख आश्रय योजना, बेटी है अनमोल और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के उद्देश्य, पात्रता और लाभ समझाए गए। अनिल बन्याल ने कहा कि इन योजनाओं का लक्ष्य समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाना है और छात्र-छात्राएं इस जागरूकता को परिवार और समुदाय तक पहुंचाएं।

# बीबीएमबी इंटर-प्रोजेक्ट स्कूल स्पोर्ट्स ओलंपियाड का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, महादेव**

भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड द्वारा बीएसएल प्रोजेक्ट सुंदरनगर में आयोजित तीन दिवसीय बीबीएमबी इंटर-प्रोजेक्ट स्कूल स्पोर्ट्स ओलंपियाड का उद्घाटन मुख्य अतिथि मनोज त्रिपाठी, चेयरमैन बीबीएमबी ने किया। इस अवसर पर सदस्य सिंचाई, बीबीएमबी सह मुख्य अभियंता बीएस नारा, उप मुख्य अभियंता इंजी कश्मीर सिंह ठाकुर, ओएसडी सुरेंद्र मित्तल, डायरेक्टर प्लानिंग एंड डिजाइन दीपक मैहरा, अति. अधीक्षण अभियंता एसपी शर्मा, वरिष्ठ कार्यकारी अभियंता इंजी. गुलशन मान, प्रधानाचार्य बीएसएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंजीत सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बीएसएल प्रैपरेटरी मॉडल स्कूल तथा बीएसएल सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ओलंपियाड में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। मनोज त्रिपाठी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है और उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

चीफ इंजीनियर बीएस नारा ने जानकारी दी कि 6 से 8 दिसम्बर तक चलने वाली प्रतियोगिताओं में बीएसएल सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल सुंदरनगर, बीएसएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुंदरनगर, बीबीएमबी डीएवी स्कूल तलवाड़ा, बीबीएमबी डीएवी स्कूल नंगल और मिडिल स्कूल गंगूवाल एवं सलापड़ स्थित बीबीएमबी स्कूलों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। ओलंपियाड में अंडर-14 और अंडर-19 वर्ग में लड़के और लड़कियां 100 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले रेस, लंबी कूद, कबड्डी, बैडमिंटन, शॉटपुट सहित अंडर-19 वर्ग में 200 मीटर दौड़ में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। तीन दिवसीय खेल महोत्सव में कुल 300 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के अंत में विजेता खिलाड़ियों और टीमों को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

# शिक्षा के क्षेत्र में लोहारा स्कूल कर रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन : प्रकाश चौधरी



लोहारा स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि प्रकाश चौधरी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

**आदर्श, अनंत ज्ञान**

**नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोहारा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी मुख्यातिथि के रूप में पधारे, जिन्होंने मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यातिथि ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में लोहारा स्कूल लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। प्रधानाचार्य हिम्मती देवी ने मुख्यातिथि को शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और विद्यालय में चलने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया तथा विद्यालय में चल रहे शिक्षकों के खाली पदों को भरने में सहयोग की मांग की। स्कूल के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों व शिक्षाप्रद नाटिकाओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। बच्चों की प्रतिभा और प्रदर्शन की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर जिला विज्ञान अध्यापक संघ अध्यक्ष संजीव पूरी, पंचायत प्रधान पन्ना लाल, पशुपालन विभाग से डॉ. बिजेंद्र, भंगरोटू स्कूल प्रधानाचार्य अंजना चौधरी, कृष्ण कुमार, राजेंद्र शर्मा, राज पाल व सचिन, बीडीसी सदस्य योगेश चौधरी, गोविंद सागर सहित कई मौजूद रहे।

## ब्रह्मकुमारियों ने आपदा प्रभावितों को बांटे गर्म वस्त्र

**अनंत ज्ञान, जोगेंद्रनगर।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ढ़ेलू जोगिंद्रनगर द्वारा ग्राम पंचायत नेरघरवासड़ा के वार्ड कुंडुनी में आपदा ग्रस्त परिवारों को सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े, कम्बल और कुक्कर वितरित किए। विशेष रूप से सुजानपुर सेवा केंद्र प्रभारी संतोष दीदी ने बताया कि आपदा का मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन है जो इंसानों ने प्रकृति से बहुत छेड़ छाड़ की है। इससे बचने के लिए हम पर्यावरण सुरक्षा के लिए मिल कर काम करें। राजयोगिनी सुलक्षण दीदी ने कहा सनातन बहुत बड़ी शक्ति है हमें राज योग का अभ्यास करना चाहिए जिससे हमारी कर्मेंद्रियों पर कंट्रोल होता है। अच्छे बुरे का बोध होता हो जाता है। विद्यालय के वरिष्ठ भ्राता खेम सिंह ठाकुर ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा की मुहिम तो वार्ड स्तर पर सरकार को चलानी चाहिए तभी ऐसी त्रासदी से बच सकते हैं। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है।

# सुंदरनगर अस्पताल में गंदगी व अव्यवस्था का हाल बेहाल, सार्वजनिक शौचालय और स्नानघर पड़े बंद

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** नागरिक अस्पताल सुंदरनगर का एक बड़ा हिस्सा गंदगी और अस्वच्छता के कारण दुषित वातावरण में बदल गया है। अस्पताल परिसर के जच्चा-बच्चा वार्ड और आसपास के मार्गों की नाली टूटी-फूटी स्थिति में है, जिससे मल-जल और अन्य गंदगी का जमा होना आम बात हो गई है।

स्थानीय नागरिक भीम बसेड़ू राजपूत और अनंत ज्ञान ने बताया कि नाली में पड़े टूटी-फूटी ब्लॉकों और जर्जर पक्की दीवारों के कारण गंदा पानी अस्पताल परिसर में फैल रहा है। खासकर पुराने जच्चा-बच्चा वार्ड का गंदा पानी इसी नाली में जाकर जमा होता है, जिससे बदबू और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है।

अस्पताल परिसर में बने सार्वजनिक शौचालय और स्नान घर भी वर्षों से बंद पड़े हैं और गंदगी से अटे हुए हैं। इससे अस्पताल आने वाले मरीज और उनके परिजन कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। इन सुविधाओं के न खुलने के कारण न सिर्फ स्वच्छता की समस्या बढ़ी है, बल्कि अस्पताल का पर्यावरण भी दूषित हो गया है।



सुंदरनगर अस्पताल में टूटी नाली और बंद पड़े शौचालय एवं स्नान घर से बढ़ती गंदगी।

स्थानीय लोगों ने उपायुक्त मंडी से अपील की है कि अस्पताल परिसर में स्वच्छता की स्थिति तुरंत सुधारते हुए बंद पड़े शौचालय और स्नान घर को चालू किया जाए। उन्होंने यह भी मांग की है कि अस्पताल के पुराने ब्लॉकों और नालियों की मरम्मत कर उन्हें सुरक्षित और उपयोग योग्य बनाया जाए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो अस्पताल आने वाले लोगों की स्वास्थ्य और सफाई संबंधी परेशानियां बढ़ती जाएंगी। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि सुंदरनगर अस्पताल के प्रदूषित हिस्से को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

अनंत ज्ञान मुद्दा

## कार्यक्रम गांधी भवन मंडी में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

# संविधान से छेड़छाड़ स्वीकार नहीं : नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन मंडी में भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के अग्रदूत, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया।




भारत रत्न बाबा साहिब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के उपरांत अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव चमन राही और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने बतौर मुख्यातिथि, धर्मपुर विधायक चंद्रशेखर ठाकुर, एपीएमसी चेयरमैन संजीव गुलेरिया, एससी एसटी विकास निगम के उपाध्यक्ष लाल सिंह कौशल, जल प्रबंधन निगम के उपाध्यक्ष शशि शर्मा, सन्नी ईपन प्रदेश संयोजक अल्पसंख्यक परिषद, पार्षद राजेंद्र मोहन, योगराज, संजय शर्मा, अलकनंदा हांडा, पवन ठाकुर, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष चंपा ठाकुर, नरेश चौहान, योगेश पटियाल, कर्मसिंह सैनी, आकाश शर्मा, रविदास कल्याण बोर्ड सदस्य भगत राम, भगवान दास ठाकुर, विकास कपूर, अनिल सेन, चंद्रवीर कागरा, जोगिंद्र गुलेरिया, प्रकाश कश्यप, बडसू पंचायत प्रधान गोविंद राम वर्धन, हेमराज आजाद, इकबाल अली, दलित नेता कूर्म देव, प्रेम लाल गुड्डु, उपेंद्र शर्मा, चंद्र कौशल ने शिरक्त कर डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सभी वर्गों के कल्याण के लिए सर्वमान्य संविधान का निर्माण किया था, लेकिन आज केंद्र में सत्ता में बैठे कुछ सांप्रदायिक नेता देश को तोड़ने और संवैधानिक शक्तियों को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए हमने संविधान बचाओ देश बचाओ अभियान आरंभ किया हुआ है।

**परिषद ने संविधान बचाओ देश बचाओ अभियान को किया तेज**

**वंचितों के लिए काम करने वाले महान व्यक्ति थे डॉ. अंबेडकर : चमन राही**

अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि करोड़ों दलितों, मजदूरों, शोषितों और वंचितों के मसीहा को भारत ही नहीं अपितु पूरी दुनिया में याद किया जा रहा है। चमन राही ने कहा कि परिषद अंबेडकर के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेती है। डॉ. अंबेडकर राजनीति से उपर उठकर वंचितों के लिए काम करने वाले महान व्यक्ति थे।

# मार्शल आर्ट स्पर्धा के लिए ब्लैक पैंथर टीम के आठ खिलाड़ी दिल्ली रवाना




राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए दिल्ली रवाना होती टीम ब्लैक पैंथर के खिलाड़ी और शुभकामनाएं देतीं डॉ. अनुपमा सिंह व मौजूद कोच अजय ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

राष्ट्रीय निंजा स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए हिमाचल प्रदेश की टीम ब्लैक पैंथर के आठ खिलाड़ी शनिवार को दिल्ली रवाना हुए, जिनमें सराज के भरत ठाकुर और लाव्यांश ठाकुर, पधर के लक्ष्य शर्मा, कोटली के अतुल ठाकुर, आरव ठाकुर और अंजली ठाकुर, सुंदरनगर की गुंजन व आरव ठाकुर तथा सीनियर वर्ग से अजय ठाकुर शामिल हैं; ये सभी खिलाड़ी पिछले दो वर्षों से वेपन प्रतिस्पर्धा की विशेष तैयारी कर रहे थे और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से ताल्लुक रखने के बावजूद अपनी मेहनत के दम पर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं। रवाना करते समय मांडव नगरी मंडी की समाज सेविका और पूर्व कुलपति डॉ. अनुपमा सिंह ने खिलाड़ियों को विजय तिलक लगाकर शुभकामनाएं दीं, जबकि रत्न ज्वेलर्स के भजनीक सिंह ने भी सफलता की कामना की। खिलाड़ियों को सहयोग देने में रोटरी क्लब ऑफ छोटी काशी मंडी और शहर के कई प्रबुद्ध नागरिकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे उनका मनोबल और उत्साह बढ़ा।

हिमाचल प्रदेश निंजा स्पोर्ट्स मार्शल आर्ट के सचिव नेत्र ठाकुर ने समाजसेविका डॉ. अनुपमा सिंह, रोटरी क्लब ऑफ छोटी काशी मंडी, समाजसेवी अमन सूद तथा सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## ऊना शहर को सुव्यवस्थित बनाने की कवायद और तेज, डीसी बोले- जन सुरक्षा और सुविधा है प्राथमिकता

# शहर में बढ़ा 'नो पार्किंग-नो वेंडिंग जोन' का दायरा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**ऊना** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने, पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़क किनारे हो रही अव्यवस्थित पार्किंग तथा अनधिकृत वेंडिंग पर नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में जिलादंडाधिकारी जतिन लाल ने शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुधार को लेकर मोटर व्हीकल्स एक्ट, 1988 की धारा 115 एवं 117 के तहत दो महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू किए गए हैं।

जारी आदेश के मुताबिक डीसी चौक से ओम भुजिया भंडार तक नो पार्किंग-नो वेंडिंग जोन का विस्तार किया गया है। पहले जारी एक आदेश के अंतर्गत डीसी चौक से डिग्री कॉलेज ऊना तक के मार्ग

**अब डीसी चौक से ओम भुजिया भंडार तक का पूरा स्ट्रेच 'नो पार्किंग-नो वेंडिंग जोन'**

को 'नो पार्किंग-नो वेंडिंग' जोन घोषित किया गया था। अब इसमें विस्तार करते हुए इस प्रतिबंधित क्षेत्र को डीसी चौक से ओम भुजिया भंडार तक बढ़ा दिया गया है।

इस विस्तारित क्षेत्र में सभी तरह की अवैध पार्किंग और वेंडिंग गतिविधियां पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी। मोटर व्हीकल्स एक्ट, 1988 के तहत लागू नियम, प्रावधान और दंडात्मक कार्रवाई अब इस पूरे मार्ग पर समान रूप से लागू होंगे। संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों को आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### आदेश का उल्लंघन करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**डीसी** ने कहा कि यह ध्यान में आया है कि लाल बत्ती चौक से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना तक के मार्ग पर अनियमित पार्किंग एवं अनधिकृत वेंडिंग के कारण यातायात में बाधा उत्पन्न होने के साथ ही पैदल यात्रियों को असुविधा और सुरक्षा संबंधी खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस संपूर्ण मार्ग को दोनों ओर तत्काल प्रभाव से नो पार्किंग -नो वेंडिंग जोन घोषित कर दिया गया है। इस मार्ग पर केवल दो पूर्व-चिह्नित स्टॉपेज, एक पुराना बस स्टैंड के एग्ज़िट गेट के सामने तथा दूसरा सुविधा पैलेस के सामने, को यथावत रखा गया है। उपमंडल दंडाधिकारी ऊना को इन बस स्टॉपेज की उचित मार्किंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय पुलिस एवं परिवहन विभाग को आदेश के कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर मोटर व्हीकल्स एक्ट, 1988 तथा अन्य संबद्ध प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### डीसी बोले- सुरक्षित मार्ग व नागरिकों के लिए बेहतर सुविधा है मकसद

**डीसी** जतिन लाल ने कहा कि ऊना शहर में बढ़ते यातायात दबाव, सड़क किनारे अनधिकृत पार्किंग और अतिक्रमण की समस्या से निजात के लिए प्रशासन ठोस कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि इन आदेशों का मकसद केवल ट्रैफिक फ्लो को दुरुस्त करना नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करना, पैदल यात्रियों के लिए सुगम मार्ग सुनिश्चित करना और बाजार में स्वस्थ, अनुशासित एवं सभी के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है। उन्होंने सभी नागरिकों, व्यापारियों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें और ऊना शहर को बेहतर, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने में सहयोगी बनें।

# प्लाटून कमांडर पूरन सिंह को बेहतरीन ड्यूटी और जान बचाने के लिए मिला प्रशस्ति पत्र



प्लाटून कमांडर पूरन सिंह शक्तिपीठ चिंतपूर्णी मंदिर में तैनात हैं।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**एडिशनल** डायरेक्टर जनरल कम कमांडेंट जनरल होमगार्ड, सिविल डिफेंस, फायर सर्विस एंड टीआरएफ, हिमाचल प्रदेश, सतवंत अटवाल ने प्लाटून कमांडर पूरन सिंह को उनकी उत्कृष्ट और सराहनीय ड्यूटी के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। प्लाटून कमांडर पूरन सिंह जिला ऊना के चलोला गांव (पुत्र जागीर सिंह) के मूल निवासी हैं।

वह अपनी ड्यूटी के प्रति ईमानदारी और समर्पण के लिए जाने जाते हैं। वर्तमान में, वह प्रसिद्ध शक्तिपीठ चिंतपूर्णी मंदिर में तैनात हैं।

### सीपीआर देकर बचाई थी श्रद्धालु की जान

**कुछ** दिन पहले, ड्यूटी के दौरान मंदिर परिसर में एक श्रद्धालु की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। प्लाटून कमांडर पूरन सिंह ने तत्परता दिखाते हुए फौरन उस श्रद्धालु को प्राथमिक उपचार देते हुए कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) दिया, जिससे श्रद्धालु की जान बच गई।

# आशु पुरी हत्याकांड में चौथी गिरफ्तारी

## तीन आरोपियों को अदालत में किया पेश, न्यायिक हिरासत में भेजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**स्थानीय** लाल सिंगी के एक होटल के बाहर 19 नवंबर को आशु पुरी पर गोली चलाने वाले गुट पर तेजधार हथियारों से हमला करने के आरोप में पकड़े तीन आरोपियों को अदालत ने न्यायिक हिरासत पर भेज दिया है। इससे पहले वे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर थे। उधर, आशु पुरी हत्याकांड के आरोप में एक और गिरफ्तारी हुई है।

बता दें कि आशु पुरी गुट पर तेजधार हथियारों के हमले के आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज है। और उन्हें बीते मंगलवार देर शाम पंजाब के रोपड़ से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में दीपांशु शर्मा, अभी पुरी, नितिश सभी निवासी संतोषगढ़ जिला ऊना शामिल हैं। उधर, आरोपियों के हमले में घायल पुरजिंद्र सिंह उर्फ पिंदू निवासी उदयपुर मराला और परविंद्र निवासी सनोली अभी भी बयान दर्ज कराने की हालत में नहीं है। वीरवार को एसएचओ थाना ऊना सदर गौरव भारद्वाज घायलों के बयान लेने पीजीआई पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उन दोनों को बयान देने के लिए अनफिट बताया। दोनों का इलाज अभी भी आईसीयू में चल रहा। ध्यान रहे कि पुरजिंद्र व परविंद्र रिश्ते में जीजा-साला हैं और उन पर आशु पुरी निवासी संतोषगढ़ की हत्या का आरोप है। हत्या के आरोप में उनके एक साथी गुरजीत मान पहले से जेल में हैं। आशु पुरी की हत्या के बाद उसके साथियों ने परविंद्र और पुरजिंद्र पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों को सिर, चेहरे, गर्दन व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

तेजधार हथियारों से हमला करने के मामले में शिकायत के आधार पर पुलिस ने मृतक आशु पुरी सहित सात युवकों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। उनमें से तीन आरोपियों को मंगलवार शाम पंजाब के रोपड़ से काबू किया गया। पुलिस ने आरोपियों के साथ उनकी एक कार भी जब्त की है। आरोपियों के तीन साथी अभी पकड़ से बाहर हैं। उधर, महेश कौशल को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। महेश कौशल पुलिस रिमांड लिया जा रहा है। कुल मिलाकर अब आशु पुरी हत्याकांड में यह पुलिस ने चौथी गिरफ्तारी की है। पुलिस अधीक्षक ऊना अमित यादव ने बताया कि जिला पुलिस की टीम ने टेक्निकल इंटेलिजेंस, एसआईटी और साइबर सहित अन्य टीमों की मदद से दोनों मामलों के आरोपियों से जुड़ी इनपुट हासिल कर रही है। हत्या के प्रयास के मामले में पंजाब के रोपड़ जिला में गुरुद्वारा टिब्बी साहिब के पास आरोपियों को काबू किया गया था। उधर, आशु पुरी हत्याकांड मामले में भी एक और गिरफ्तारी हुई है।

# आईटीबीपी जवान की हत्या के मामले में पिता और पुत्र सहित चार को उम्रकैद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**सभी आरोपियों को जुर्माना भी भरना होगा**



**जिला** एवं सत्र न्यायाधीश राजिंद्र कुमार की अदालत ने जमीन विवाद के चलते नंगड़ा में गोली मारकर आईटीबीपी जवान की हत्या के मामले में पिता और पुत्र सहित चार आरोपियों को दोषी करार दिया गया है। सभी दोषियों को अदालत ने उम्रकैद के साथ-साथ जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई गई है। जिला न्यायवादी ऊना एकलव्य ने बताया कि एक अप्रैल, 2021 को आईटीबीपी जवान विपिन पुत्र राम किशन निवासी नंगड़ा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच रिपोर्ट अदालत के समक्ष रखी थी। शिकायतकर्ता गुरदयाल सिंह निवासी नंगड़ा ने बताया कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे विपिन कुमार गांव में ही स्थित खेत में प्रवासी मजदूरों के माध्यम से गेहूं की कटाई कर रहा था। इसी दौरान गांव का ही जसवंत सिंह, उसका बेटा दिलप्रीत सिंह, अमरीक सिंह व गुरप्रीत सिंह जिप्सी गाड़ी में सवार होकर खेत में पहुंचे। जिप्सी से उतरते ही जसवंत सिंह ने 12 बोर बंदूक निकालते हुए विपिन को जान से मारने की धमकी देने लगा। इस पर जिप्सी में सवार अन्य तीनों भी उतरे और कहा कि यह जमीन हमारी है। इस पर जसवंत ने आईटीबीपी जवान की छाती में गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के आरोप में पुलिस ने चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पूरे मामले की जांच थाना प्रभारी ऊना गौरव भारद्वाज ने की। अदालत में 30 गवाहों व सबूतों के आधार पर चारों आरोपियों को दोषी करार दिया गया। अदालत ने जसवंत सिंह को धारा 302 के तहत उम्रकैद व 50 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं धारा 120बी के तहत सात वर्ष की सजा व 20 हजार जुर्माना देना होगा। जुर्माना न देने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। आर्म्स एक्ट 30 के तहत छह माह की सजा व दो हजार रुपये देना होगा। जुर्माना न देने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं, दिलप्रीत सिंह, अमरीक सिंह व गुरप्रीत सिंह पर धारा 302 के तहत उम्रकैद व 50 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। वहीं धारा 120बी के तहत सात वर्ष कैद व जुर्माने की सजा सुनाई है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

# एचजी आईटीआई को तंबाकू मुक्त संस्थान का मिला प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल व भारत सरकार द्वारा क्राफट ट्रेनिंग स्कीम के तहत अंतर्गत संतोषगढ़ नगर में संचलित एचजी आईटीआई को स्वस्थ्य विभाग की ओर से तंबाकू मुक्त संस्थान का प्रमाण पत्र दिया है। यह प्रमाण पत्र स्वस्थ्य विभाग के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. रामपाल शर्मा के नेतृत्व में गठित एक निरीक्षण कमेटी द्वारा गत दिन एचजी आईटीआई संतोषगढ़ का निरीक्षण करने के उपरांत दिया गया। स्वस्थ्य विभाग की टीम ने यहां आईटीआई के प्रागंण व शौचालय तथा साथ लगती मार्केट का तंबाकू से जुड़े पदार्थों की बारीकी से जांच पड़ताल की। वहीं, सामुदायिक स्वस्थ्य हेल्थ सेंटर की प्रभारी डॉ. मृदुल शर्मा ने युवा वर्ग को तंबाकू के नशे से होने वाले हानीकारों से रू-ब-रू करवाते हुए उन्हे ऐसे मुंह के कैंसर व जानलेवा बीमारियों से बचने का आह्वान किया। इस मौके पर स्वस्थ्य विभाग की तरफ से हिम गौरव आईटीआई के एमडी संजय जोशी को तंबाकू मुक्त संस्थान का प्रमाण पत्र जारी कर उन्हें सम्मानित किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वस्थ्य विभाग के दिनेश कुमार, अश्वनी कुमार तथा हिम गौरव आईटीआई के प्रबंधक रणवीर सिंह, ग्रुप अनुदेशक मुकेश कुमार, नवीन कुमार, राजीव कुमार, निशांत, जसवंत सिंह, मनोज कुमार, सुनील कुमार भी उपस्थित थे।

# ध्रुव शर्मा का एनएसएस परेड कैंप के लिए चयन



तलमेहड़ा स्कूल का चयनित छात्र ध्रुव शर्मा अध्यापकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, जोल**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तलमेहड़ा के ध्रुव शर्मा और ज्योतिका राणा ने हाल ही में एनएसएस यूथ लीडरशिप शिविर मे भाग लिया, जिसमें ध्रुव शर्मा का चयन प्री-आरडी के लिए हुआ। ध्रुव शर्मा का विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया गया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि मेधावी छात्र ध्रुव शर्मा ने अपने प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर री रिपब्लिक (डे प्री-आरडी) एनएसएस परेड कैंप के लिए चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

कार्यकारी प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने ध्रुव की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह सफलता ध्रुव के उज्जवल भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बाबा साहेब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**कहा- डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक युग थे**

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का अनूठा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक युग थे, जिनके विचारों और मूल्यों ने भारत को आधुनिक लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक न्याय की जिस लौ को जलाया, वह आज भी देश के करोड़ों लोगों का मार्गदर्शन कर रही है। गरीबी, भेदभाव और विषमता के खिलाफ उनका संघर्ष प्रत्येक भारतीय को प्रेरित करता है। बाबा साहेब का विश्वास था कि हर व्यक्ति को समान अवसर मिलना चाहिए और जाति, वर्ण, धर्म तथा सामाजिक पृष्ठभूमि के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। इसी सोच के चलते उन्होंने भारतीय संविधान में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को प्रमुखता दी।विवेक शर्मा ने कहा कि डॉ. भीम राब अंबेडकर ने जीवनभर सामाजिक बदलाव की लड़ाई लड़ी। महाड़ सत्याग्रह हो या कामगारों के अधिकारों के लिए संघर्ष, उन्होंने हमेशा उत्पीड़ित और वंचित वर्गों की आवाज़ को मजबूती से उठाया। उनका मानना था कि शिक्षा ही वास्तविक सशक्तिकरण का आधार है। इसलिए उन्होंने युवाओं से आह्वान किया था कि वे शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि आज का युवा यदि इन तीन सूत्रों को अपनी जिंदगी में उतार ले, तो न केवल उसका भविष्य उज्ज्वल होगा, बल्कि राष्ट्र भी नई ऊँचाइयों को छुएगा। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि संविधान सभा की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अंबेडकर ने देर रात तक जागकर शब्द-शब्द पर विचार करते हुए, एक ऐसा संविधान भारत देश को दिया जो दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे उदार लोकतांत्रिक दस्तावेज माना जाता है। उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया के कई देश सामाजिक असमानता और लोकतांत्रिक संकट का सामना कर रहे हैं, ऐसे समय में भारत अपनी विविधता और सामंजस्य के साथ आगे बढ़ रहा है।

# संविधान के शिल्पकार को भाजपा ने दिया सम्मान, कांग्रेस सरकारों ने कई बार संविधान में की छेड़छाड़ : भुट्टो

## भाजपा नेता ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो।

**भारत** रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि पर कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार थे, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता, मानवाधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों के विश्व प्रणेता भी थे।

दविंदर भुट्टो ने मोदी सरकार की ओर से डॉ. अंबेडकर के प्रति दिखाए जा रहे सम्मान का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा ने हमेशा बाबा साहब को राष्ट्रनिर्माण के सर्वोच्च स्तंभ के रूप में माना है। दविंदर भुट्टो ने आरोप लगाया कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने कई बार संविधान में मनमानी संशोधन कर मूल भावना से छेड़छाड़ की। उनके अनुसार कांग्रेस सरकारों ने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए संविधान में 11 बार ऐसे परिवर्तन किए, जो बाबा साहब की सोच के विरुद्ध थे। इसके उलट भाजपा सरकार ने संविधान की मर्यादा उसकी मूल आत्मा और डॉ. अंबेडकर के विचारों को संरक्षित रखने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज देश सामाजिक न्याय के जिस मार्ग पर चल रहा है, उसके केंद्र में अम्बेडकर की विचारधारा ही है। भुट्टो ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर एक महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज-सुधारक, राजनीतिज्ञ और आधुनिक भारत के प्रमुख निर्माताओं में से एक थे। दविंदर ने कहा कि सामाजिक भेदभाव की कठोर परिस्थितियों में पले-बढ़े अंबेडकर ने शिक्षा को अपना हथियार बनाया और असाधारण प्रतिभा के बल पर कोलंबिया यूनिवर्सिटी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसी संस्थाओं में उच्च शिक्षा प्राप्त की। यह उपलब्धि उस समय किसी भारतीय के लिए असाधारण थी, विशेषकर ऐसे व्यक्ति के लिए जिन्हें समाज छूने तक से कतराता था। संपूर्ण जीवन में डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक भेदभाव, अस्पृश्यता, जातिगत अत्याचार और असमानता के खिलाफ संघर्ष किया। वे आधुनिक भारत की सामाजिक क्रांति के प्रमुख शिल्पकार माने जाते हैं।

# धलवाडी खंड गगरेट 2 स्कूल में 40 विद्यार्थियों को भेंट किए जूते

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला धलवाडी खंड गगरेट 2 में करीब 40 विद्यार्थियों को सर्दियों से बचने के लिए ड्रेस के साथ पहने जाने वाले गर्म जूते भेंट किए।

दानी सज्जन आशुतोष शर्मा, विपिन देवगन इससे पहले भी कई बार ऐसे पुण्य कार्य कर चुके हैं और इस बार उन्होंने सर्दियों के बचाव के लिए बच्चों को जूते भेंट किए हैं। उन्होंने बताया कि हमारे परिवार पर माता चिंतपूर्णी की असीम कृपा है और वह अपनी नेक कमाई इस प्रकार के कार्यों में कुछ हिस्सा दान करते आ रहे हैं। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ-साथ स्कूल स्टाफ, स्थानीय ग्राम पंचायत उप प्रधान आशीष शर्मा सुमित भारद्वाज वह बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।




आशुतोष शर्मा और विपिन देवगन ने सर्दियों के बचाव के लिए बच्चों को जूते भेंट किए हैं।

# भंजाल स्कूल के दो विद्यार्थी प्री रिपब्लिक-डे परेड के लिए चयनित




राज्यस्तरीय रिपब्लिक-डे परेड के लिए चयनित हुए स्वयंसेवी अध्यापकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के दो एस एस एस के स्वयंसेवी मानसी भाटिया और सक्षम अमृत एन एस एस के राज्य स्तरीय रिपब्लिक डे परेड के लिए चयनित हुए हैं।

इन छात्रों ने जिला हमीरपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में आयोजित यूथ लीडरशिप कैंप के अंतर्गत भाग लिया था जिसमे इनको प्री रिपब्लिक डे परेड के लिए चयन किया गया है।

यह जानकारी स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि यह एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी मुकेश कुमार की मेहनत का परिणाम है। पाठशाला पहुंचने पर स्टाफ के द्वारा इन स्वयंसेवियों का स्वागत किया गया।

# कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में लगाई हाजिरी



चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी ने माता की चुनरी भेंट देकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार को सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

**प्रदेश** कांग्रेस के अध्यक्ष एवं रेणुका विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय कुमार ने धर्मपत्नी सहित माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी।

इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी चेतन चौहान ने भी माता चिंतपूर्णी के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया। चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी रोहन कालिया और नव कालिया ने उन्हें वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ विधिपूर्वक पूजा अर्चना करवाई। पूजा अर्चना के बाद उन्हें माता की चुनरी भेंट देकर सम्मानित किया गया। माता चिंतपूर्णी का आशीर्वाद लेने के बाद प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि पार्टी हाई कमान ने उन्हें जो दायित्व दिया है, वह पूरे तन-मन के साथ उसे जिम्मेदारी को निभाएंगे और काम करने वाले कार्यकर्ताओं को आगे लाकर पार्टी को और मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी हाई कमान ने जो मुझ पर भरोसा जताया है, मैं अपने संगठन को मजबूत करके पार्टी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी को मजबूत बनाकर 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेंगे। यही मेरा लक्ष्य और उद्देश्य है।

# जल निकासी अव्यवस्था से भूस्खलन का खतरा

## जिला मुख्यालय कुल्लू के मठ क्षेत्र में संयुक्त सर्वेक्षण न होने से इनर अखाड़ा निवासी हुए नाराज

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के मठ क्षेत्र में बार-बार हो रहे भूस्खलनों की जड़ अब स्पष्ट होती जा रही है। प्रारंभिक जांच और स्थानीय सर्वेक्षणों में पाया गया है कि इलाके में उचित जल निकासी व्यवस्था के अभाव ने ढलानों को अस्थिर बना दिया है।

अधिकांश घरों का वर्षा जल सीधे सीवरेज चैंबरों में डाला जा रहा है, जिससे बरसात के दौरान ओवरफ्लो होता है और पानी पहाड़ की ढलानों में रिसने लगता है। विशेषज्ञों व प्रशासनिक अधिकारियों का मानना है कि यही लगातार रिसाव इनर अखाड़ा बाजार के ऊपर की ढलानों को कमजोर कर रहा है। तीन महीने पहले हुए इसी भूस्खलन ने 10 लोगों की जान ले ली थी, जबकि दस से अधिक मकान पूरी तरह तबाह हो गए थे। इसके बाद से करीब 200 मकानों में रहने वाले लगभग 1000 लोग लगातार भय के साए में जी रहे हैं, खासकर जब सर्दियों की बारिश नजदीक है। लगातार उठाई गई एसओएस अपीलों के बाद आज जल शक्ति विभाग, नगर परिषद और स्थानीय निवासियों ने संयुक्त सर्वेक्षण किया। हालांकि लोगों ने नाराजगी जताई कि तीन महीने बीत जाने के बाद भी वास्तविक समस्या को दूर करने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए। जल शक्ति विभाग के एसडीओ अंकित बिष्ट ने बताया कि उन घरों की सूची तैयार की जा रही है जो छत का पानी सीवरेज में गिरा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे घरों को नोटिस जारी किए जाएंगे और आदेश न मानने पर पानी-बिजली कनेक्शन काटे जा सकते हैं।

नगर परिषद के जेई सचिन ने बताया कि जल निकासी योजना पहले ही तैयार कर ली गई थी और इसके लिए धन भी स्वीकृत था, लेकिन कुछ निवासियों की आपत्ति के कारण नाले का निर्माण अटक गया। स्थानीय निवासी राजीव, संजीव व लक्की ने प्रशासन से सख्त आदेश और पर्याप्त पुलिस सुरक्षा की मांग की ताकि विभाग सुरक्षित तरीके से कार्य पूरा कर सके। स्थानीय निवासी राजन ने मठ क्षेत्र में अनियंत्रित निर्माण पर सवाल उठाए। उनके अनुसार पिछले दशक में मकानों की संख्या दस गुना तक बढ़ गई है, जो क्षेत्र की भू-धारण क्षमता से कहीं अधिक है। उन्होंने क्षेत्र को ग्रीन ज़ोन घोषित करने और नए निर्माण पर रोक लगाने की मांग की।



जिला मुख्यालय कुल्लू के मठ क्षेत्र में चट्टान के किनारे निर्माण के लिए चिह्नित भूखंड।

लोगों ने पूछा कि जल निकासी व्यवस्था न होने के बावजूद भवन निर्माण की मंजूरी कैसे दी गई। इस पर नगर परिषद ने बताया कि टीएसपी विभाग ने आर्किटेक्ट्स को भवन योजनाएं मंजूर करने की अनुमति दी थी, जिसके कारण कई तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण इमारतें खड़ी हो गईं। निवासी विवेक सूद ने कहा कि अब समय जवाबदेही तय करने का है। उन्होंने मांग की कि जल निकासी और सीवरेज मरम्मत कार्यों की निविदाओं में स्पष्ट मानक उल्लेखित हों और इन्हें सार्वजनिक किया जाए, ताकि निवासी समझ सकें कि किस गुणवत्ता के कार्य का वादा किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ठेकेदारों को कार्य पूरा होने के बाद भी किसी भी प्रकार की खराबी या असफलता के लिए जिम्मेदार ठहराया जाए और निवासियों की एक समिति को निर्माण कार्यों की निगरानी का अधिकार दिया जाए।

सर्वेक्षण के बाद निवासियों ने राहत की उम्मीद जताई है, पर साथ ही तुरंत भूस्खलन मलबा हटाने व क्षतिग्रस्त घरों की मरम्मत शुरू करने की मांग दोहराई है। कुल मिलाकर, मठ क्षेत्र की समस्या सिर्फ भूस्खलन नहीं, बल्कि वर्षों की अव्यवस्थित योजना, अनियंत्रित निर्माण और असफल जल निकासी तंत्र का परिणाम बनकर सामने आई है। अब स्थानीय लोग प्रशासन से त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# झर्ल में बरसात का मलबा बना जानलेवा

## सड़क के किनारे जमा मलबा और चट्टानें बढ़ा रही दुर्घटना का जोखिम

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** लुहरी से लगभग 8 किलोमीटर दूर बैरी के पास झर्ल में बरसात के दौरान गिरी चट्टानें और भारी मलबा आज तक नहीं हटाया गया है। आलम यह है कि लुहरी-दलाश व लुहरी-निथर मार्ग पर यह जगह लगातार खतरे का कारण बनी हुई है। बरसात के समय सड़क को तो अस्थायी रूप से बहाल किया गया था, लेकिन मलबा व चट्टानें हटाने का कार्य आज तक नहीं किया गया। यहां सड़क के साथ पानी की एक कुहल गुजरती है, जहां अक्सर लोग वाहनों की धुलाई भी करते हैं। जिसके चलते उनका पानी भी सड़क में ही बहता है। वहीं, खराब हालात के कारण सड़क कीचड़ से भरी हुई है और काफी तंग हो रही है। ऐसे में बसें और बड़े वाहनों को बेहद जोखिम उठाकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार छोटे वाहनों के चैंबर फटने जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। वहीं दोपहिया वाहन चालकों को हर पल दुर्घटना का खतरा बना रहता है।



बैरी के पास झर्ल में बरसात के दौरान सड़क पर गिरी चट्टानें व मलबे से वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है।

वाहन चालकों का कहना है कि यदि झर्ल के पास जमा मलबा हटाया जाए, तो समस्या काफी हद तक खत्म हो सकती है। लोगों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से जल्द कार्रवाई करने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते उचित कदम न उठाए गए तो किसी भी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रशासन और विभाग से इस ओर जल्द ध्यान देने की अपेक्षा की जा रही है। वहीं इस बारे में पीडब्ल्यूडी के निरमंड मंडल के अधिशासी अभियंता आनंद शर्मा का कहना है कि समस्या का जल्द समाधान कर दिया जाएगा।

**स्थानीय लोग पीडब्ल्यूडी से तत्काल मलबा हटाने की कर रहे मांग**

## न्यूज ब्रीफ

### लंका बेकर में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सहायक अभियंता, विद्युत् उपमंडल नंबर -1 कुल्लू ने जानकारी दी कि 11 केवी ढालपुर-1 फीडर के अंतर्गत आने वाले लाइनों की मुरम्मत व आवश्यक रखा रखाव के लिए इस फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों लंका बेकर कुल्लू कॉलेज, कॉलेज गर्ल हॉस्टल कैटल ग्राउंड, एसटीपी प्लांट लंका बेकर आदि क्षेत्रों में 7 दिसंबर को सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक या कार्य के संपूर्ण होने तक विद्युत् आपूर्ति बाधित रहेगी ।

### लोगों को बैठने के लिए दिए स्टील का बेंच

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** भुंतर सुधार समिति हमेशा ही सामाजिक कार्य में तत्पर रहती है। इसी कड़ी में भुंतर सुधार समिति ने तहसील भुंतर में लोगों को बैठने के लिए एक बेंच प्रदान किया। इस नेक कार्य के की उपस्थित लोगों ने सराहना की। भुंतर सुधार समिति द्वारा तेगुबेहड़ अस्पताल में मरीजों के लिए बिस्तर आदि की सेवा दी जाती है। पर्यावरण बचाने के लिए पेड़ लगाकर समिति के मेंबर समय- समय पर अपनी भागीदारी निभाते रहते हैं। समिति के प्रधान रोशन लाल ने कहा कि शनिवार को सभी के सहयोग से तहसील भुंतर में एक स्टील का बैंच लगाया। उसके लिए उन्होंने अपने सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया।

### कानूनी पहलुओं पर साझा की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला बाल संरक्षण इकाई लाहौल-स्पीति ने ग्राम पंचायत यूरनाथ में खंड-स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में लगभग 80 महिला प्रतिनिधि और अधिकारियों ने भाग लिया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. हीरा नंद ने बताया कि दत्तक ग्रहण अधिनियम 2022 को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। इच्छुक व्यक्ति इस अधिनियम के तहत दत्तक ग्रहण के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संरक्षक अधिकारी जोगिंदर कुमार ने आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार, पैन, विवाह प्रमाण पत्र, मेडिकल फिटनेस रिपोर्ट, जन्म प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो के बारे में जानकारी दी। स्वास्थ्य और कानून विभाग के प्रतिनिधियों ने बच्चों की देखभाल, उचित आहार, मोबाइल के दुष्प्रभाव और कानूनी पहलुओं पर जानकारी साझा की। ग्राम पंचायत प्रधान विजय कुमार आनंद ने इस जागरूकता प्रयास के लिए सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के कल्याण और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने में मददगार हैं।

### स्वास्थ्य कर्मियों को सिखाए आग बचाव के गुर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पतलीकूहल में वीरवार को दमकल चौकी पतलीकूहल की टीम ने फायर सेफ्टी को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। मॉक ड्रील के दौरान आग लगने की स्थिति में शुरुआती बचाव, उपकरणों के सही उपयोग और सुरक्षित निकासी की तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। दमकल चौकी प्रभारी सूरज भारद्वाज ने कर्मचारियों को आग से बचाव के विभिन्न तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल जैसी संवेदनशील जगहों पर समय-समय पर इस तरह की मॉक ड्रिल बेहद ज़रूरी है, ताकि आपात स्थिति में स्टाफ तुरंत और सही प्रतिक्रिया दे सके। वहीं, ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ. करण ने कहा कि मॉक ड्रिल से अस्पताल स्टाफ की जागरूकता और तैयारियां दोनों मजबूत होती हैं।इस मौके पर सीएचसी पतलीकूहल प्रभारी डॉ. मोहित शर्मा, नर्सिंग स्टाफ, लैबोरेट्री स्टाफ सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।अस्पताल प्रशासन ने दमकल विभाग का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे अभ्यास आगे भी जारी रहेंगे, ताकि मरीजों और स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### मेगा कृषि आउटरीच प्रोग्राम 10 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पंजाब नेशनल बैंक, कुल्लू जिला 10 दिसंबर को मेगा कृषि आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन कर रहा है। जिला प्रबंधक राजेंद्र कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में आई आपदा से प्रभावित किसानों को कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि उपकरण ऋण, ट्रेक्टर ऋण, कोल्ड स्टोरेज और फार्महाउस ऋण जैसी सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। सभी ऋण आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मंडल प्रमुख सूरज दत्ता ने सभी शाखा प्रमुखों और कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को एक सप्ताह में ऋण स्वीकृत और वितरित किया जाए। इसके साथ ही किसानों के लिए विशेष बचत खाते में दुर्घटना बीमा, बच्चों की उच्च शिक्षा, बेटी की विवाह और अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। किसान अपनी नजदीकी पीएनबी शाखा पर किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर लाभ उठा सकते हैं।

### नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, आनी।** शनिवार को राजकीय महाविद्यालय आनी स्थित हरिपुर के एंटी ड्रग समिति और स्पोर्ट्स क्लब के संयुक्त तत्वधान से कॉलेज के विद्यार्थियों और अध्यापकों के बीच एक क्रिकेट मैच का आयोजन आनी के रानीबेड़ा मैदान में किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे से दूर रखना और खेलकूद को प्रोत्साहन था। इस मैच में कॉलेज स्टॉफ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवरों में 108 रन बनाए, जिस लक्ष्य का पीछा करते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जवाब में 99 रन बनाए। इस सफल आयोजन पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी को खेल कूद के प्रति प्रोत्साहित किया और नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

### गीला व सूखा कूड़ा देने बारे करेंगे जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** नगर परिषद की बैठक नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी बीआर नेगी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में स्वच्छता कर्मचारियों, नगर परिषद के अधिकारियों और हीलिंग हिमालय फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान शहर को स्वच्छ रखने पर चर्चा की गई। विशेष रूप से घर-घर कूड़ा पृथक्करण पर जोर दिया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अब शहरवासियों को सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग रखना होगा। नेगी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण बदलाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा जगह-जगह सूचना और शिक्षा और संचार की गतिविधियों को शुरू किया जाएगा। इसका शुभारंभ नगर परिषद कुल्लू के वार्ड एक से होगा। जहां पर हीलिंग हिमालय फाउंडेशन के सदस्य लोगों को अलग-अलग कूड़ा पृथक्करण के सही तरीके सिखाएंगे और शिक्षित करेंगे।

# बेहतर कार्य करने वाली महिलाएं होंगी सम्मानित : प्रांजल

## 11 जनवरी को बेटियां फाउंडेशन की ओर से कटरा में आयोजित होगा 'आशीर्वाद कार्यक्रम'



बेटियां फाउंडेशन की बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रांजल जैन और अन्य पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

बेटियों के उत्थान के लिए कार्य कर रही बेटियां फाउंडेशन 11 जनवरी को जम्मू कश्मीर के कटरा में 'आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। यह बात फाउंडेशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रांजल जैन व राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक कुमार ने यहां कुल्लू में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन कुल्लू जिला इकाई की बैठक कुल्लू के देव धाम बशिंग में आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रांजल जैन, राष्ट्रीय जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार, प्रदेश संयोजक महिला मीरा आचार्य, प्रदेश कार्यक्रम आयोजक प्रमुख दीप लाल भारद्वाज, प्रदेश, प्रदेश उप सचिव सुषमा ठाकुर, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जम्मू के कटरा वैष्णों देवी में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय आशीर्वाद सम्मान समारोह के बारे चर्चा की गई।

**फाउंडेशन अगले वर्ष कुल्लू में गैस चूल्हे वितरण सहित सामाजिक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएगी**

इस कार्यक्रम में पूरे देशभर की उन महिलाओं को सम्मानित किया जायेगा जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किये हैं। सभी राज्यों से बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को राष्ट्रीय आशीर्वाद सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। प्रांजल जैन ने बताया कि इसके अलावा बेटियां फाउंडेशन अगले वर्ष जिला कुल्लू में विधवा, अपंग व गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को गैस चूल्हे वितरित करेगी। बैठक के दौरान प्रदेश उप सचिव सुषमा ठाकुर ने सभी आये हुए पदाधिकारियों व सदस्यओं का बैठक में पधारने पर स्वागत किया। बैठक में फाउंडेशन के अन्य पदाधिकारी मीरा आचार्य, दीप लाल भारद्वाज, सुषमा ठाकुर, रमा कांडा, सुमन कारपा सूद,मनी राम सोनी, चमन ठाकुर, रोज़ी गुप्ता, सावित्री, अंजलि, प्रेम सिंह, रविंदर रतन, अमन, पिंकी शर्मा, गीतिका शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान फाउंडेशन की कुल्लू जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।

# लारजी में 'वन बूथ-टेन यूथ' सम्मेलन में युवा लें बढ़ चढ़कर भाग: सुरेंद्र शौरी



बैठक के दौरान विधायक सुरेंद्र शौरी बंजार में 'वन बूथ-टेन यूथ' सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र के लारजी में 'वन बूथ-टेन यूथ' अभियान को लेकर सोमवार को भव्य सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए शनिवार को बंजार मुख्यालय में एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रभारी खेम चंद ने अभियान की प्रगति, बूथ स्तर पर युवाओं की भागीदारी तथा संगठनात्मक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान यह तय किया गया कि अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। विधायक सुरेंद्र शौरी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि 'वन बूथ-टेन यूथ' अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है और लारजी में होने वाला महासम्मेलन युवाओं को नई ऊर्जा और दिशा देने का कार्य करेगा। लारजी में बंजार विजनसभा क्षेत्र के चारों मंडलों का संयुक्त कार्यक्रम होगा। समीक्षा बैठक में देवेंद्र ठाकुर, हरीश ठाकुर, चिराग, मोहन पालसरा, यज्ञ चंद, हेमंत,लाल सिंह, दिनेश राजपूत, संजू, संजय ठाकुर, होशियार सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को दी आपदा प्रबंधन की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** आयुष कार्यालय केलांग में आयुष विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पीओ आईटीडीबी कल्याणी गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह प्रशिक्षण डीडीएमए समन्वयक वर्षा ठाकुर, अग्नि निरीक्षक रतन चंद तथा वरिष्ठ प्लाटून कमांडर जवाहर द्वारा प्रदान किया गया।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन की मूलभूत जानकारी, विभिन्न प्रकार की आपदाओं के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियाँ बेसिक सर्च एंड रेस्क्यू उपाय, अग्नि सुरक्षा तथा आग से निपटने के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान फायर एक्सटिंग्विशर के उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यंत्रों को चलाने एवं उनके सही उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया।जिला आयुष अधिकारी डॉ. बनीता शर्मा ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण सभी कर्मचारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये न केवल विभागीय तैयारी को सुदृढ़ करते हैं बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में भी सहायक होते हैं।ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले की क्षमता निर्माण तथा आम जनमानस में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं।

# प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने 'व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर किया व्यवस्था का पतन' : गोविंद ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने 'व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर व्यवस्था का पतन किया गया है। बीते तीन वर्षों में इस सरकार ने पूरे प्रदेश को भ्रष्टाचार, माफिया तंत्र और कुशासन की गर्त में धकेल दिया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कांग्रेस पार्टी के अन्य नेता लगातार यह रोना रोते हैं कि केंद्र सरकार सहयोग नहीं कर रही है जबकि सच यह है कि विधानसभा के पटल पर खुद मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया है कि हिमाचल को पिछले तीन वर्षों में केंद्र से लगभग 35 हजार करोड़ रुपये की भारी-भरकम वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि विधानसभा में भाजपा विधायक जीतराम कटवाल द्वारा मुख्यमंत्री से पूछे गए प्रश्न के लिखित उत्तर में मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2023-24 में हिमाचल को 16,591 करोड़ रुपये मिले, वर्ष 2024-25 में 16,243 करोड़ रुपये मिले और वर्ष 2025-26 में अब तक 724 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2025-26 के अंत तक यह राशि भी लगभग सत्रह हजार करोड़ तक मिलेगी। इस तरह तीन वर्षों में हिमाचल को केंद्र से इतनी सहायता प्राप्त होना सरकार के दावों को ही कटघरे में खड़ा करता है। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि चौपाल से भाजपा विधायक बलबीर सिंह वर्मा द्वारा ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभागों से संबंधित प्रश्न पर भी विधानसभा में यह स्पष्ट किया गया कि इन दोनों विभागों को भी तीन वर्षों में केंद्र सरकार से साढ़े चार हजार करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इतना ही नहीं, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने खुद स्वीकार किया है कि पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश को 20,000 करोड़ रुपये का जीएसटी मुआवजा भी केंद्र से मिला है।

गोविंद ने कहा कि जब प्रदेश को केंद्र से इतनी भारी धनराशि मिल रही है तो यह पैसा आखिर जा कहां रहा है। प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं, योजनाओं के लिए बजट जारी नहीं हो रहा, कर्मियों को समय पर भुगतान नहीं हो रहा और सरकार हर साल हजारों करोड़ का नया कर्ज ले रही है।

### केंद्र ने राज्य को धन की कोई कमी नहीं छोड़ी



**पूर्व** मंत्री ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुक्खू की लगातार रोना-रोने वाली राजनीति और केंद्र पर आरोप मढ़ने की प्रवृत्ति उनकी विफलता को छिपाने का एकमात्र साधन बन चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा हिमाचल के विकास में निरंतर सहयोग कर रहे हैं और केंद्र ने राज्य को धन की कोई कमी नहीं छोड़ी है। इसके बावजूद कांग्रेस सरकार कभी आभार व्यक्त नहीं करती और हमेशा कृतघ्नता का परिचय देती है।

## आधिकारिक तौर पर आज शाम से बंद हो जाएगा मनाली-लेह मार्ग

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान, केलांग।** सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मनाली लेह मार्ग आधिकारिक तौर पर रविवार शाम को बंद हो जाएगा। हालांकि शिंकुला जांस्कर मार्ग पर फिलहाल वाहनों की आवाजाही सुचारु रहेगी लेकिन शिंकुला दर्रे में हिमपात होने की सूरत में यह मार्ग भी आवाजाही के लिए बंद हो जाएगी। शनिवार को लेह सहित जांस्कर की ओर वाहन रवाना हुए। गौर हो कि लाहुल स्पीति प्रशासन ने 21 नवंबर को लेह मार्ग आधिकारिक तौर पर बंद कर दिया था लेकिन हालात सामान्य होने के चलते लेह प्रशासन के साथ बैठक कर फिर से 27 नवंबर को वाहनों के लिए बहाल कर दिया था और सात दिसंबर तक खुला रखने की अधिसूचना जारी की थी।

**शिंकुला व बारालाचा दर्रे की ऊंची चोटियों में गिरे बर्फ के फाहे**

**शिंकुला-जांस्कर मार्ग पर फिलहाल सुचारु रहेगी वाहनों की आवाजाही**

लाहौल व मनाली घाटी में सुबह धूप खिली लेकिन दोपहर बाद फिर से मौसम ने करवट बदल ली। शाम को शिंकुला व बारालाचा दर्रे की ऊंची चोटियों में रुक रुक कर बर्फ के फाहे गिरने का क्रम शुरू हो गया। हालांकि दर्रे यातायात के लिए बहाल रहे लेकिन दर्रे के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ की सफेद बिछ गई है। लाहुल स्पीति सहित मनाली घाटी में शाम को छाए बादलों ने हिमपात की उम्मीद बढ़ा दी है।

# विधायक सुंदर ठाकुर को भेंट किए प्राकृतिक खेती से तैयार उत्पाद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्रदेश में चल रहे फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (चरण II) जायका के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू जिला कुल्लू से खण्ड परियोजना प्रबंधक डॉ. जयंत रतना ने कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती से तैयार की गई हिम हल्दी, हिम दलिया व हिम आटा विधायक कुल्लू सुन्दर ठाकुर को भेंट किया तथा जायका परियोजना कि गतिविधियों के बारे में भी अवगत करवाया।

हिमाचल सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु किसानों द्वारा प्राकृतिक रूप से तैयार की गई गेहूं, हल्दी एवं मक्की कि फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद कर तैयार किए गए उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई इसके साथ ही विधायक से ग्राहक जागरूकता को बड़ाने और प्राकृतिक खेती से तैयार किए गए उत्पादों जैसे हिम हल्दी, हिम दलिया व हिम आटा के प्रचार के लिए भी आग्रह किया।

इसके उपरांत उन्हे विधानसभा क्षेत्र कुल्लू के अंतर्गत आने वाली



उपपरियोजनाओं के बारे में अवगत करवाते हुए बताया कि राज्य की कुल 15 खंड परियोजना प्रवंधन इकाइयों में से एक खण्ड परियोजना प्रबंधन इकाई, कुल्लू के अंतर्गत कुल्लू विधानसभा में कुल 5 उप-परियोजनाओं का चयन किया गया है ।

इन सभी उप-परियोजनाओं के माध्यम से कुल पांच गांव की 140.63 हेक्टेयर भूमि में बहाव सिंचाई योजनाओं का निर्माण व जीर्णोद्धार किया जा रहा है जिससे कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के कुल 769 कृषि परिवार लाभान्वित होंगे । निर्माण कार्य पूरा होने पर उप परियोजनाओं में कृषि प्रसार की गतिविधियों को शुरू किया जा रहा है ।

## जानकारी | लाहौल-स्पीति जिला में 21 को नौनिहालों को पिलाई जाएगी दवा

# 1,169 बच्चे गटकेंगे 'दो बूंद जिंदगी की'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति जिले में 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस (एनआईडी) एवं इंटेंसिफाइड पल्स पोलियो इम्यूनाइजेशन (आईपीपीआई) अभियान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला मुख्यालय केलांग स्थित डीसी कार्यालय में सहायक आयुक्त कल्याणी तिवाणा की अध्यक्षता में अभियान के माइक्रोप्लान की अंतिम समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में चिकित्सा अधिकारी डॉ. पारस , उप निदेशक उच्च शिक्षा रमेश लाल,ज़िला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास संजय डोगरा,ज़िला पंचायत अधिकारी सचिन ठाकुर उपस्थित रहे।

जिले की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं भारी ठंड के बावजूद एक भी बच्चा पोलियो की दो बूंदों से वंचित न रहे। इसके लिए 200 स्वास्थ्य कर्मियों एवं स्वयंसेवकों की मजबूत टीम तैयार की गई है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के 300 गांवों-बस्तियों एवं 4,144 घरों में रहने वाले 0 से 5 वर्ष तक के कुल 1,169 बच्चों (गोंदला ब्लॉक 562, काज़ा ब्लॉक 607) को पोलियो से पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी। अभियान में 35 स्थायी एवं 15 मोबाइल सहित कुल 50 बूथ स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए 2,400 ओपीवी खुराक, 120 वायल (20 डोज़ वाली), 100 वैक्सीन करियर तथा 15 वैक्सीन वितरण केंद्रों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। क्षेत्रीय स्तर पर 15 पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे।



सहायक आयुक्त कल्याणी तिवाणा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न।

### 10 दिसंबर से घर-घर सर्वे कर दी जाएगी सूची

**बैठक** में भारी हिमपात वाले अत्यंत दुर्गम क्षेत्रों जैसे ताबो, लोसर, हिक्किम, कोमिक, उदयपुर, त्रिलोकीनाथ आदि के लिए फोर बाई फ़ॉर वाहनों की अग्रिम बुकिंग, 18 दिसंबर तक सभी कोल्ड चेन पॉइंट्स पर वैक्सीन पहुंचाने तथा 19-20 दिसंबर को बूथ स्तर तक वितरण का स्पष्ट समय-सारिणी निर्धारित की गई। आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं एएनएम 10 दिसंबर से घर-घर सर्वे कर सूची को अंतिम रूप देंगी।

### 21 दिसंबर को सभी बच्चों को निकटतम बूथ पर अवश्य लाएं

**सहायक** आयुक्त कल्याणी तिवाणा ने निर्देश दिए कि 21 दिसंबर को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक सभी बूथों पर पूर्ण सक्रियता रहे। जो बच्चे किसी कारणवश बूथ तक नहीं आ पाएं, उन्हें 22 एवं 23 दिसंबर को आशा कार्यकर्ताओं की टीम घर-घर जाकर अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक पिलाएगी। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने सभी माता-पिता से अपील की है कि 21 दिसंबर को अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को निकटतम बूथ पर अवश्य लाएं। यदि कोई बच्चा छूट जाए तो चिंता न करें हमारी आशा कार्यकर्ता 22-23 दिसंबर को स्वयं आपके घर आएंगी व दो बूंद जिंदगी की पिलाकर जाएंगी। हम सब मिलकर पोलियो मुक्त भारत-पोलियो मुक्त हिमाचल के संकल्प को साकार करें।

## न्यूज ब्रीफ

### 137 ग्राम चरस समेत एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शिलाई बाजार में पुलिस की सतर्क कार्रवाई के दौरान 137 ग्राम चरस बरामद की गई। गुप्त सूचना पर की गई तलाशी में आरोपी के बैग से प्रतिबंधित पदार्थ मिलने पर उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस थाना शिलाई की टीम बस स्टैंड क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान भीदर सिंह, निवासी पंढोल को 137 ग्राम चरस समेत काबू कर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### अवैध खनन संपदा से भरा टिप्पर दबोचा

**अनंत ज्ञान, नालागढ़।** जिला पुलिस बद्दी के तहत जोघों पुलिस चौकी की टीम ने अवैध खनन संपदा से भरा टिप्पर दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने टिप्पर को कब्जे में लेकर खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया के पुलिस चौकी जोघों की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर गांव गुल्लरवाला करसौली खड्ड में अवैध खनन में संलिप्त एक टिप्पर नंबर एचपी-93-3757 को माइनिंग मेटेरियल सहित धर दबोचने में सफलता प्राप्त की है। टिप्पर चालक ने अपना नाम अकबर खान पुत्र नज़ीर, निवासी गांव रत्योड़, जिला सोलन बताया। पुलिस ने टिप्पर को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ट्रैफिक नियमों की अवहेलना पर काटे 201 चालान

**अनंत ज्ञान,बद्दी।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए बद्दी पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। अभियान के तहत खतरनाक व लापरवाही से वाहन चलाने, बिना नंबर प्लेट, ओवरलोडिंग और अन्य उल्लंघनों पर सख्त कदम उठाए गए। एसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया के विशेष अभियान के तहत कुल 201 चालान विभिन्न धाराओं के तहत मोटर वाहन अधिनियम के तहत काटे गए हैं। बद्दी पुलिस ने कहा है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### राजस्व मंत्री अभद्र भाषा का प्रयोग करना करें बंद : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने जारी बयान में कहा कि राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने विधानसभा के अंदर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया है जो बहुत ही निंदनीय एवं शर्मनाक है इस इसकी कड़े शब्दों में घोर निंदा करते हैं रावत ने बताया कि नेगी को दायरे में रहकर बयान बाजी करनी चाहिए अन्यथा आपको इसके गंभीर परिणाम भी भुगतने पड़ सकते हैं। रावत ने बताया कि जयराम ठाकुर पूर्व मुख्यमंत्री के साथ-साथ नेता प्रतिपक्ष भी हैं, इसलिए नेगी को उनके खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि जयराम ठाकुर का कद एवं पद आपसे कहीं बड़ा है। रावत ने राजस्व मंत्री को नसीहत देते हुए कहा है कि आप प्रदेश सरकार के मंत्री है आपको ऐसी भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

### आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 दिसंबर 2025 को सोलन में बाधित की जाने वाली विद्युत आपूर्ति को तकनीकी कारणों के दृष्टिगत स्थगित कर दिया गया है। इस कारण 7 दिसंबर, 2025 को सोलन में अब विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं होगी। यह जानकारी आज यहां अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि भविष्य में बाधित होने वाली विद्युत आपूर्ति के संबंध में पूर्व में सूचित किया जाएगा।

### डॉ. शांडिल 8 को सोलन जिला के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 8 दिसंबर को सोलन जिला के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 8 को प्रातः 11.30 बजे अर्की उपमंडल की ग्राम पंचायत घनागुघाट में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का लोकार्पण करेंगे।

### जागरूकता रैली का सफल आयोजन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन प्राइवेट आईटीआई दाड़लाघाट द्वारा अंबुजा सीमेंट प्लांट एवं कॉलोनी क्षेत्र में 5 एस जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। यह रैली 5 एस वर्कप्लेस मैनेजमेंट सिस्टम की अवधारणा पर आधारित थी, जिसका उद्देश्य कार्य स्थलों पर स्वच्छता, सुरक्षा, अनुशासन तथा सुव्यवस्थित वातावरण को बढ़ावा देना है। संस्थान के कुल 55 प्रशिक्षुओं एवं 5 स्टाफ सदस्यों ने इस रैली में उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली से पूर्व यूनिट हेड ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए 5 एस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एस छंटो, सुव्यवस्थित करना, सफाई, मानकीकरण और स्थायित्व न केवल उत्पादकता बढ़ाता है, बल्कि कार्यस्थल की सुरक्षा, गुणवत्ता एवं सकारात्मक कार्य संस्कृति को भी मजबूत बनाता है। संबोधन उपरांत रैली की शुरुआत हुई, जिसमें प्रशिक्षुओं ने नारे लगाकर तथा संवाद के माध्यम से प्लांट कर्मियों एवं आसपास के निवासियों को 5 एस के महत्व के प्रति जागरूक किया।

### सशस्त्र कल्याण कोष के लिए करें अंशदान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि भारतीय सेना देश के गौरव का प्रतीक है और हम सभी को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सशस्त्र कल्याण कोष के लिए उदारतापूर्वक अंशदान करना चाहिए, ताकि समय पर सेवारत एवं पूर्व सैन्य कर्मियों की सहायता सुनिश्चित हो सके। उपनिदेशक सैनिक कल्याण सोलन कर्नल (सेवानिवृत्त) सुरेश कुमार अग्निहोत्री ने इस अवसर पर उपायुक्त को फ्लैग व लैपल पिन अर्पित किया। यह दिवस देश की सीमाओं पर बहादुरी से लड़ने वाले शहीदों और जवानों की सहायता के लिए धन एकत्र करने एवं उनके परिजनों को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है।

### भागवत कथा से बदलता है जीवनः आचार्य धरणीधर

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** बसंती बाग के निकट सनसिटी कालोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिन, अवध धाम से पधारे कथा प्रवक्ता आचार्य धरणीधर महाराज ने भागवत कथा के श्रवण से होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कथा सुनने से पुण्य की प्राप्ति होती है, अनेक दुख दूर होते हैं और जीवन भक्तिमय एवं आनंदमय बनता है। आचार्य ने कहा कि सच्चा धन वही है जो तन, मन और धन से सेवा और भक्ति करे। कथा हमें जीवन जीने की कला और आत्मिक शांति का मार्ग दिखाती है। इस अवसर पर संजय तिवारी, मीरा तिवारी, पुष्पिंदर कौर सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कड़ाके की ठंड ने बढ़ाई दिल के रोगियों की मुश्किलें

## एक महीने में सोलन अस्पताल पहुंचे 15 से ज्यादा हार्ट अटैक के मामले

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**




**सोलन।** प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड का असर जिला सोलन में भी दिखने लगा है। ड्राई स्पेल और ठंड से लोगों की सेहत पर असर पड़ने लगा है। इसका सबसे अधिक दिल के रोगियों पर दिखने लगा है। ठंड से हार्ट अटैक के मामले बढ़ने जा रहे हैं। यही कारण है कि एक माह में क्षेत्रीय अस्पताल में 15 से ज्यादा हार्ट अटैक के मामले सामने आ चुके हैं। इसमें बुजुर्ग ही नहीं बल्कि युवा भी अस्पताल आ रहे हैं। आम दिनों में माह में तीन से चार मामले ही आते हैं, पर पर ठंड बढ़ने से ऐसे मामले अचानक बढ़ गए। हालांकि, उपचार के बाद सभी मरीजों का उपचार कर छुट्टी मिल रहे।

मरीज उपचार के लिए जब अस्पताल आता है तो ईसीजी करवाया जा रहा है। ईसीजी में रिपोर्ट खराब आती है और लोगों को बचाव का आग्रह चिकित्सक करते है। क्षेत्रीय अस्पताल के अलावा जिले के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के भी मामले आ रहे हैं। चिकित्सक लोगों को राय दे रहे हैं कि अब कुछ दिनों तक सुबह की सैर पर लोग न निकलें। खासकर हृदय रोगियों को बचाव का आग्रह किया है।

गौर रहे कि ठंड के मौसम में हृदय रोगियों की समस्या बढ़ जाती है। इस कारण मामलों में भी इजाफा हो जाता है। सुबह के समय अधिक ठंड हो रही है, क्योंकि रात में कोहरा भी पड़ रहा है। बीते एक माह से ठंड लगातार बढ़ रही है। इससे अस्पतालों की ओपीडी और आपातकालीन कक्ष में हार्ट अटैक और सीने में दर्द की समस्या भी आ रही है। इससे लोगों को दिक्कतें बढ़ गई है। दूसरी ओर मामले बढ़ने के बाद जिला स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में दवाओं का स्टॉक भी पूरा कर दिया है, ताकि पीड़ितों को कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### ऐसे करें बचाव

**सुबह-शाम** बाहर जाते समय शरीर को गर्म रखें, ठंड के दिनों में भारी व्यायाम से बचें। रोज हल्की एक्सरसाइज करें। ब्लड प्रेशर, शुगर और कोलेस्ट्रॉल की नियमित जांच करें और इसे कंट्रोल में रखने के उपाय करें। स्वस्थ आहार लें। ताजे फल, सब्जियां और कम तेल भोजन का सेवन करें।

**धूम्रपान और शराब से दूरी रखें**

**डॉ.** तरुण शास्त्री ने कहा कि अस्पताल में सीने में दर्द के मामले आ रहे हैं। ठंड से इन दिनों लोगों को बचाव करना होगा। इसके लिए अस्पताल आ रहे मरीजों को जानकारी दी जा रही है कि वे धूम्रपान और शराब से दूरी रखें। इन दिनों ठंड अधिक पड़ रही है और लोगों की सेहत पर असर डाल रही है।

> अस्पताल में पिछले एक माह में 15 से अधिक हार्ट अटैक के मरीजों को उपचार दिया है। गनीमत ये है कि इनमें से कोई गंभीर मामला नहीं है। मरीज ठीक भी हो चुके हैं और रूटीन उपचार के लिए आ रहे हैं। इनकी अपडेट भी ली जा रही है। लोगों से आग्रह है कि वे ठंड में बचाव रखें।
>
> -डॉ. राकेश पंवार, चिकित्सा अधीक्षक, आरएच सोलन।

# सिरमौर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष की दौड़ में 11 दावेदार

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** प्रदेश कांग्रेस को करीब डेढ़ साल की देरी के बाद प्रदेश अध्यक्ष मिलते ही अब जिला अध्यक्षों को चुने जाने की कवायद तेज हो गई है। प्रदेश में यह पहली बार हो रहा है कि कांग्रेस सिफारिशों की जगह दावेदारों के इंटरव्यू लेकर जिला अध्यक्ष नियुक्त करेगी। इस प्रक्रिया के लिए बाकायदा पर्यवेक्षकों के द्वारा दावेदारों को कठिन संगठनात्मक प्रश्नावली से गुजारा गया है। इस इंटरव्यू में न केवल एकजुटता को बरकरार बनाने का फार्मूला पूछा गया, बल्कि प्रति विधानसभा क्षेत्र बूथ वाइज जानकारी भी जुटाई गई। वहीं, इस बार जिला सिरमौर से अध्यक्ष पद को लेकर 11 दावेदारों ने दावेदारी जताई है। दो प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों से किसी ने नहीं दी दावेदारी जिला सिरमौर में कुल 5 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें से श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक मौजूदा समय प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं, वहीं दूसरी ओर शिलाई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हर्षवर्धन चौहान मौजूदा समय सरकार में मंत्री भी हैं। बड़ी बात तो यह है कि जिला अध्यक्ष की दौड़ में ये दोनों विधानसभा क्षेत्र दावेदारी में नहीं उतरे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला अध्यक्ष की दावेदारी में पच्छाद से पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य आनंद परमार, जो कि हिमाचल निर्माता के पौत्र भी हैं, उन्होंने फिर से दावेदारी जताई है। इनके अलावा पच्छाद विधानसभा क्षेत्र से पूर्व जिला परिषद सदस्य परीक्षा चौहान, को जिला परिषद सदस्य विनय भगनाल, पीसीसी में सचिव रहे अरुण मेहता ने भी दावेदारी रखी है। उधर, नाहन विधानसभा क्षेत्र से युवा नेता जयदीप शर्मा, संजीव शर्मा उर्फ काला तथा आशिक मोहम्मद ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की है। पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र से पूर्व में विधायक रहे कर्नेश जंग, युवा नेता अवनीत लांबा, तपेंद्र सिंह तथा मनीष तोमर ने अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी दी है। इन सभी 11 दावेदारों के बुधवार की देर शाम को साक्षात्कार रखे गए थे जो कि वीरवार की देर शाम तक जारी रहे। यह केंद्र से आए पर्यवेक्षक ब्रजेंद्र प्रताप सिंह ने लिए थे।

बड़ी बात तो यह थी कि इस साक्षात्कार के दौरान न केवल पर्यवेक्षक बल्कि उम्मीदवार के फोन भी कार्यालय से बाहर रखे गए थे। मजे की बात तो यह भी है कि पर्यवेक्षक के सामने कुछ ऐसे भी दावेदार थे जिन्होंने शक्ति प्रदर्शन भी दिखाने की कोशिश की, मगर पर्यवेक्षक के द्वारा इन सबको नजरअंदाज कर केवल काबिलियत पर ही फोकस रखा गया।

अब यदि देखा जाए तो काबिलियत और संगठन के अनुभव को लेकर तो सबसे मजबूत दावेदारी पूर्व अध्यक्ष आनंद परमार की मानी जा रही है। परमार का नाम हिमाचल निर्माता के नाम से भी जुड़ा हुआ है, जिसे कांग्रेस अक्सर भुनाती (कैश करती) है। आनंद परमार हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार के पौत्र हैं।

## इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को वितरित की एफडी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत दो बेटियों के बाद ऑपरेशन करवाने वाले दंपतियों को 25-25 हजार की एफडी वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को मजबूती प्रदान करने का भी संदेश दिया गया। मीडिया से बात करते हुए बीएमओ धगेडा डॉक्टर मोनिषा अग्रवाल ने बताया कि कन्या लिंगानुपात को बढ़ावा देने के मकसद से सरकार द्वारा इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत आज 7 चयनित दंपतियों में से पांच को 25-25 हजार की एफडी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि योजना के मुताबिक दो बेटियों के बाद परिवार नियोजन का ऑपरेशन करवाने पर 25000 रुपए की एफडी दी जाती है, जबकि एक बेटे के बाद ऑपरेशन करवाने पर 35000 रुपए की एफडी देने का प्रावधान है। बीएमओ स्वास्थ्य खंड धगेडा डॉ. मोनिशा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों को जननी सुरक्षा योजना के बारे में भी बताया गया जिसके तहत बीपीएल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को प्रसव के दौरान आर्थिक सहायता देने का भी प्रावधान है, ताकि गर्भवती महिला और नवजात को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके।

# किराये के कमरे से अवैध सिरप की खेप समेत युवक गिरफ्तार

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**बद्दी।** जिला पुलिस बद्दी के एक्स सेल ने गुप्त सूचना के आधार पर किराये के कमरे में छापेमारी कर अवैध सिरप के खेप बरामद की है। पुलिस ने प्रतिबंधित सिरप की खेप को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया के पुलिस जिला बद्दी की एक्स सेल पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि गांव मल्कुमाजरा में एक व्यक्ति प्रज्जवल शर्मा, निवासी हाउस नंबर 149 वहरौली, जिला फतेहपुर (यूपी), गांव मल्कुमाजरा स्थित अपने किराये के कमरे से अवैध रूप से निर्मित प्रतिबंधित सिरप/दवाइयां बेचने का अवैध धंधा करता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा आरोपी के किराये के कमरे पर दबिश देकर तलाशी ली तो आरोपी के कब्जे से कुल 360 लेबल युक्त एवं बिना लेबल की प्रतिबंधित सिरप की शीशियां बरामद हुई। जिस पर आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना बद्दी में मादक द्रव्य और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी बद्दी विनोद धीमान ने बताया मामला नशे के कारोबार से जुड़ा है इसलिए आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेकर पुलिस मामले की तह तक जाएगी।

## मांगल पंचायत में नशा-मुक्ति मुहिम तेज युवाओं को चिट्टे से बचाने पर बनी रणनीति

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत मांगल में नशा निवारण समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता समिति अध्यक्ष एवं स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांगल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने की। बैठक में युवाओं में बढ़ते चिट्टा और अन्य नशीले पदार्थों की समस्या पर गंभीर चर्चा कर संयुक्त रोकथाम रणनीति तैयार की गई। पुलिस थाना बागा के प्रतिनिधि रमेश कुमार ने कहा कि पुलिस विभाग चिट्टा तस्करी पर पूरी तरह सतर्क है और किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। पंचायत, पुलिस और विद्यालय मिलकर नियमित नशा-जागरूकता कार्यक्रम, शिक्षण सत्र और गांव-स्तरीय निगरानी अभियान चलाएंगे। सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। बैठक के बाद छात्रों, शिक्षकों और पंचायत प्रतिनिधियों ने एंटी-चिट्टा रैली निकाली, जिसने क्षेत्र में व्यापक जागरूकता फैलाई। प्रधानाचार्य शर्मा और पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि नशा युवा पीढ़ी को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और मुहिम को सफल बनाने की अपील की। समिति ने दुकानदारों और ग्रामीणों से भी सहयोग की मांग की।

# किसान का बेटा पार्थ चौहान बना एयरफोर्स में फ्लाइंग ऑफिसर

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ की सेर जगास के युवक पार्थ चौहान, भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के लिए चयनित होने पर समूचे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उसने देश भर में 63वां रैंक हासिल किया। राजगढ़ उपमंडल की सेर जगास पंचायत के रतौली निवासी पार्थ चौहान ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत और अटूट लगन से यह मुकाम हासिल कर लिया है। इनके पिता जगदीश चौहान एक प्रगतिशील किसान है, जबकि माता सरिता चौहान गृहिणी है।



पार्थ का चयन इंडियन एयरफोर्स में फ्लाइंग ऑफिसर के पद पर हुआ है। उन्होंने पूरे देश में 63वां ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अब पार्थ जल्द ही एएफए डुंडीगल में प्रशिक्षण शुरू करेंगे, जिसके पश्चात वह औपचारिक रूप से भारतीय वायुसेना का हिस्सा बनेंगे। पार्थ ने दसवीं तक की पढ़ाई डीएवी पब्लिक स्कूल राजगढ़ से पूरी की। इसके बाद उन्होंने जमा दो और स्नातक की शिक्षा चंडीगढ़ से प्राप्त की। बचपन से ही उनकी रुचि रक्षा सेवाओं में रही और इसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने 12वीं के बाद एनडीए तथा अन्य टेक्निकल एंट्रेंस परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी। हालांकि, शुरुआत में कई असफलताएं मिलीं, मगर पार्थ कभी विचलित नहीं हुए। कॉलेज समय में एनसीसी में शामिल होना उनके लिए मील का पत्थर साबित हुआ।

वर्ष 2024 में युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत नेपाल जाने वाले देशभर के केवल 16 कैडेट्स में उनका चयन हुआ। गणतंत्र दिवस शिविर 2023 में वह उत्तर जोन कंटिंजेंट कमांडर रहे और पीएम रैली में अपना नेतृत्व कौशल प्रदर्शित किया। लगातार प्रयासों के बाद पार्थ को एक साथ एयरफोर्स और आर्मी दोनों के लिए अनुशंसा मिली। अंततः उन्होंने एयरफोर्स को चुना और सफलता हासिल की। अपनी सफलता का श्रेय पार्थ ने माता-पिता और पूरे परिवार के मजबूत साथ को दिया।

## झूठ के पुलिंदे हैं ग्रेट खली के दावे : तहसीलदार ऋषभ

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब के सूरजपुर में द ग्रेट खली उर्फ दिलीप राणा ने दूसरे की जमीन पर कब्जा किया है। यह बात पांवटा साहिब में आयोजित पत्रकार वार्ता में पांवटा साहिब के तहसीलदार ऋषभ शर्मा ने कहीं। ऋषभ शर्मा ने कहा कि ग्रेट खली द्वारा कुछ वर्ष पूर्व पांवटा साहिब में जमीन खरीदी थी, जो अन्य की निकली है। उन्होंने कहा कि ग्रेट खली ने नंबर 8 की जमीन खरीदी है, लेकिन कब्जा नंबर 6 पर किया हुआ है, जो नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को ग्रेट खली ने कुछ मीडिया कर्मियों के समक्ष आरोप लगाए कि पांवटा साहिब में उनकी जमीन के साथ हेरा-फेरी की गई है, जिसका मुख्य किरदार तहसीलदार को बनाया गया है, लेकिन ग्रेट खली द्वारा जो दावे किए जा रहे हैं वह पूरी तरह झूठ का पुलिंदा और भ्रामक है।



ऋषभ ने मीडिया के समक्ष न केवल ग्रेट खली के दावों की पोल खोली, बल्कि वह दस्तावेज भी दिखाएं, जिसमें कई चौंकाने वाले खुलासे भी हुए हैं। ऋषभ शर्मा ने कहा कि ग्रेट खली द्वारा आरोप लगाए जा रहे हैं कि वह कभी तहसील कार्यालय नहीं गए हैं लेकिन जब ऋषभ शर्मा ने तहसील कार्यालय की फोटो दिखाई तो उसे साफ जाहिर होता है कि ग्रेट खली झूठ बोल रहे है। खली द्वारा पूरी तरह झूठे आरोप लगाए जा रहे है। यही नहीं ऋषभ शर्मा ने तो यह भी बताया कि कुछ दिन पूर्व ग्रेट खली ने जबरन छुट्टी के दिन 6 नंबर जमीन पर तारबंदी की है और चारदीवारी की है। यही नहीं उन्होंने मीडिया के समक्ष जमीन की बाउंड्री करते समय वह फोटोग्राफर भी दिखाएं, जिसमें वह हथियार लहराते नजर आ रहे हैं। यदि ग्रेट खली चाहे तो वह अपनी जमीन को दोबारा से तक्सीम करवा सकते हैं इसके लिए उन्हें एप्लीकेशन विभाग को देनी होगी।

# युवा उत्सव में नौणी औद्यानिकी महाविद्यालय बना समग्र चैंपियन



तीन दिवसीय युवा महोत्सव में प्रस्तुति देते छात्र।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में आयोजित वार्षिक अंतर महाविद्यालय युवा उत्सव में औद्यानिकी महाविद्यालय नौणी ने समग्र चैंपियनशिप अपने नाम की। तीन दिवसीय उत्सव के समापन समारोह में अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन ने विजेताओं को सम्मानित किया।

अंतिम दिन हुए बहुप्रतीक्षित समूह नृत्य में थुनाग कॉलेज प्रथम और औद्यानिकी कॉलेज द्वितीय रहा। समग्र परिणामों में औद्यानिकी चैंपियन बना, जबकि वानिकी कॉलेज उपविजेता रहा। साहित्यिक स्पर्धाओं में औद्यानिकी की ओशीन शर्मा ने वाद-विवाद जीता, जबकि वक्तृत्व और एक्सटेंपोर में भी इस महाविद्यालय ने बढ़त बनाई। नाट्य श्रेणी में औद्यानिकी ने स्किट और वन-अंक नाटक में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि माइम में वानिकी और नेरी संयुक्त विजेता रहे।

संगीत और नृत्य प्रतियोगिताओं में वानिकी कॉलेज का दबदबा रहा। लाइट वोकल, देशभक्ति गीत, समूह गीत और शास्त्रीय नृत्य में उसने पहला स्थान पाया। ललित कला में औद्यानिकी और वानिकी के कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों की प्रतिभा और आत्मविश्वास को निखारते हैं।

## 15 दिसंबर तक करवाएं गेहूं और जौ की फसल का बीमा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन में फसलों का बीमा करवाने के लिए पुनर्गठित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना क्रियान्वित की जा रही है। गेहूं और जौ की फसल का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर निर्धारित की गई है। यह जानकारी कृषि उप निदेशक सोलन डॉ. देवराज कश्यप ने दी। उन्होंने बताया कि टमाटर एवं शिमला मिर्च की फसल का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 28 फरवरी, 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक किसान फसलों का बीमा अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र के माध्यम से करवा सकते हैं। किसान अपनी जमाबंदी, आधार कार्ड, बैंक पास बुक, बिजाई प्रमाण पत्र आदि लेकर लोकमित्र केंद्रों में जाकर बीमा करवा सकते है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त किसान ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी बीमा के लिए आवेदन कर सकते हैं। उपनिदेशक ने कहा कि गेहूं और जौ की फसल के लिए 60 हजार रुपए तथा 50 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बीमित राशि निर्धारित की गई है। किसानों को गेहूं की फसल के लिए 72 रुपए प्रति बीघा तथा जौ की फसल के लिए 60 रुपए प्रति बीघा प्रीमियम राशि अदा करनी होगी।

उन्होंने कहा कि टमाटर तथा शिमला मिर्च की फसल के लिए 2 लाख रुपए तथा 1.50 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर बीमित राशि निर्धारित की गई है। किसानों को टमाटर की फसल के लिए 800 रुपए प्रति बीघा तथा शिमला मिर्च की फसल के लिए 600 प्रीमियम राशि अदा करनी होगी। पुनर्गठित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कम वर्षा, सूखा, बाढ़, सैलाब, भूमि कटाव, ओलावृष्टि और फसल कटाई के उपरांत दो सप्ताह तक होने वाले नुकसान तथा स्थानीयकृत आपदा को कवर किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऋणी किसानों के लिए यह योजना ऐच्छिक की गई है।

**प्रतियोगिता**

## सोलन कॉलेज में 64वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन

# पुरुष में निर्भय व महिला वर्ग में दिव्यांका श्रेष्ठ एथलीट

**अनंत ज्ञान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन ने शनिवार को ठोडो ग्राउंड में 64वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली रहीं। उन्होंने प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया तथा अपने प्रेरक संबोधन में छात्र-छात्राओं से अधिक से अधिक खेलकूद में भाग लेने का आह्वान किया।



खेलकूद प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी।

उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, टीम भावना तथा चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित करते हैं। साथ ही युवाओं को नशे एवं अन्य कुप्रवृत्तियों से दूर रहने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए तथा उन्हें बधाई दी। इस एथलेटिक मीट में कुल 27 ट्रैक एवं फील्ड इवेंट आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 300 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के अतिरिक्त शॉटपुट, हाई जंप, लॉन्ग जंप, जैवलिन, रिले रेस आदि प्रतियोगिता में शामिल रहीं। आयोजन सचिव डॉ. रवि राम ने मुख्यातिथि, समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राओं एवं खिलाड़ियों का धन्यवाद किया। श्रेष्ठ एथलीट में पुरुष वर्ग में बीए प्रथम वर्ष के निर्भय, महिला वर्ग में बीए प्रथम वर्ष की दिव्यांका ने बाजी मारी। अन्य प्रतियोगिताओं के प्रमुख परिणाम में पुरुष वर्ग 3000 मीटर दौड़ में अजय, अंकित कुमार और सुनील शर्मा अव्वल रहे। 1500 मीटर दौड़ में सुशील प्रथम, अमन द्वितीय और अजय तृतीय रहे। दौड़ अन्य वर्ग में निर्भय, अखिल और आर्यन क्रम से अव्वल रहे। जैवलिन थ्रो में विशाल, भूपेंद्र और सक्षम, शॉटपुट में निर्भय, अनिल और आयुष क्रम से प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में मनीष प्रथम,आयुष द्वितीय और दिव्यांशु तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में मनीष, आयुष और दिव्यांशु, लॉन्ग जंप में निर्भय, आयुष और अखिल ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे। डिस्कस थ्रो में अनिल, निर्भय, दिव्यांशु अव्वल रहे। महिला वर्ग 3000 मीटर दौड़ में अंजली चौहान, साक्षी, ज्योति ने क्रम से पहला दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। 1500 मीटर दौड़ में अंजली चौहान, साक्षी और मुस्कान क्रम से अव्वल रहे।

हाई जंप में दिव्यांका, विशालखा ठाकुर और सिमरन, जैवलिन थ्रो में सुमन लता, रितु और दिव्या शर्मा अव्वल रहीं। शॉटपुट में दिव्यांका प्रथम, इशाता द्वितीय और शिल्पा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में दिव्यांका, मोनिका और विशालखा 400 मीटर दौड़ में मोनिका, साक्षी और विशालखा क्रम से अव्वल रहे। इसी तरह डिस्कस थ्रो में दिव्यांका ने पहला, इशाता ने दूसरा और रितु ने तीसरा स्थान अर्जित किया। यह जानकारी कॉलेज के पीआरओ मुकेश शर्मा ने दी।

# गुरु की नगरी श्री पांवटा साहिब एक बार फिर दिखेगी सिल्वर स्क्रीन पर

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**पांवटा साहिब।** रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'द लव ट्रस्ट' की शूटिंग दून-विकासनगर और पांवटा साहिब में होगी। उत्तराखंड की खूबसूरत वादियां एक बार फिर फिल्ममेकर्स की पसंदीदा लोकेशन बन रही हैं। इसी कड़ी में रोमांटिक थ्रिलर की नई फिल्म 'द लव ट्रस्ट' की शूटिंग जल्द ही देहरादून, विकासनगर और हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब क्षेत्र में शुरू होने जा रही है।



पांवटा साहिब में शूटिंग को पहुंचे कलाकार।

जानकारी के अनुसार, यह फिल्म राइटर-डायरेक्टर विक्की खराट द्वारा निर्देशित की जा रही है। फिल्म के प्रोड्यूसर संतोष के. राय, डीओपी जितेंद्र आचरेकर, म्यूजिक डायरेक्टर जनक ठाकुर, एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर नीरज के. शर्मा और पांवटा साहिब के श्री भगानी साहब के निवासी दुर्गा सिंह इस फिल्म में बतौर लाइन प्रोड्यूसर मौजूद रहेंगे। फिल्म का निर्माण पिंक एप्पल फिल्म्स द्वारा किया जा रहा है। प्रोडक्शन टीम ने देहरादून और विकासनगर की कई खूबसूरत लोकेशनों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब क्षेत्र को शूटिंग के लिए फाइनल कर लिया है। फिल्म में स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देते हुए विकास नगर से लोकल को-ऑर्डिनेटर मनीष चौहान और पोंटा साहिब से एक बार फिर अक्षय गिल बड़े पर्दे पर आने की तैयारी कर रहे हैं। स्थानीय कलाकारों के लिए यह एक बड़ा मौका है। क्षेत्र में फिल्म मेकिंग के विस्तार का संकेत माना जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल ने डॉ. बीआर अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने शनिवार को लोक भवन में भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल प्रोफेसर घोष ने कहा, 'समानता, न्याय, भाईचारा और सबको साथ लेकर चलने के उनके हमेशा रहने वाले आदर्श एक ऐसा भारत बनाने में हमारी मिलकर की जाने वाली कोशिशों को गाइड करते रहेंगे, जहां कोई पीछे न छूटे।' राज्यपाल के एडीसी अमरिंदर सिंह तथा लोक भवन के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी इस मौके पर डॉ. बाबासाहेब को श्रद्धांजलि दी।

### सीएम सैनी बोले- डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार मानवता के लिए प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब के विचार, सिद्धांत और संघर्ष पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने सिखाया कि कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प, शिक्षा और समानता से समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान में लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूत नींव रखी और समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। सामाजिक भेदभाव के खिलाफ उनका संघर्ष और शिक्षा को उन्नति का सर्वोत्तम माध्यम मानना आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार बाबा साहेब के आदर्शों पर चलते हुए वंचित, कमजोर और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए कई कल्याणकारी नीतियां लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे डॉ. अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सामाजिक समरसता, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाएं।

### पंचकूला जोन में उपभोक्ता शिकायतों का निवारण 8, 17, 22 और 29 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विष्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। 'पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किये गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। बिजली निगम के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार प्रत्येक मामले में एक लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपए तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों नामतः कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल और यमुनानगर के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 08,17, 22 और 29 दिसंबर को जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, पंचकूला में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचकूला जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों के उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से सम्बंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का निपटान किया जाएगा। उपभोक्ता और निगम के बीच किसी भी विवाद के निपटान के लिए फोरम में वित्तिय विवादों से संबंधित शिकायत प्रस्तुत करने से पहले पिछले छः महीनों के दौरान उपभोक्ता द्वारा भुगतान किए गए बिजली के औसत शुल्क के आधार पर गणना की गई प्रत्येक माह के लिए दावा की गई राशि या उसके द्वारा देय बिजली शुल्क के बराबर राशि, जो कम है, उपभोक्ता को जमा करवानी होगी। इस दौरान उपभोक्ता को प्रमाणित करना होगा कि यह मामला अदालत, प्राधिकरण या फोरम के समक्ष लंबित नहीं है क्योंकि इस न्यायालय या फोरम में विचाराधीन मामलों पर बैठक के दौरान विचार नहीं किया जाएगा।

# हरियाणा के सभी सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाएं : सीएम सैनी

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत इंस्टॉलेशन तेज करने के भी दिए आदेश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि राज्य के सभी सरकारी भवनों जैसे स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, कार्यालय, गोदाम आदि पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए जाएं, ताकि राज्य को हरित ऊर्जा की ओर तेजी से अग्रसर किया जा सके। मुख्यमंत्री सिविल सचिवालय में ऊर्जा (पावर) क्षेत्र से संबंधित बजट घोषणाओं की उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को राज्य में घर-घर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के मासिक उपलब्ध आंकड़ों की भी जानकारी ली और सख्त मॉनिटरिंग और जवाबदेही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राज्यभर में बड़े पैमाने पर अक्षय ऊर्जा के लिए सोलर पार्क विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य की प्रमुख सड़कों और राजमार्गों से



पुराने और खराब बिजली खंभों को तुरंत हटाने के भी आदेश दिए, ताकि सार्वजनिक सुरक्षा बढ़े और सड़क सौंदर्य में सुधार हो।

हरियाणा पॉवर जनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीजीसीएल) के चेयरमैन श्री श्यामल मिश्रा ने बताया कि 20 नवंबर 2025 तक राज्य में 42,486 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन पूरे किए जा चुके हैं। 31 मार्च 2027 तक 2,22,000 रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि डिस्कॉम ने 'सौर ऊर्जा प्रोत्साहन योजना' नाम से एक नई स्कीम भी तैयार की है, जो मुख्यत: राज्य सरकार के कर्मचारियों और नियमित रूप से बिजली बिल जमा करवाने वाले उपभोक्ताओं के लिए है। योजना को राज्य सरकार के अनुमोदन हेतु भेजा गया है और वर्तमान में विचाराधीन है। इसके लागू होने पर, राज्य में रूफटॉप सोलर को लगवाने का कार्य तेजी से बढ़ेगा और निर्धारित आरटीसी लक्ष्यों को प्राप्त करने में बड़ी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि राज्य में प्रत्येक घर तक निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा क्षेत्र के सभी लक्ष्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ऊर्जा सुरक्षा आर्थिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हर लंबित परियोजना को बिना देरी के आगे बढ़ाया जाए।

बैठक में विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा में अगले 7 वर्षों में 24,000 मेगावाट बिजली उपलब्धता सुनिश्चित कर 100 प्रतिशत उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री को बताया गया कि यमुनानगर में 800 मेगावाट अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल यूनिट का कार्य बीएचईएल के सहयोग से शुरू हो गया है।

# एफएपी नेशनल अवार्ड्स में 476 प्राइवेट स्कूल, शिक्षक और छात्र किए सम्मानित




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने 5वें एफएपी नेशनल अवार्ड्स-2025 का आयोजन किया, जिसमें 476 प्राइवेट स्कूलों, शिक्षकों और छात्रों को शिक्षा, संस्कृति और लोक कलाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। राज्यसभा सांसद एवं सीयू चांसलर सतनाम सिंह संधू ने मुख्यातिथि के रूप में समारोह की अध्यक्षता की। 43 स्कूल टीमों ने नौ कैटेगरी में म्यूजिक, डांस और आर्ट प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

अवार्ड समारोह में करमजीत अनमोल और गुरप्रीत घुग्गी ने सांस्कृतिक शिक्षा और लोक कला के महत्व पर जोर दिया। पुरस्कार विजेता स्कूलों में अमृत इंडो कैनेडियन स्कूल लुधियाना, गुरु नानक इंटरनेशनल स्कूल और डिसिप्लिन्ड डिसिपल इंटरनेशनल स्कूल प्रमुख रहे।

सिंधू ने कहा कि एफएपी अवार्ड्स ने प्राइवेट स्कूलों की उपलब्धियों को मान्यता दी है और देशभर में शिक्षा और संस्कृति को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि सीयू बच्चों के समग्र विकास के लिए अकादमिक उत्कृष्टता के साथ कला और संस्कृति को भी बढ़ावा देती है। डॉ. जगजीत सिंह धुरी ने कहा कि एफएपी अवार्ड्स से बच्चों को लोकगीत, पारंपरिक नृत्य और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में मदद मिल रही है, जिससे अश्लीलता और हिंसा को बढ़ावा देने वाले प्रोग्राम कम हुए हैं। यह अवार्ड प्राइवेट स्कूल शिक्षा क्षेत्र का सबसे भरोसेमंद सम्मान बन चुका है।

# अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने युवाओं को अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंचकूला सेक्टर-5 में चार दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल का विधिवत शुभारंभ हुआ। पहले दिन कार्यक्रम ने छात्रों, युवाओं और विज्ञान प्रेमियों को उत्साहित किया। प्रमुख अतिथि, भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अपने अंतरिक्ष मिशन के अनुभव साझा किए और बताया कि अंतरिक्ष से भारत अद्भुत दिखाई देता है। उन्होंने 20 दिन की अंतरिक्ष यात्रा में किए गए वैज्ञानिक प्रयोगों और गगनयान मिशन के लिए जुटाई गई जानकारियों पर प्रकाश डाला।

शुक्ला ने युवाओं से विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान में आगे बढ़ने का आह्वान किया और कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना युवाओं के प्रयासों पर निर्भर है। बच्चों में विज्ञान के प्रति बढ़ती रुचि उत्साहजनक है, और अध्यापकों को उन्हें एस्ट्रोनॉट बनने के सपनों की दिशा में मार्गदर्शन करना चाहिए।

इंटरैक्टिव सत्र में छात्रों के सवालों के उत्तर देते हुए उन्होंने बताया कि भविष्य में एस्ट्रोनॉट बनने के लिए केवल एयर फोर्स या आर्म्ड फोर्सेज की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि नए फ्रेमवर्क के तहत अन्य क्षेत्रों के लोग भी इसमें शामिल हो सकेंगे। उन्होंने भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा से मिली प्रेरणा और गगनयान व आदित्य-एल1 मिशनों की सफलता का उल्लेख करते हुए भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया और युवाओं को विज्ञान के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

# पानीपत में अवैध हथियार व कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत सीआईए-3 पुलिस टीम ने शुक्रवार रात को चौटाला रोड से सेक्टर-29 में की तरफ सड़क पर दो युवकों को एक देसी पिस्तौल व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों कि पहचान डाहर गांव निवासी अभिषेक व सोमबीर के रूप में हुई है। सीआईए-3 प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने शनिवार को बताया कि उनकी टीम शुक्रवार रात को गश्त के दौरान औद्योगिक सेक्टर 29 में थी। तभी टीम को सूचना मिली कि संदिग्ध किस्म के दो युवक चौटाला रोड की और से सेक्टर 29 की तरफ आ रहे है। युवकों के पास अवैध हथियार होने की संभावना है। पुलिस टीम सड़क पर पेड की ऑड लेकर खड़ी हो गई। कुछ देर पश्चात टीम को चौटाला रोड की और से दो युवक पैदल आते हुए दिखाई दिए। पास आने पर पुलिस टीम ने दोनों युवकों को हिरासत में लिया। पूछताछ में युवकों ने अपनी पहचान सोमबीर व अभिषेक के रूप में बताई। तलाशी लेने पर अभिषेक की जींस की जेब से एक देसी पिस्तौल, जिसको खोलकर जांच करने पर अनलोड मिला व सोमबीर की जींस की जेब से दो जिंदा कारतूस मिले। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया वह दोनों दोस्त हैं। आरोपी अभिषेक ने पूछताछ में पुलिस को बताया गांव में उसकी रंजिश चल रही है।

# भिवानी के भीम स्टेडियम को मिलेगा अत्याधुनिक स्वरूप : धर्मबीर सिंह

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रत्येक बच्चे को स्वस्थ और सक्षम बनाना सरकार की प्राथमिकता है, इसी उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव के जरिए ग्रामीण अंचल तक खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

सांसद भिवानी के भीम स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए खेलों के आधारभूत ढांचे को लगातार मजबूत कर रही है। ग्रामीण स्तर से खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ी ही आगे चलकर ओलंपिक, एशियाई और कॉमनवेल्थ जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का नाम रोशन करते हैं, इसलिए युवाओं को अधिक से अधिक अवसर मिलना जरूरी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई 'फिट इंडिया' पहल से युवाओं में खेलों के प्रति नई ऊर्जा और जागरूकता आई है।

सांसद ने कहा कि 32 एकड़ में फैला भीम स्टेडियम अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की जन्मभूमि रहा है। सरकार की योजना के तहत स्टेडियम में सभी आधुनिक और अत्याधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि भिवानी के खिलाड़ी भविष्य में भी विश्वस्तरीय प्रदर्शन कर सकें।

## देश-विदेश

# केंद्र सरकार मिटाना चाहती है नेहरू को इतिहास से: सोनिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** पार्लियामेंट्री पार्टी की चेयरपर्सन सोनिया गांधी दिल्ली स्थित जवाहर भवन में नेहरू सेंटर इंडिया के लांच समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ बयानबाजी को लेकर भाजपा सरकार की आलोचना की।

सोनिया ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करना आज की सत्ता का मुख्य मकसद है। वह उन्हें (नेहरू को) सिर्फ इतिहास से मिटाना नहीं चाहती, बल्कि उनकी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक आधारों भी को कमजोर करना चाहती है, जिन पर देश खड़ा हुआ। सोनिया ने कहा कि इतने बड़े व्यक्तित्व (नेहरू) के जीवन और काम का एनालिसिस और समीक्षा होना स्वाभाविक है और ऐसा होना चाहिए भी। लेकिन उन्हें बदनाम करने, कमजोर दिखाने और उनकी बातें तोड़ने-मरोड़ने की संगठित कोशिश अस्वीकार्य है। वहीं, भाजपा ने भी पलटवार किया। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 नेहरू लाए, लेकिन वह इसे आगे संशोधित नहीं कर पाए। मगर पीएम मोदी की सरकार ने इसे संशोधित किया। उन्होंने आगे कहा कि सोनिया गांधी नेहरू की लेगेसी की बात करती हैं तो ये किस तरह की लेगेसी है। (अनंत ज्ञान)

### सिंगर नेहा को झटका, पीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी से जुड़े एक मामले में भोजपुरी सिंगर और यूट्यूबर नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, नेहा सिंह राठौर की अप्रैल में की गई टिप्पणी को लेकर इस साल की शुरुआत में लखनऊ के हजरतगंज पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था। गायिका पर इसी तरह के आरोपों के लिए पूरे उत्तर प्रदेश में कई एफआईआर दर्ज हुई हैं।(अनंत ज्ञान)

# भारत-यूएस के व्यापार समझौते पर शुरू होगी बातचीत, जल्द दिल्ली आएगा अमेरिकी दल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर 10 दिसंबर से बातचीत शुरू होगी। यह बातचीत तीन दिन चलेगी। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते के लिए इस बातचीत को अहम माना जा रहा है। दोनों पक्षों की बातचीत 12 दिसंबर तक चलेगी और अभी यह बातचीत का औपचारिक राउंड नहीं है।अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए दिल्ली आएगा और उसका नेतृत्व अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर करेंगे। अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद अमेरिकी अधिकारियों का व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए यह दूसरा भारत दौरा होगा। इससे पहले 16 सितंबर को अमेरिकी अधिकारियों ने भारत का दौरा किया था। इसके बाद 22 सितंबर को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक दल अमेरिका गया था। इससे पहले मई में भी पीयूष गोयल अमेरिका दौरे पर थे। हाल ही में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत को उम्मीद है कि अमेरिका के साथ इस साल ही व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति बन जाएगी। व्यापार समझौते से भारतीय निर्यातकों को टैरिफ से राहत मिल सकती है। भारत और अमेरिका टैरिफ के मुद्दे को सुलझाने के लिए एक व्यापार ढांचा बनाने और एक पूर्ण व्यापार समझौते पर समानांतर बातचीत कर रहे हैं। अब तक छह राउंड की बातचीत हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

# रोहिंग्याओं पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर पूर्व जजों-वकीलों ने जताई आपत्ति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने 2 दिसंबर को भारत में रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों के कानूनी दर्जे पर सवाल उठाए थे। इसको लेकर पूर्व जजों, वकीलों और कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत को लेटर लिखकर आपत्ति जताई है।

सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने एक हैबियस कॉर्पस याचिका पर सुनवाई करते हुए पूछा था कि अगर कोई गैर-कानूनी तरीके से भारत में घुस आता है, तो क्या उसे 'रेड कार्पेट वेलकम' देना चाहिए, जबकि देश के अपने नागरिक ही गरीबी से जूझ रहे हैं? लेटर में कहा गया है कि रोहिंग्या पर की गई टिप्पणी अमानवीय और संविधानिक मूल्यों के खिलाफ है।

रोहिंग्या को दुनिया के सबसे उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों में बताया गया है। साथ ही रोहिंग्या लोगों को अनुच्छेद 21 के तहत सुरक्षा का अधिकार बताया गया।

सीजेआई सिर्फ एक कानूनी अधिकारी ही नहीं हैं बल्कि गरीबों के अधिकारों के कस्टोडियन और आखिरी फैसला सुनाने वाले भी हैं, जिनकी बातों का देश की सोच में वजन होता है और उनका असर दूर तक होता है। (अनंत ज्ञान)

### समन की अवहेलना मामले में सीएम हेमंत कोर्ट में हुए पेश

**एजेंसी, रांची।** ईडी के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रांची स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए। उनके साथ महाधिवक्ता राजीव रंजन मौजूद थे। हेमंत सोरेन की ओर से जमानत भी ली गई है। उनकी ओर से 7000 रुपए के दो बेल बॉन्ड भरा गया है। अब अगली सुनवाई 12 नवंबर 2025 को होगी। आगमन के पूर्व कोर्ट परिसर की सुरक्षा कड़ी की गई थी। कोर्ट परिसर में भारी संख्या में सुरक्षा बल की तैनाती की गई थी। हाई कोर्ट के आदेश पर सीएम को एमपी-एमएलए कोर्ट में उपस्थित होना पड़ा है। ईडी की ओर से दर्ज शिकायतवाद में कहा गया है कि जमीन घोटाला मामले में हेमंत सोरेन को 10 समन भेजे गए थे, जिनमें से वे केवल दो समन पर ही ईडी के समक्ष उपस्थित हुए। ईडी का कहना है कि यह समन की अवहेलना की श्रेणी में आता है। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर फिर गोलीबारी, 4 लोगों की मौत

**एजेंसी, काबुल**

पाकिस्तान और अफगानिस्तान की चमन-स्पिन बोल्डक बॉर्डर पर एक बार फिर भारी गोलीबारी हुई। गोलीबारी शुक्रवार रात करीब 10 बजे शुरू हुई और देर रात तक चलती रही। दोनों देश एक-दूसरे पर हमला शुरू करने का आरोप लगा रहे हैं।

गोलीबारी में 4 अफगानी मारे गए और 4 घायल हो गए हैं। अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान ने सबसे पहले कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया, जिसके जवाब में उनकी सेना ने जवाबी कार्रवाई की। दूसरी तरफ पाकिस्तानी अधिकारियों का दावा है कि अफगान सेना ने बिना उकसावे के चमन बॉर्डर पर गोलीबारी शुरू की, जिसके बाद पाकिस्तानी फोर्सेस ने मुंहतोड़ जवाब दिया। प्रधानमंत्री के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने कहा, 'पाकिस्तान अपनी सरहद और लोगों की हिफाजत के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार है।' इससे 48 घंटे पहले ही दोनों देशों के बीच शांति वार्ता हुई थी। हालांकि, यह बातचीत बेनतीजा रही। यह ताजा झड़प उस वक्त हुई है जब 2-4 दिसंबर को सऊदी अरब में दोनों देशों के बीच तीसरे शांति वार्ता बिना किसी नतीजे के खत्म हुई थी। हालांकि, दोनों पक्षों ने युद्धविराम को बनाए रखने का वादा किया था, लेकिन तनाव कम नहीं हो रहा। सऊदी अरब से दोनों प्रतिनिधिमंडल 4 दिसंबर अपने देश लौटे थे और 5 दिसंबर की रात को गोलीबारी शुरू हो गई। (अनंत ज्ञान)

# सूडान के अर्धसैनिक समूह के ड्रोन हमले में 50 लोगों की मौत

**एजेंसी काहिरा**

**दक्षिण**-मध्य सूडान में बच्चों के एक स्कूल पर एक अर्धसैनिक समूह द्वारा किए गए ड्रोन हमले में 33 बच्चों सहित 50 लोगों की मौत हो गयी। चिकित्सकों के एक समूह ने यह जानकारी दी।

समूह ने शुक्रवार देर रात एक बयान में बताया कि दक्षिण कोर्डोफन राज्य के कलोगी शहर में घटनास्थल पर मौजूद चिकित्सा स्टाफ को 'एक अन्य हमले' में निशाना बनाया गया। बयान के मुताबिक, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है लेकिन इलाके में संचार व्यवस्था ठप होने के कारण हताहतों की सूचना देना मुश्किल हो



गया। अर्धसैनिक समूह 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेस' (आरएसएफ) और सूडानी सेना के बीच जारी जंग में नया घटनाक्रम है। दोनों समूह दो साल से भी ज्यादा समय से युद्धरत हैं। अब युद्ध तेल-समृद्ध कोर्डोफन राज्य में केंद्रित है। सूडान में यूनिसेफ के प्रतिनिधि शेल्डन येट ने शुक्रवार को बयान में कहा, 'स्कूल में बच्चों की हत्या बच्चों के अधिकारों का घोर उल्लंघन है।' येट ने कहा कि 'संघर्ष की कीमत बच्चों को कभी नहीं चुकानी चाहिए।' उन्होंने कहा कि यूनिसेफ सभी पक्षों से 'इन हमलों को तुरंत रोकने और जरूरतमंद लोगों तक मानवीय सहायता की सुरक्षित व निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने' का आग्रह करता है। आरएसएफ द्वारा घेरे गए अल-फशर शहर पर कब्जा करने के बाद पिछले कुछ सप्ताह में कोर्डोफोन राज्यों में सैकड़ों नागरिक मारे गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# भारत-रूस के संबंधों पर किसी देश का वीटो नहीं

## रूस के राष्ट्रपति पुतिन की यात्रा से नाराज यूएस को विदेश मंत्री जयशंकर की दो टूक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन वीरवार और शुक्रवार को भारत की दो दिवसीय यात्रा पर रहे। इस दौरान देशों के बीच कई मुद्दों पर सहमति बनी। माना जा रहा है कि पुतिन की भारत यात्रा से ट्रंप की नाराजगी भारत को लेकर बढ़ी है।

हालांकि, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि जियोपॉलिटिक्स में तमाम उतार-चढ़ाव के बीच रूस के साथ भारत के रिश्ते सबसे बड़े और सबसे मजबूत रहे हैं। एक समाचार चैनल से बात करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि किसी भी देश के लिए दूसरे देश के साथ भारत के रिश्तों पर वीटो लगाना गलत है। उनके बयान से साफ है कि उन्होंने अमेरिका को सीधा संदेश दिया है। जब विदेश मंत्री जयशंकर से पूछा गया कि पुतिन के इस हाई लेवल दौरे से अमेरिका के साथ भारत के रिश्ते मुश्किल में होंगे, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि वह पुतिन के बारे में निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए पश्चिमी प्रेस के पास नहीं जाएंगे। जयशंकर ने कहा कि पिछले 70-80 वर्षों में दुनिया ने तमाम उतार चढ़ाव देखे हैं, लेकिन भारत और रूस दुनिया के सबसे मजबूत बड़े रिश्तों में से एक रहे हैं। उन्होंने कहा कि चीन या यूरोप के साथ रूस के रिश्तों में उतार चढ़ाव और दूसरे देशों के साथ हमारे रिश्तों में भी ऐसा ही हुआ है। लेकिन आप इसे लोगों की भावनाओं में देख सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### 'भारत को अपने फायदे के लिए खड़ा रहना होगा'

**जयशंकर** ने जोर देते हुए कहा कि भारत को अपने फायदे के लिए खड़ा होना चाहिए। आगे कहा कि किसी भी देश की कूटनीति किसी और को खुश करने के लिए नहीं है। पुतिन ने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत में कोई कमी नहीं है और यूएस के साथ भारत की ट्रेड डील जल्द ही पूरी भी होगी।

# चांदी एक हफ्ते में 13,851 रुपए महंगी और सोना 2001 रुपए चढ़ा

**एजेंसी, मुंबई।** सोने-चांदी के दाम में लगातार दूसरे हफ्ते तेजी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 28 नवंबर को सोना 1,26,591 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 5 दिसंबर तक 2001 रुपए बढ़कर 1,28,592 रुपए पर पहुंच गया है। 17 अक्टूबर को सोना 1,30,874 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था, यह उसकी सबसे महंगी कीमत है। इस हफ्ते चांदी में भी बड़ी बढ़त रही।

पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन (28 नवंबर) 1 किलोग्राम चांदी की कीमत 1,64,359 रुपए थी, जो इस हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी 5 दिसंबर तक 13,851 रुपए बढ़कर 1,78,210 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई। इससे पहले शुक्रवार, 5 दिसंबर को चांदी 1,78,210 पर पहुंच गई थी, जो इसकी सबसे ऊंची कीमत है। इस साल अब तक सोने की कीमत 52,430 रुपए (69%) बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,28,592 रुपए हो गया है। (अनंत ज्ञान)

# सुप्रीम कोर्ट आम आदमी के लिए है : सीजेआई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**देश** के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट आम आदमी के लिए है। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों को निपटाने के लिए एकीकृत राष्ट्रीय न्यायिक नीति उनकी पहली प्राथमिकता है।



सीजेआई ने यह भी कहा कि उनकी कोशिश है कि मुकदमेबाजी की लागत को कम किया जाए और मामले का फैसला होने के लिए एक समयसीमा तय की जाए। खासकर लीडरशिप समिट के दौरान बोलते हुए सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि 'मेरी पहली प्राथमिकता एक तय समयसीमा और एक एकीकृत राष्ट्रीय न्यायिक नीति (यूनिफाइड नेशनल ज्यूडिशियल पॉलिसी) बनाना है ताकि लंबित मामलों पर जल्द फैसला हो सके। मैं ये नहीं कह रहा कि सभी बकाया मामले खत्म कर दिए जाएंगे। ऐसा कभी नहीं होगा। ऐसा नहीं होना चाहिए क्योंकि लिटिगेशन (मुकदमेबाजी) एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। लोगों को न्यायिक व्यवस्था पर भरोसा और विश्वास है।' सीजेआई ने कहा कि 'नए मामले दायर होंगे, लेकिन पुराने मामलों का निपटारा होना भी जरूरी है। मध्यस्थता का भी इस्तेमाल किया जाएगा और यह गेम चेंजर साबित हो सकता है।' मुख्य न्यायाधीश ने कहा, सुप्रीम कोर्ट में आने वाले दिनों में कुछ सुधार देखने को मिलेंगे और मुकदमेबाजी को प्राथमिकता मिलती रहेगी।

सीजेआई ने कहा, 'मैं एक सख्त और स्पष्ट संदेश देना चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट आम आदमी के लिए है और सामान्य मुकदमेबाजी के लिए भी सुप्रीम कोर्ट में पर्याप्त जगह है।' हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि वह अकेले इस काम को नहीं कर सकते और उन्हें इसमें अन्य जजों का भी सहयोग चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### डेजर्ट वाइपर्स की अबूधाबी नाइट राइडर्स पर रोमांचक जीत

एजेंसी, शारजाह। डेजर्ट वाइपर्स ने यहां शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में अबूधाबी नाइट राइडर्स पर दो विकेट से रोमांचक जीत हासिल की। नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 171 रन बनाए। उसकी तरफ से एलेक्स हेल्स ने 37 गेंदों पर तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से 53 रन की पारी खेली। इनके अलावा आंद्रे रसेल ने 23 गेंद पर नाबाद 36 रन का योगदान दिया। वाइपर्स ने 19.3 ओवर में आठ विकेट पर 175 रन बनाकर जीत हासिल की। उसकी तरफ से शिमरोन हेटमायर ने 25 गेंदों में 48 रन की शानदार पारी खेली जबकि खुजैमा तनवीर ने डेथ ओवरों में सिर्फ 12 गेंदों में 31 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। (अनंत ज्ञान)

### आंद्रे रसेल को 500 टी20 विकेट पूरे करने पर किया सम्मानित

एजेंसी, अबू धाबी। वेस्टइंडीज के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने अपने टी20 करियर का एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। रसेल ने डीपी वर्ल्ड आईएलटी 20 के मुकाबले में अबू धाबी नाइट राइडर्स और डेजर्ट वाइपर्स के बीच खेले गए मैच में अपना 500वां विकेट झटकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम की। इस खास पल को यादगार बनाने के लिए अबू धाबी नाइट राइडर्स की टीम ने रसेल को '500' नंबर की कस्टमाइज्ड जर्सी भेंट की, जिससे उनके शानदार योगदान और उपलब्धि का सम्मान किया जा सके। कच्ची रफ्तार, विस्फोटक खेल और मैच बदलने की क्षमता के लिए मशहूर रसेल अपनी पीढ़ी के सबसे प्रभावशाली टी20 खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। वे दुनियाभर में नाइट राइडर्स फ्रैंचाइजी–कोलकाता नाइट राइडर्स, अबू धाबी नाइट राइडर्स, त्रिनबागो नाइट राइडर्स और लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स–के लिए लगातार शानदार प्रदर्शन करते रहे हैं। नाइट राइडर्स परिवार ने रसेल की इस उपलब्धि पर गर्व जताया और इसे उनके करियर का एक यादगार अध्याय बताया, जो वैश्विक टी20 लीगों में उनकी निरंतर उत्कृष्टता का प्रतीक है। (अनंत ज्ञान)

### रोनाल्डो-टोटी-स्टोइचकोव करेंगे 2026 विश्व कप का अपडेटेड शेड्यूल जारी

एजेंसी, नई दिल्ली। फीफा विश्व कप-2026 का अपडेटेड शेड्यूल फीफा जारी करेगी, जिसके अनावरण में ब्राजील के महान स्ट्राइकर रोनाल्डो विशेष अतिथि होंगे। उनके साथ इटली और रोमा के दिग्गज फ्रांसेस्को टोटी तथा 1994 बैलन डी'ओर विजेता हिस्टो स्टोइचकोव भी मौजूद रहेंगे। यह संशोधित शेड्यूल वॉशिंगटन डीसी में हाल ही में हुए समूह चरण ड्रॉ के बाद जारी किया जा रहा है। अभी छह टीमें क्वालीफाई नहीं कर पाई हैं और फिलहाल उन्हें प्लेसहोल्डर के रूप में शामिल किया गया है। कार्यक्रम में फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और पूर्व अमेरिकी डिफेंडर व नेशनल सॉकर हॉल ऑफ फेमर एलेक्सी लालास भी हिस्सा लेंगे। अंतिम मैच शेड्यूल मार्च में जारी होगा, जब फीफा और यूरोपियन प्ले-ऑफ टूर्नामेंट पूरे हो जाएंगे और शेष छह स्लॉट भर दिए जाएंगे। फीफा विश्व कप 2026 का आयोजन 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के 16 शहरों में होना है, जिसमें पहली बार 48 टीमें हिस्सा लेंगी। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में पाउला क्रीमर

अमेरिका। पाउला क्रीमर एक अमेरिकी पेशेवर गोल्फर हैं। एक पेशेवर के रूप में, उन्होंने 12 टूर्नामेंट जीते हैं, जिनमें 10 एलपीजी टूर इवेंट शामिल हैं। क्रीमर महिला विश्व गोल्फ रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रही हैं। वह 2010 की यूएस महिला ओपन चैंपियन थीं।



## क्रिकेट — जायसवाल ने जड़ा वनडे करियर का पहला शतक

# भारत ने द. अफ्रीका से 2-1 से जीती सीरीज

एजेंसी, विशाखापट्टनम

भारत ने द. अफ्रीका से 2-1 से सीरीज जीत ली है। विशाखापट्टनम के एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए तीसरे वनडे मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हरा दिया। टीम इंडिया ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। साउथ अफ्रीका की पूरी टीम 47.5 ओवर में 270 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने 48, डेवाल्ड ब्रेविस ने 29 और मैथ्यू ब्रीट्जकी ने 24 रन बनाकर टीम को 270 तक पहुंचाया। भारत से कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा ने 4-4 विकेट लिए। 271 रन के टारगेट का पीछा करते हुए टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ने भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई।

दोनों ने 155 रन की पार्टनरशिप की। रोहित 75 रन बनाकर आउट हुए, यह सीरीज में उनकी पहली फिफ्टी रही। यशस्वी ने फिर 111 गेंद पर अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाया। जायसवाल ने नाबाद 116 रन बनाए, वहीं उनके सामने विराट कोहली ने महज 40 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। विराट कोहली ने नाबाद 61 रन बनाए। दोनों ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए महज 40वें ओवर में ही टीम इंडिया जीत दिला दी।

साउथ अफ्रीका की ओर से केशव महाराज ने इकलौता विकेट लिया। साउथ अफ्रीका ने दूसरे मुकाबले में 359 रन चेज किए थे। दोनों टीमों के बीच 5 टी-20 की सीरीज 9 दिसंबर से शुरू होगी। साउथ अफ्रीका ने टेस्ट सीरीज 2-0 से जीती है।



**रोहित के 20 हजार इंटरनेशनल रन**

रोहित शर्मा के इंटरनेशनल क्रिकेट में 20 हजार रन पूरे हो गए हैं। वह ऐसा करने वाले भारत के चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ यह कारनामा कर चुके हैं।

## गिल को पहले टी20 मैच में खेलने के लिए हरी झंडी

एजेंसी, कटक



भारत की टी20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की खेल विज्ञान टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने की मंजूरी दे दी है।

गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। तब उनकी गर्दन में अकड़न आ गई थी, लेकिन अब उन्होंने सफलतापूर्वक रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है। गिल को फिटनेस के आधार पर टीम में चुना गया था और उन्हें खेल में वापसी (आरटीपी) के लिए रिहैबिलिटेशन से जुड़े सारे प्रोटोकॉल से गुजरना पड़ा। सीओई की ओर से टीम प्रबंधन को खेल विज्ञान एवं चिकित्सा (एसएसएम) टीम को भेजे गए पत्र में कहा गया है, ''शुभमन गिल ने सीओई में अपना रिहैबिलिटेशन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। उन्होंने खेल के सभी प्रारूपों के लिए फिट घोषित होने के लिए आवश्यक मानदंडों को पूरा कर लिया है।''

**सीओई से मिला फिटनेस सर्टिफिकेट**

इस टीम में फिजियो कमलेश कंडीशनिंग कोच एड्रियन ली रॉ और खेल चिकित्सक डॉ. चार्ल्स शामिल हैं। गिल कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन चोटिल हो गए थे और उन्हें दो दिन के लिए अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था तथा इंजेक्शन भी लगाना पड़ा था। वह मौजूदा एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे, लेकिन टी20 सीरीज के लिए उनकी उपलब्धता को लेकर सभी संदेह दूर हो गए हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में खेलने वाले अधिकतर खिलाड़ी रविवार से यहां अभ्यास शुरू करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## लियोनेल मेस्सी छठी बार विश्व कप में अर्जेंटीना की शुरुआत अल्जीरिया से

एजेंसी, वाशिंगटन



मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना 2026 फुटबॉल विश्व कप में अपने खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत अल्जीरिया के खिलाफ करेगा। सभी की निगाहें लियोनेल मेस्सी पर होंगी, जो रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप खेलने उतर सकते हैं। टूर्नामेंट अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में 11 जून से शुरू होगा और पहली बार 48 टीमें 104 मैचों में भिड़ेंगी।

कुराकाओ अपनी लगभग डेढ़ लाख की जनसंख्या के साथ विश्व कप में जगह बनाने वाला सबसे छोटा देश बना है और उसका पहला मुकाबला जर्मनी से होगा। ड्रॉ समारोह वॉशिंगटन में आयोजित हुआ, जिसमें खेल और मनोरंजन जगत की बड़ी हस्तियां शामिल रहीं। अर्जेंटीना 16 जून को कैनसस सिटी या सांता क्लारा में अपना पहला मैच खेलेगा। ग्रुप जे में उसकी भिड़ंत ऑस्ट्रिया और जॉर्डन से भी होगी। मेस्सी ने खेलने पर अंतिम निर्णय नहीं दिया है, लेकिन उनके न खेलने की संभावना बेहद कम मानी जा रही है।

मेजबान अमेरिका ग्रुप डी में पैराग्वे के खिलाफ उद्घाटन मैच खेलेगा। मैक्सिको 11 जून को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। कुल 48 टीमों में से 42 तय हो चुकी हैं, बाकी छह स्थान प्लेऑफ से मिलेंगे।

स्पेन, ब्राजील, जर्मनी, फ्रांस और पुर्तगाल के ग्रुप भी घोषित हुए। यदि अर्जेंटीना और पुर्तगाल अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहे तो मेस्सी और रोनाल्डो क्वार्टर फाइनल में आमने-सामने आ सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## पिच के अंदर समा गई गेंद अंपायरों ने मैच किया रद्द

एजेंसी, नई दिल्ली। महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में 5 दिसंबर को एक अजीबो-गरीब घटना हुई, जिसके कारण मैच को बीच में ही रद्द करना पड़ा। दरअसल डब्ल्यूबीबीएल का 37वां मुकाबला एडिलेड स्ट्राइकर्स और होबार्ट हरिकेंस के बीच खेला जा रहा था। तभी इनिंग्स ब्रेक के बीच कुछ ऐसा हुआ, जिसके चलते अंपायरों ने मैच रद्द कर दिया। साउथ ऑस्ट्रेलिया के करेन रॉटन ओवल में खेले जा रहे इस मैच में होबार्ट हरिकेंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। एडिलेड स्ट्राइकर्स ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 167 का स्कोर खड़ा किया, लेकिन मैच इससे आगे नहीं खेला गया। दरअसल इनिंग्स ब्रेक के दौरान पिच पर रोलर चलाया जा रहा था। तभी वार्म उप कर रही स्ट्राइकर्स की टीम की गेंद रोलर के नीचे आ गई। रोलर गेंद के ऊपर से निकल गया और वह पिच के अंदर धस गई, जिस वजह से विकेट पर एक बड़ा गड्ढा हो गया। अंपायरों ने पिच का निरीक्षण किया और अंत में मैच को रद्द कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## क्या सच में शादी नहीं करेंगे पलाश-स्मृति?

### स्मृति मंधाना के नए पोस्ट में नहीं दिखी सगाई की अंगूठी

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना इन दिनों क्रिकेट से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। म्यूजिक कंपोजर पलाश मुच्छल से उनकी शादी 23 नवंबर को होनी थी, लेकिन शादी वाले दिन अचानक आए स्वास्थ्य संकट ने सारी तैयारियों पर ब्रेक लगा दिया।

स्मृति के पिता श्रीनिवास मंधाना की तबीयत अचानक बिगड़ गई और उन्हें तात्कालिक रूप से सांगली के एक अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। कुछ ही घंटों बाद पलाश मुच्छल भी बीमार पड़ गए और उन्हें भी अस्पताल में भर्ती किया गया। दोनों अब स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं, लेकिन शादी की नई तारीख अभी तक तय नहीं की गई है। इसी बीच स्मृति ने शादी टलने के बाद पहली बार इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जो एक टूथपेस्ट ब्रांड का पेड पार्टनरशिप वीडियो था। वीडियो चर्चा में रहा, लेकिन वजह विज्ञापन नहीं, बल्कि स्मृति की उंगली पर एंगेजमेंट रिंग का न दिखना था। यह स्पष्ट नहीं है कि वीडियो शादी से पहले शूट हुआ था या बाद में, फिर भी सोशल मीडिया पर यह तेजी से वायरल हुआ और फैंस के बीच शादी को लेकर नई अटकलें शुरू हो गईं।

इससे भी ज्यादा दिलचस्प यह है कि स्मृति ने अपने सोशल मीडिया से शादी से जुड़े सभी पोस्ट हटा दिए, जिससे चर्चाएं और गर्म हो गईं। हालांकि, दोनों परिवारों ने जोर देकर कहा है कि शादी सिर्फ स्वास्थ्य कारणों से पोस्टपोन हुई है। पलाश की मां अमिता मुच्छल ने बताया कि परिवार ने स्मृति के लिए खास स्वागत की तैयारी की थी और सभी इस घटनाक्रम से बेहद दुखी हैं। उनका दावा है, 'सब ठीक हो जाएगा, शादी बहुत जल्द होगी।'

इस बीच सोशल मीडिया पर पलाश पर बेवफाई के आरोप भी उछलने लगे, लेकिन इन दावों का कोई सबूत नहीं है और न ही परिवारों ने इन आरोपों पर कोई टिप्पणी की है। फिलहाल फैंस इंतजार में हैं, क्या शादी की नई तारीख जल्द घोषित होगी या सवाल और गहराएंगे? (अनंत ज्ञान)

## अमेरिकी धरती पर विश्व कप का कम से कम एक मैच खेलेगा ईरान

एजेंसी, जिनेवा। ईरान अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में कम से कम एक मैच अमेरिका में खेलेगा। हालांकि, शुक्रवार को टूर्नामेंट के ड्रॉ के बाद यह सुनिश्चित हो गया कि इन दोनों भूराजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के बीच ग्रुप चरण में कोई मुकाबला नहीं होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने ईरान के नागरिकों पर वीजा प्रतिबंध लगाए हैं। ईरान की टीम 15 जून को कैलिफोर्निया के सिएटल या इंगलवुड में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगी।

ईरान के अगले दो मैच कनाडा के वैंकूवर या इंगलवुड और सिएटल में खेले जा सकते हैं। फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा शनिवार को खेलों के विस्तृत कार्यक्रम की पुष्टि करेगा। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने वाले इस टूर्नामेंट में ईरान की भागीदारी पहले ही कूटनीतिक चुनौतियों पेश कर चुकी है। पिछले सप्ताह ईरान ने कहा था कि वह विश्व कप के ड्रॉ का बहिष्कार करेगा क्योंकि ईरानी फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज और महासचिव हिदायत मोमेनी समेत कई अधिकारियों को अमेरिका ने वीजा देने से इनकार कर दिया गया था। बाद में महासंघ ने अपना रुख बदलते हुए कहा कि ईरान के कोच आमिर गलेनोई वाशिंगटन में होने वाले इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। ईरान उन 12 देशों में शामिल है जिन पर इस साल पांच जून को ट्रंप प्रशासन ने वीजा प्रतिबंध लगाए थे। (अनंत ज्ञान)

## जर्मनी के खिलाफ गलतियों की कोई गुंजाइश नहीं होगी, सुधार जरूरी : कोच पीआर श्रीजेश

एजेंसी, चेन्नई


खिताब से दो जीत दूर भारतीय टीम को जर्मनी के खिलाफ जूनियर हॉकी विश्व कप सेमीफाइनल से पहले मुख्य कोच पीआर श्रीजेश से एक ही सलाह मिली है कि अभी काम पूरा नहीं हुआ है और अपने पैर जमीन पर रखने हैं। भारत ने आखिरी मिनट में गोल गंवाने के बाद शूटआउट तक खिंचे क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम को 4-3 से हराया, लेकिन दो बार के ओलंपिक पदक विजेता रहे कोच श्रीजेश का कहना है कि सात बार की चैंपियन जर्मनी के खिलाफ इस तरह की गलतियों की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी।



उन्होंने भाषा से कहा,''बेल्जियम के खिलाफ पहले 45 मिनट एक गोल से पीछे रहना और फर आखिरी एक मिनट में उन्हें बराबरी का गोल करने का मौका देना, यह मुझे अच्छा नहीं लग रहा था । आखिरी मिनट में गोल गंवाना, शूटआउट इससे बचना चाहिए।'' भारत के महान गोलकीपर रहे श्रीजेश ने कहा,'' अच्छे मूव को फाइनल टच देना जरूरी है। हम लगातार आक्रमण कर रहे थे और मौके बना रहे थे। सर्कल के भीतर गेंद का नियंत्रण नहीं खोना चाहिए। कठिन टीमों के खिलाफ गोल करने के मौके ज्यादा नहीं मिलते हैं और जो भी मौके मिले, उन्हें भुनाना होगा।''

यह पूछने पर कि लीग चरण में आसान चुनौतियों से क्या क्वार्टर फाइनल में दबाव अधिक रहा, श्रीजेश ने कहा,''लीग दौर के मैच सभी के लिए लगभग बराबर होते हैं। कुछ टीमों को एक कठिन मैच मिल जाता है लेकिन हमने अपनी टीम का स्तर ऊंचा रखने की कोशिश की और उन्हें चुनौतियां दी कि इतने गोल से जीतना है, लेकिन नॉकआउट चरण में दबाव अलग होता है।'' भारत ने राउंड रॉबिन चरण में 29 गोल किए और एक भी नहीं गंवाया था। कोच ने आगे कहा,'' क्वार्टर फाइनल से ज्यादा दबाव अब सेमीफाइनल में होगा। क्वार्टर फाइनल में आस्ट्रेलिया जैसी टीम क्वालीफाई नहीं कर सकी। हम किसी टीम को हलके में नहीं ले सकते। जर्मन टीम पूरी तैयारी के साथ उतरेगी लिहाजा हमें अपने खेल में सुधार करना होगा।'' (अनंत ज्ञान)

## प्रो-कुश्ती लीग नीलामी के लिए 300 खिलाड़ियों ने कराया पंजीकरण



एजेंसी, नई दिल्ली। प्रो-कुश्ती लीग (पीडब्ल्यूएल) अगले साल 15 जनवरी से शुरू होगी और एक फरवरी तक चलेगी। इसके सभी मैच नोएडा इंडोर स्टेडियम में होंगे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने शनिवार को यह घोषणा की। आयोजकों ने पहले घोषणा की थी कि लीग के लिए दिल्ली एकमात्र स्थल होगा। इस लीग को कोविड-19 महामारी के कारण चार सत्रों के बाद निलंबित कर दिया गया था। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह के अनुसार 20 से अधिक देशों के 300 से अधिक पहलवानों ने नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। इन खिलाड़ियों में ओलंपिक पदक विजेता, विश्व चैंपियनशिप के फाइनलिस्ट और भारत के शीर्ष पहलवान शामिल हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छह टीमों में चार महिला पहलवानों सहित नौ पहलवान शामिल होंगे। सभी टीमों में पांच भारतीय और चार विदेशी पहलवान हो सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## जूनियर हॉकी विश्व कप : 16 नंबर जर्सी में प्रिंसदीप ने दिलाई श्रीजेश की याद

एजेंसी, चेन्नई

16 नंबर की जर्सी पहने युवा गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने बेल्जियम के खिलाफ शूटआउट में अहम गोल बचाया तो हॉकी प्रेमियों को पेरिस ओलंपिक 2024 में स्पेन के खिलाफ कांस्य पदक के मुकाबले में आखिरी दो मिनट में दो गोल बचाकर भारत को लगातार दूसरा ओलंपिक पदक दिलाने वाले पीआर श्रीजेश की यादें ताजा हो गई।

श्रीजेश अब इसी जूनियर हॉकी टीम के कोच हैं, जिसने बेल्जियम को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना रविवार को सात बार की चैम्पियन जर्मनी से होगा। हॉकी इंडिया ने श्रीजेश के सम्मान में उनकी सोलह नंबर की जर्सी को पिछले साल हॉकी से उनके संन्यास के बाद रिटायर कर दिया था, लेकिन जूनियर स्तर पर प्रिंसदीप ने यह जर्सी पहनी। क्वार्टर फाइनल में 'प्लेयर आफ द मैच' रहे पंजाब के इस 21 साल के गोलकीपर ने भाषा से कहा, ''श्रीजेश सर से ही सब कुछ सीखा है जो बहुत सारी बारीकियां बताते हैं। इससे हमारी रणनीति पता चलता है। उन्होंने खचाखच भरे स्टेडियमों में खेलते हुए भारत को कई बार अहम मुकाबलों में जीत दिलाई है तो वह बताते हैं कि दबाव का सामना कैसे करना है।''

टोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद कांस्य पदक जीतने के बाद गोलपोस्ट पर चढ़कर बैठना हो या पेरिस में कांस्य जीतने के बाद मैदान पर अपने गोलकीपिंग उपकरणों के सामने नतमस्तक होना, मैदान पर श्रीजेश हमेशा ऊर्जावान रहे और खिलाड़ियों से संवाद बनाये रखते थे।

यह पूछने पर कि क्या वह भी ऐसा करते हैं, प्रिंसदीप ने कहा,''गोलकीपर मैदान पर अक्सर अकेले रहता है लेकिन वह (श्रीजेश) हमेशा साथी खिलाड़ियों से बात करते रहते थे और उनका हौसला बढ़ाते थे । मैं भी यही करने की कोशिश करता हूं । मैं जब चुप रहता हूं तो वह बोलते हैं कि बात करते रहो ताकि खेल में बने रहो।'' शूटआउट से पहले कितने नर्वस थे, यह पूछने पर उन्होंने कहा,''दिमाग में यही चल रहा था कि टीम के लिए गोल बचाना है। दबाव तो होता ही है कि इतने सारे दर्शकों के सामने खेल रहे हैं, लेकिन पूरी टीम ने अच्छा प्रदर्शन करके एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी की।'' (अनंत ज्ञान)

## क्रिकेट — जस्टिन ग्रीव्स ने 388 गेंदों में 202 और रोच ने 233 गेंदों में बनाए 58 रन, दोनों रहे नाबाद

# ग्रीव्स-रोच की जोड़ी ने बचाई वेस्टइंडीज की लाज, पहला टेस्ट ड्रॉ

एजेंसी, क्राइस्टचर्च

जस्टिन ग्रीव्स ने अपने कौशल और धैर्य का शानदार नमूना पेश करते हुए नाबाद 202 रन बनाए और केमार रोच के सातवें विकेट के लिए 180 रन की अटूट साझेदारी की, जिससे वेस्टइंडीज ने शनिवार को न्यूजीलैंड के कमजोर आक्रमण की चुनौती को ध्वस्त करते हुए पहला टेस्ट ड्रॉ करा दिया।

न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के सामने 531 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा था। वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 457 रन का स्कोर बनाया जो टेस्ट क्रिकेट के पांच तक सीमित होने के बाद चौथी पारी में सर्वोच्च स्कोर है। ओवरऑल यह चौथी पारी का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। वेस्टइंडीज एक समय टेस्ट इतिहास में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने की तरफ बढ़ रहा था, लेकिन



मैच ड्रॉ कराकर भी उसने शानदार उपलब्धि हासिल की।

अपने टेस्ट करियर में पहली बार दोहरा शतक लगाने वाले ग्रीव्स ने लगभग नौ घंटे 30 मिनट तक बल्लेबाजी की। उन्होंने शाई होप (140) के साथ 196 रन की साझेदारी की जब वेस्टइंडीज का चार विकेट पर 72 रन के स्कोर से उबारा। होप मैच के पांचवें और अंतिम दिन आउट होने वाले वेस्टइंडीज के दो बल्लेबाजों में से एक रहे। रोच ने अपने बल्लेबाजी कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 58 रन बनाए जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने 233 गेंद का सामना किया। ग्रीव्स ने 388 गेंद का सामना करके 19 चौके लगाए। वह किसी टेस्ट मैच की चौथी पारी में दोहरा शतक लगाने वाले वेस्टइंडीज के चौथे और ओवरऑल सातवें बल्लेबाज बन गए हैं। ग्रीव्स ने मैच के बाद कहा, ''मेरा आखिर तक टिके रहना वास्तव में बहुत महत्वपूर्ण था। यह मेरे लिए और टीम के लिए एक विशेष दिन है। हम काफी मुश्किल दौर से गुजर रहे थे।'' आक्रमण के अगुआ मैट हेनरी और ऑलराउंडर नाथन स्मिथ के चोटिल होने के कारण न्यूजीलैंड के पास केवल जैकब डफी और जैक फाउलकेस ही फिट तेज गेंदबाज थे जिन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने का बहुत अधिक अनुभव नहीं है।

ग्रीव्स और रोच ने आखिरी दिन मैदान पर सिर्फ दो-तीन मौके दिए। न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत में ही अपने रिव्यू खत्म कर दिए और इसकी कीमत उसे तब चुकानी पड़ी जब रोच के खिलाफ एलबीडब्ल्यू और कैच आउट की अपील को अंपायरों ने नकार दिया, जबकि रीप्ले से लग रहा था कि वह आउट थे। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 231 रन बनाए थे, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज 167 रन पर आउट हो गया था। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 466 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी।

वेस्टइंडीज ने अंतिम दिन चार विकेट पर 212 रन से आगे खेलना शुरू किया। तब होप 111 और ग्रीव्स 55 रन बनाकर खेल रहे थे। होप और विकेटकीपर टेविन इमलाच दोनों लंच के करीब आउट हो गए, लेकिन इसके बाद न्यूजीलैंड को कोई सफलता नहीं मिली। न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज दोनों ने चार-चार अंक हासिल किए। दूसरा टेस्ट बुधवार से वेलिंगटन में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)